आज का तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	28°C	15°C

इनसाइड न्यूज

भरोसा गांव में गुंडों का तांडव, भैंस चोरी की कोशिश से शुरू हुआ...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

जन एक्सप्रेस

गुरुवार 20 नवंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 40 www.janexpresslive.com/epaper

'लोकतंत्र के लिए खतरा' राहुल गांधी और... 12

नीतीश कुमार एनडीए विधायक दल के नेता चुने गए, सम्राट चौधरी ने रखा प्रस्ताव

आज लेंगे सीएम पद की शपथ

शपथ के लिए 2 मंच, 150 मेहमान, पीएम मोदी होंगे शामिल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना

विधानसभा के सेंट्रल हॉल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक हुई। इसमें भारतीय जनता पार्टी, जनता दल यूनाईटेड, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा, लोक जनशक्ति पार्टी के सभी नव निर्वाचित विधायक और नीतीश कुमार, चिराग पासवान, संतोष सुमन, उपेंद्र कुशवाहा, सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा मौजूद रहे। भारतीय जनता पार्टी विधायक दल के नेता चुने गए सम्राट चौधरी ने बुधवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री पद के लिए नीतीश कुमार के नाम का प्रस्ताव रखा। सर्वसम्मति से, फिर से नीतीश कुमार का नारा लगाते हुए एनडीए विधायक दल ने कल के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी कर ली। कल 10वीं बार मुख्यमंत्री की शपथ लेने नीतीश कुमार गांधी मैदान पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में शपथ ग्रहण समारोह होगा। नीतीश कुमार ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया है। वे अब शपथ ग्रहण तक कार्यवाहक सीएम के तौर पर रहेंगे।



एनडीए विधायक दल की मीटिंग में 202 एमएलए होंगे मौजूद

दोपहर 3.30 बजे सेंट्रल हॉल में एनडीए विधायक दल की बैठक होगी। इसमें बीजेपी, जदयू, एलजेपी (आर), हम, आरएलएम के सभी 202 विधायक मौजूद रहेंगे। साथ ही नीतीश कुमार, चिराग पासवान, संतोष सुमन, उपेंद्र कुशवाहा, सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा भी मौजूद रहेंगे। इसमें सभी दल अपने द्वारा चुने गए विधायक दल के नेता पर चर्चा करेंगे। एनडीए नीतीश कुमार को विधानमंडल दल का नेता चुनेगा। उसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश राज्यपाल को इस्तीफा सौंपेंगे और सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। ये पूरी प्रक्रिया शाम तक होने की संभावना है।

20 को शपथ ग्रहण, पीएम सहित एनडीए राज्यों के सीएम होंगे शामिल

20 नवंबर को नीतीश कुमार फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह गांधी मैदान में होगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ ही उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। इसके साथ ही दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव, राजस्थान से भजन लाल शर्मा, महाराष्ट्र से देवेंद्र फडणवीस सहित भाजपा शासित राज्यों के सीएम और डिप्टी सीएम शामिल होंगे। साथ ही पद्मभूषण, पद्मश्री से सम्मानित व्यक्ति, वैज्ञानिक, साहित्यकार सहित अन्य लोग शामिल होंगे।

अशोक चौधरी, विजय चौधरी को समेत ये विधायक बन सकते हैं मंत्री

जदयू से बिजेंद्र प्रसाद यादव, विजय कुमार चौधरी, श्रवण कुमार, मदन सहनी, रत्नेश सदा, सुनील कुमार, लेसी सिंह, शीला मंडल, मोहम्मद जामा खान, जयंत राज, उमेश सिंह कुशवाहा और अशोक चौधरी को मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है। 17 नवंबर को वर्तमान सरकार की अंतिम कैबिनेट बैठक हुई थी। इस बैठक में तीन महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए थे। इसमें 19 नवंबर से बिहार विधानसभा को विघटित करने की सिफारिश की गई। बैठक के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कैबिनेट के फैसले से संबंधित अनुशंसा औपचारिक रूप से राज्यपाल को सौंप दी थी।

विधानसभा चुनाव में किस पार्टी को कितनी सीटें मिलीं?

गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव के नतीजे 14 नवंबर को घोषित हुए थे, जिसमें एनडीए ने बेहतर प्रदर्श करते हुए कुल 202 सीटों पर जीत हासिल की. एनडीए के घटक दल बीजेपी को 89 सीटों पर शानदार जीत हासिल हुई और राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी. वहीं दूसरे नंबर पर नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू रही, जिसे 85 सीटों पर जीत मिली. इसके साथ ही चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति (रामविलास) का स्ट्राइक रेट भी बेहतर रहा. पार्टी ने 29 सीटों पर चुनाव लड़ा और 19 पर जीत हासिल की. ये एनडीए में तीसरे नंबर की सबसे बड़ी पार्टी बनी जबकि पूरे बिहार में चौथे नंबर पर रही. इसके अलावा केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा को 5 और उपेंद्र कुशवाहा की आरएलएम के खाते में 4 सीटें गईं. दूसरी तरफ महागठबंधन को महज 35 सीटों पर ही जीत मिली.

बीजेपी की बैठक में सम्राट-विजय पर मुहर

भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से सम्राट चौधरी को नेता चुन लिया गया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी मौजूद रहे। इस बैठक में सभी नवनिर्वाचित विधायक उपस्थित रहे। बैठक के बाद केशव प्रसाद मौर्य ने इसकी घोषणा की। उन्होंने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि बैठक में सर्वसम्मति से सम्राट चौधरी को नेता चुना गया। इसके अलावा, उप नेता के तौर पर विजय कुमार सिन्हा के नाम का भी प्रस्ताव आया जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। इससे साफ है कि भाजपा की ओर से फिर से इन दोनों नेताओं को दोहराया गया है। गुरुवार को गांधी मैदान में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा।

बीजेपी-जदयू से ये नेता बन सकते हैं मंत्री

सीटों के हिसाब से देखें तो 6 विधायक पर एक मंत्री के हिसाब से बीजेपी से 15 से 16 मंत्री बनाए जाएंगे तो जदयू कोटे से 14 से 15 मंत्री होंगे। जदयू से विजेंद्र यादव, विजय कुमार चौधरी, श्रवण कुमार का नाम लगभग तय माना जा रहा है। कुछ नए चेहरे भी जदयू कोटे से मंत्री बन सकते हैं। अब बात बीजेपी की करें तो ये लगभग तय है कि ज्यादातर पुराने चेहरों को मंत्रिमंडल में रिपीट किया जा सकता है। इसका उदाहर ऐसे समझ लीजिए कि विधायक दल के फैसले से सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तो तय हो चुके हैं यानी रिपीट होने जा रहे हैं। इसके अलावा नितिन नवीन, नीरज बबलू समेत कुछ और मंत्री भी बन सकते हैं। हालांकि ये भी चर्चा है कि कुछ नए चेहरों को बीजेपी भी अपनी तरफ से जगह देगी। लेकिन इतना तय मान लीजिए कि नीतीश कुमार के पूरे मंत्रिमंडल को आकार लेने में समय लगेगा। अभी सिर्फ कुछ चुनिंदा मंत्री ही शपथ लेंगे।

चिराग ने डिप्टी सीएम की डिमांड रखी

नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद वे बीजेपी नेताओं के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में मंत्रियों की लिस्ट फाइनल होगी। इधर, सूत्रों के अनुसार चिराग पासवान ने एनडीए में 2 मंत्री पद और डिप्टी सीएम पद की डिमांड रखी है। चिराग अपने बहनोई अरुण भारती का नाम बढ़ा सकते हैं। इस बार विधानसभा चुनाव में एलजेपी (आर) ने 19 सीटें जीती हैं।

कैसी होगी नीतीश के नए मंत्रिमंडल की सूरत

अब सवाल ये है कि बिहार की नई सरकार की मंत्रिमंडल की सूरत कैसे होगी। ये तय है कि 6 विधायक पर एक मंत्री के हिसाब से फिलहाल लोजपा रामविलास को 3 मंत्री पद मिलेंगे। वहीं जीतन राम मांझी की हम और उपेंद्र कुशवाहा की आरएलएम को एक-एक मंत्री पद मिलेगा। वहीं सवाल ये भी है कि जदयू और बीजेपी से कितने मंत्री शपथ लेंगे। इसकी तस्वीर भी करीब-करीब साफ हो गई है। गुरुवार का दिन केंद्र की भूमिका को और मज़बूत बताता है. नीतीश का अनुभव और पीएमओ की राजनीतिक रणनीति शुरुआती महीनों में स्थिरता का संकेत देता है. एनडीए के भीतर शुरुआत में तालमेल रहेगा, लेकिन पहले 60-90 दिनों में मंत्रालयों को लेकर हल्की खींचतान उत्पन्न हो सकती है।

यूपी: 35 हजार युवा पढ़ेंगे आत्मनिर्भता का पाठ

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राजधानी के वृंदावन स्थित 300 एकड़ में फैले डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में 23 नवंबर से शुरू हो रहे 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी की तैयारियां अपने शुमार पर है। यहां देश- विदेश से करीब 35 हजार युवाओं को नेतृत्व, आत्मनिर्भता व अनुशासन का पाठ पढ़ाया जाएगा। प्रदेश में करीब 61 साल बाद ऐसा मौका आ रहा हैं, जहां पारंपरिक गतिविधियों के साथ ही युवाओं को विज्ञान व तकनीक रूबरू होने का मौका मिलेगा। भारत स्काउट और गाउट उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में 23 से 29 नवंबर तक 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी का आयोजन होना जा रहा है। 24 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जंबूरी का उद्घाटन करेंगे जबकि, 28 नवंबर को कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल होंगी। मुख्यायुक्त ने बताया कि प्रतिभागियों की रहने और खाने की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर ही है। इसके लिए अस्थायी टेंट नगर की स्थापना हो रही है। प्रतिभागियों के लिए सुरक्षा, स्वास्थ्य व पर्यावरण प्रबंधन की व्यवस्था की जा रही है।

जंबूरी का यह है महत्व

स्काउट गाइड की ओर से आयोजित होने वाली राष्ट्रीय जंबूरी का महत्व कई स्तर पर खास है। कार्यक्रम में एक साथ हजारों की संख्या में युवाओं को नेतृत्व, अनुशासन और आत्मनिर्भता का अभ्यास कराया जाता है। युवाओं में वैश्विक भाईचारे की भावना जागृत की जाएगी। राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विविधता के साथ ही युवाओं में समाजसेवा और दायित्व बोध का विकास कराया जाएगा।

जंबूरी में इनकी होगी प्रतिभागिता

19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में देश ही नहीं विदेश के कई शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी शामिल होंगे। स्काउट गाइड की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत के विभिन्न राज्यों से करीब 30 हजार युवा प्रतिभाग करेंगे। 2000 विदेशी प्रतिभागी जबकि, 3000 स्काउट गाइड से जुड़े अधिकारी, स्टाफ एवं स्वयंसेवक शामिल होंगे। अतिथि के रूप में कई राजनेता, मंत्री, सांसद विधायक व जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

यह होंगे मुख्य आयोजन

सात दिवसीय 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में करीब छह तरह की गतिविधियां होंगी। इनमें साहसिक गतिविधियों में हाई रोप्स, जिपलाइन, एडवेंचर पार्क व ट्रेकिंग, सांस्कृतिक में लोक नृत्य नाटक, गीत, शैक्षिक में गांठें बांधना फर्स्ट एड जीवन रक्षा कौशल, विज्ञान व तकनीक में रोबोटिक्स, विज्ञान प्रदर्शनी, सेवा में पर्यावरण संरक्षण सामाजिक सेवा प्रोजेक्ट जबकि, खेलकूद में टीम गेम्स व अन्य खेल प्रतियोगिताएं शामिल है।

61 साल बाद यूपी करेगा जंबूरी मेजबानी

भारत स्काउट और गाइड यूपी की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, 61 वर्षो बाद 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी की मेजबानी उत्तर प्रदेश करने जा रहा है। इससे पहले 1960 में प्रदेश की संगम नगरी इलाहाबाद में यह आयोजन हुआ है। स्काउट गाइड के अनुसार, स्काउटिंग की शुरूआत 1907 में सबसे पहले इंग्लैंड में हुई थी। जबकि, भारत में पहली बार राष्ट्रीय जंबूरी का आयोजन 1953 में हैदराबाद में हुआ था।

अंसल मामले की एनसीएलएटी में सुनवाई, आधा घंटे चली बहस

एलडीए ने कहा, टाउनशिप पर पहला अधिकार उसका

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) में बुधवार को अंसल मामले की सुनवाई फिर हुई। करीब आधा घंटे तक बहस हुई। जिसमें एलडीए की ओर से यह दावा किया गया कि अंसल सुशांत गोल्फ सिटी टाउनशिप पर पहला अधिकार उसका है। ऐसे में कालोनी उसे विकसित करने के लिए सौंपी जाए। बहस के दौरान अंसल कंपनी का कोई अधिवक्ता इस बार फिर नहीं था ऐसे में निर्णय नहीं आया। अब अगली सुनवाई 15 दिसंबर को होगी। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की ओर से फरवरी में अंसल को दिवालिया घोषित किए जाने के विरोध में राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण में केस चल रहा है। जहां पर जुलाई से कोर्ट से स्थगन आदेश मिलने के बाद केस को लेकर फाइनल सुनवाई नहीं हो पा रही थी। सुनवाई को लेकर तारीखें तो 10 बार लगी मगर केस की सुनवाई का नंबर ही नहीं आ पा रहा था लेकिन बीती 13 नवंबर को पहली बार बहस हुई थी। उस दिन भी अंसल की ओर से अधिवक्ता पेश नहीं हुए था। जिसके कारण 19 नवंबर की तारीख केस की सुनवाई को लेकर लगाई गई थी। अब बुधवार को फिर लंच के बाद करीब साढ़े तीन बजे सुनवाई शुरू हुई और करीब आधा घंटा तक एलडीए के अधिवक्ता ने बहस कर पक्ष रखा। कोर्ट के फैसले का इंतजार करीब पांच हजार आवंटियों और निवेशकों को है।

एलडीए के टेकओवर करने से सुरक्षित रहेगा आवंटियों का हित

आवंटी व निवेशक गगन टंडन ने बताया कि अब सुनवाई शुरू हो गई है। एलडीए की ओर प्रभावी पैरवी की जा रही है। टाउनशिप का असली मालिक तो एलडीए है। उसने ही अंसल को टाउनशिप विकसित करने का लाइसेंस दिया है। एलडीए टेकओवर कर लेगा तो आवंटियों का हित सुरक्षित रहेगा।ऐसे में अब यह उम्मीद है कि केस का फैसला आ जाएगा और आवंटियों के हित में आएगा।

पीएम मोदी ने जारी की किसान निधि की 21वीं किस्त

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत जैविक खेती का वैश्विक केंद्र बनने की राह पर है और उन्होंने जोर देकर कहा कि यह देश की मूल और पारंपरिक संस्कृति है। बिहार में एनडीए की शानदार जीत के बाद मोदी ने अपने आगमन पर गमछा लहराते दर्शकों देखकर कहा कि ऐसा लग रहा था जैसे बिहार की हवाएं उनसे पहले तमिलनाडु पहुंच गई हों। किसानों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जब मैं यहां मंच पर आया, तो मैंने देखा कि कई किसान हवा में अपना गमछा लहरा रहे थे। मुझे ऐसा लगा जैसे बिहार की हवा मुझसे पहले ही यहां पहुंच गई हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, प्राकृतिक खेती मेरे दिल के बहुत करीब का विषय है। मैं तमिलनाडु के सभी किसानों को इस अद्भुत दक्षिण भारत प्राकृतिक खेती शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। मैं प्रदर्शनी देख रहा था। मुझे कई किसानों से बात करने का अवसर मिला। किसी ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग की है, पीएचडी की है और फिर खेती कर रहे

हैं, कोई नासा छोड़कर खेती कर रहा है, वे कई युवाओं को तैयार कर रहे हैं और प्रशिक्षित कर रहे हैं। पीएम ने आगे कहा कि मैं सार्वजनिक रूप से स्वीकार करता हूं कि अगर मैं इस कार्यक्रम में नहीं आया होता, तो मैं अपने जीवन में बहुत कुछ खो देता। आज यहां आकर, मैंने बहुत कुछ सीखा है। मैं तमिलनाडु के किसानों के साहस को सलाम करता हूं, परिवर्तन को स्वीकार करने की उनकी शक्ति को सलाम करता हूं। मोदी ने कहा, आने वाले वर्षों में मैं भारत की कृषि में कई बड़े बदलाव होते देख सकता हूं। भारत प्राकृतिक खेती का वैश्विक केंद्र बनने की राह पर है। हमारी जैव विविधता एक नया आकार ले रही है, देश के युवा कृषि को एक आधुनिक, व्यापक अवसर के रूप में देख रहे हैं। इससे देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बड़ा बढ़ावा मिलेगा।

दिल्ली में अगले सात दिनों तक ट्रैफिक अलर्ट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर लाल किले पर 19 से 25 नवंबर तक समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान लाल किले पर बड़ी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है। कई अति विशिष्ट व्यक्तियों के भी इस कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। इस दौरान यातायात की मात्रा और लोगों की संख्या दोनों ही अधिक रहने की उम्मीद है। दिल्ली में अगले सात दिनों तक ट्रैफिक जाम की समस्या रहेगी। 19 नवंबर से 25 नवंबर तक शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक डायवर्जन लागू रहेगा। गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस के कार्यक्रम के कारण यह व्यवस्था की गई है। अगर आप भी अगले 7 दिनों तक दिल्ली में कहीं पर भी गाड़ी से जाने का प्लान बना रहे हैं तो ये ट्रैफिक एडवाइजरी आपके लिए बेहद अहम है। दिल्ली यातायात पुलिस ने नेताजी सुभाष मार्ग पर भारी भीड़ और वाहनों की आवाजाही को देखते हुए दिल्ली यातायात पुलिस ने सुचारू यातायात, पैदल यात्रियों की सुरक्षा और जन सुविधा सुनिश्चित करने के लिए विशेष यातायात व्यवस्था की है।

किस समय लागू रहेगी एडवाइजरी

दिल्ली की ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक ट्रैफिक एडवाइजरी 19 नवंबर से लेकर 25 नवंबर के लिए जारी की गई है। इन दिनों रोजाना शाम के 4 बजे से लेकर रात के 11 बजे तक डायवर्जन लागू रहेगा। इस दौरान छत्ता रेल चौक और दिल्ली गेट की तरफ से नेताजी सुभाष मार्ग आने वाली बसों और कमर्शियल गाड़ियों को छत्ता रेल चौक/जीपीओ चौक/दिल्ली गेट चौक से रिंग रोड की तरफ मोड़ जाएगा।

क्यों किया जा रहा है डाइवर्जन

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस के चलते लाल किले पर 19 नवंबर से लेकर 25 नवंबर तक बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। भीड़-भाड़ से बचने के लिए डायवर्जन किया जा रहा है।

औचक निरीक्षण: आईएसबीटी पर गंदगी देख धामी ने जताई नाराजगी, खुद झाड़ू उठाकर की सफाई

जन एक्सप्रेस। देहरादून

सचिवालय से निकलने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सीधे आईएसबीटी पहुंचे थे। उन्हें अचानक देखकर अधिकारियों में हड़कंप की स्थिति बन गई।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को आईएसबीटी में गंदगी देखकर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने आईएसबीटी का यह हाल देखकर अधिकारियों को आईना दिखाने के लिए खुद ही झाड़ू उठाई और सफाई करने लगे। मुख्यमंत्री आईएसबीटी के औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। उन्होंने यह हाल देखकर अधिकारियों से दो टूक कहा

कि अगली बार आऊंगा तो व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलनी चाहिए। इसके बाद मुख्यमंत्री बस में बैठे और आईएसबीटी की व्यवस्थाओं के संबंध में सुझाव मांगे। सचिवालय से निकलने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सीधे आईएसबीटी पहुंचे थे। उन्हें अचानक देखकर अधिकारियों में हड़कंप की स्थिति बन गई। मुख्यमंत्री ने इसके बाद वहां एक-एक कर सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेना शुरू किया। यात्री सुविधा, संचालन व्यवस्था और प्रबंधन की बारीकियों को समझने के बाद जब उन्होंने परिसर का दौरा किया तो वहां गंदगी पसरी देख मुख्यमंत्री नाराज हो गए।

कड़े शब्दों में जताई नाराजगी

यात्रियों को प्रदूषण, कचरा और धूल मुक्त वातावरण मिले इसके लिए प्रबंधन का प्रयास रहना चाहिए। उन्होंने उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी को विशेष रूप से निर्देशित किया कि स्वच्छता और प्रबंधन व्यवस्था सुधारने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। इसके बाद इसे क्रियान्वित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने कड़े शब्दों में अधिकारियों से कहा कि अगली बार जब आऊंगा तो साफ सफाई दुरुस्त मिलनी चाहिए। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जल्द शुरू होगा प्रदेशव्यापी स्वच्छता अभियान

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड एक प्रमुख पर्यटन व तीर्थ राज्य है। यहां प्रतिवर्ष करोड़ों की संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में बस अड्डे, रेलवे स्टेशन और अन्य परिवहन केंद्रों पर उच्च स्तरीय स्वच्छता व्यवस्था प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए जल्द ही अब प्रदेशव्यापी स्वच्छता अभियान शुरू किया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसकी भी एक कार्ययोजना जल्द तैयार की जाए।

खुद झाड़ू लेकर सफाई की

सीएम ने सफाई कर्मचारी को वहां बुलाया और खुद उससे झाड़ू लेकर सफाई करने लगे। इसके बाद उन्होंने एमडीडीए के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सफाई सिर्फ कागजों पर नहीं बल्कि जमीन पर दिखाई देनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने एमडीडीए और परिवहन विभाग के अधिकारियों को परिसर में नियमित साफ सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निर्देशित किया कि हर स्थान पर स्वच्छता संबंधी सूचना पट्ट लगाए जाएं।

यात्रियों से पूछा, कैसी हैं उत्तराखंड की बसें

मुख्यमंत्री आईएसबीटी प्लेटफार्म पर खड़ी एक बस में बैठ गए। उन्होंने बस में बैठे यात्रियों से पूछा कि उन्हें उत्तराखंड की बसें कैसी लगती हैं और इनमें यात्रा का कैसा अनुभव रहता है। यात्रियों ने सकरात्मक उत्तर दिया तो इसके बाद मुख्यमंत्री ने उनसे सुधार के सुझाव भी मांगे। उन्होंने यात्रियों से समस्याओं के बारे में भी पूछा।

किसान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनी किसानों की समस्याएं

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टरेट सभागार में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें किसानों ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं तथा डीएम ने समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया।

बैठक में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियां ने मार्ग सुधार, चकबंदी, अन्ना पशु, विद्युत संकट, सिंचाई व्यवस्था, उर्वरक उपलब्धता, बंदरों की बढ़ती संख्या, तालाबों के संरक्षण तथा बारिश से फसल नुकसान जैसे मुद्दों पर डीएम का ध्यान आकर्षित किया। साथ ही नहरों की समय पर सफाई और रबी की बुवाई के लिए पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग की। जिस पर जिलाधिकारी ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण 15 दिनों के भीतर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद में संचालित गौशालाओं में 55,904 पशु संरक्षित हैं तथा शेष बचे हुए गौवंशों को भी जल्द गौशालाओं में संरक्षित किया जाएगा। उर्वरक के संबंध में डीएम ने स्पष्ट किया कि सभी समितियों को समय से डीएपी और यूरिया भेजी जा रही है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी। विद्युत आपूर्ति संबंधी शिकायतों को हल करने के लिए डीएम ने अधिशासी अभियंता राजापुर और कर्वी को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। कहा कि सभी विभागीय अधिकारी समय से कार्यालय पहुंचे और शिकायतकर्ताओं के फोन अवश्य उठाएं। डीएम ने किसानों को फार्मर यूनिक आईडी बनवाने की अपील करते हुए कहा कि यह सभी सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है। किसान इसे स्वयं या जन सेवा केंद्र के माध्यम से बनवा सकते हैं।

इस दौरान डीएम ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) प्रक्रिया के तहत किसानों को गणना प्रपत्र समय से भरकर बीएलओ को जमा करने की अपील की। बताया कि जो मतदाता गणना प्रपत्र भरकर जमा नहीं करेंगे, उनके नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं होंगे। डीएम ने सूर्यधर योजना के तहत सौर ऊर्जा को अपनाने के लिए भी किसानों को प्रेरित किया। बताया कि इस योजना में सरकार सब्सिडी भी दे रही है तथा लोन की सुविधा उपलब्ध है। सोलर पावर की स्थापना की प्रक्रिया 10-15 दिनों के भीतर पूरी हो जाती है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त कोयंबटूर (तमिलनाडु) से प्रधानमंत्री द्वारा जारी किए जाने का लाइव प्रसारण भी देखा गया। जिसमें जनपद के 1,12,375 किसानों को इस किस्त का लाभ प्राप्त हुआ।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, उप कृषि निदेशक राज कुमार, जिला कृषि अधिकारी आर.पी. शुक्ला, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ एस.के. पाण्डेय, एसओसी मनोहर लाल वर्धन, भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही, सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, किसान छेदीलाल सिंह, कमलेश सिंह, रामेश्वर सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी व किसान मौजूद रहे।

सशक्त नारी से ही संभव है सशक्त समाज का निर्माण: शंकर दयाल

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

रघुवीर प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज पहाड़ी में जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति द्वारा बाल अधिकार सप्ताह (14-20 नवंबर 2025) उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम उत्तर प्रदेश कोएलिशन टू एम्पावर गर्ल्स के 'सशक्त नारी, सशक्त समाज' अभियान के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य बालिकाओं में अधिकार, सुरक्षा, शिक्षा और आत्मनिर्भरता को लेकर जागरूकता बढ़ाना था।

सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों में बाल अधिकार जागरूकता, संवाद सत्र, प्रेरक वार्ता तथा किशोरियों के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं करियर मार्गदर्शन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चाएँ हुईं। इन गतिविधियों का मुख्य लक्ष्य बालिकाओं को सरकारी योजनाओं, सुरक्षा उपायों और उनके अधिकारों की बेहतर समझ प्रदान करना था। कार्यकर्ता आदित्य मिश्रा ने कहा कि बच्चों को उनके अधिकारों की जानकारी देना ही सशक्तिकरण की पहली सीढ़ी है। संस्था का उद्देश्य है कि हर बालिका सुरक्षित और प्रोत्साहनपूर्ण वातावरण में शिक्षा प्राप्त करे तथा आत्मनिर्भर बनकर समाज में अपनी भूमिका निभा सके।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित प्रमुख बाल अधिकारों- शिक्षा, जीवन एवं विकास, शोषण से सुरक्षा, स्वास्थ्य-पोषण तथा सहभागिता के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी गई। साथ ही स्कॉलरशिप, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, नवोदय विद्यालय प्रवेश जैसी योजनाओं और 1090, 1098, 181 आदि हेल्पलाइन सेवाओं की भी विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही छात्राओं को भविष्य की दिशा तय करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या वंदना गुप्ता ने कहा कि बाल अधिकारों की जानकारी और सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने से छात्राएँ और अधिक आत्मविश्वासी बनेंगी। विद्यालय का लक्ष्य है कि हर बालिका सुरक्षित माहौल में अध्ययन करे और अपनी पहचान स्थापित करे। संस्था प्रमुख शंकर दयाल ने कहा कि 'सशक्त नारी, सशक्त समाज' अभियान के माध्यम से उत्तर प्रदेश कोएलिशन टू एम्पावर गर्ल्स स्थानीय संगठनों के सहयोग से 20,500 से अधिक किशोरियों तक शिक्षा, स्वास्थ्य और संरक्षण से जुड़ी जानकारियाँ पहुँचाने का लक्ष्य लेकर काम कर रहा है। यह अभियान मार्च 2026 तक, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर तक जारी रहेगा। इस मौके पर संस्थान के कार्यकर्ता पुष्पेंद्र सिंह, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएँ व 500 छात्राएँ आदि मौजूद रहे।

वर्दी का भौकाल बना की फर्जी शादी की और करता रहा यौनशोषण

पीड़ित महिला अधिकारियों की चौखट में पटक रही माथा नहीं हो रही सुनवाई

जन एक्सप्रेस । बांदा

आपको बताते चलें कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम से गुहार लगाई की उसकी शादी दो वर्ष पहले पुलिस विभाग में तैनात दीवान कलीमुद्दीन से हुई थी।जो इस समय भरतकूप थाना में तैनात हैं।पीड़ित महिला ने बताया कि कलीमुद्दीन ने मुझसे झूठ बोल कर शादी की थी मुझे बताया था कि मेरी शादी नहीं हुई है।शादी के बाद हम करीब डेढ वर्ष तक साथ रहे? और कलीमुद्दीन मेरा लगातार यौनशोषण करता रहा।इधर करीब छः माह पूर्व से उसने मेरे पास आना जाना व बात करना बंद कर दिया।और अगर बातचीत करो भी तो धमकी देता व मारपीट करता।जब कलीमुद्दीन ने बात करना बंद कर दिया तो मैने भरण-पोषण का मुकदमा दर्ज कराया जिसकी नोटिस कलीमुद्दीन के पास पहुंची। नोटिस पहुंचने के बाद कलीमुद्दीन लगातार लोगों से फोन करवा कर गंदी-गंदी बातें कराता है और जान से मारने की धमकी भी दिलाता है।जिन नम्बरों से फोन आता है वो सभी नम्बर उक्त प्रार्थना पत्र मे हैं। नम्बरों से धमकी दी जाती है कि मैं एसटीएफ का एसपी बोल रहा हूं तुम्हारे खिलाफ हाईकोर्ट से मुकदमा लिखा दूंगा जेल भेज दूंगा तमाम गंदी गंदी बातें करता है जिसकी रिकार्डिंग पीड़ित महिला ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि कलीमुद्दीन फर्जी थाना प्रभारी फर्जी चौकी प्रभारी बनाकर लोगों से नये नये नम्बरों से फोन कराता है और धमकी दिलाता है कहलाता है कि मुकदमा वापस ले लो वर्ना मैं पुलिस वाला हूं तुम्हारी जिंदगी खराब कर दूंगा। पीड़ित महिला ने डीआईजी से बताया कि सर अगर मुझे कुछ होता है तो इसकी जिम्मेदारी भरतकूप थाना में तैनात दीवान कलीमुद्दीन की होगी। डीआईजी ने पीड़िता को आश्वासन देते हुए कहा परेशान मत हो तुम्हारे साथ न्याय होगा।सोचने वाली बात ये है कि अगर किसी आम नागरिक ने ऐसा अपराध किया होता तो अभी तक पुलिस उसे मुकदमा लिख जेल भेज चुकी होती लेकिन अपने पुलिस कर्मी के कृत्यो पर क्यूं पर्दा डाल रही है।क्या उसे बचाने की कोशिश की जा रही है।

धार्मिक पर्वों और परीक्षाओं के मद्देनजर लागू की गई धारा 163

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि आगामी अमावस्या मेलों, विभिन्न धार्मिक पर्वों तथा पालिटेक्निक की सेमेस्टर परीक्षाओं सहित अगले दो माह में आयोजित होने वाली अन्य परीक्षाओं के दृष्टिगत सुरक्षा-व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए जिले में 19 नवंबर 2025 से आगामी 19 जनवरी 2026 तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 को लागू किया गया है।

एडीएम ने बताया कि 20 नवम्बर को अग्रहायण मास की अमावस्या, 24 नवम्बर को गुरु तेग बहादुर शहीद दिवस, 19 दिसम्बर को पौष अमावस्या, 24 दिसम्बर को चैधरी चरण सिंह जयंती, 25 दिसम्बर को क्रिसमस, 6 जनवरी को गुरु गोविंद सिंह जयंती, 14 जनवरी को मकर संक्रांति और 18-19 जनवरी को सोमवती अमावस्या के कारण जिले में लाखों श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। इसी प्रकार 17 नवंबर से छह दिसंबर तक पालिटेक्निक की सेमेस्टर परीक्षा प्राविधिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की जा रही हैं। ऐसे में भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों द्वारा शांति-व्यवस्था बाधित करने की आशंका को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। बताया कि परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्र से 100 मीटर की परिधि में अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहेगा तथा एक किमी तक फोटोकॉपी मशीन व स्कैनर संचालित नहीं होंगे। 100 मीटर क्षेत्र में दुकानें भी बंद रहेंगी। परीक्षा केंद्रों के आसपास ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग भी प्रतिबंधित रहेगा। बताया कि धारा बी.एन.एस. की धारा 163 लागू होने के तहत कोई भी व्यक्ति अपने साथ शस्त्र, लाठी, चाकू, पटाखे, बम, बारूद, ईंट-पत्थर नहीं चलेगा। साथ ही पांच से अधिक व्यक्तियों का समूह, जुलूस या सभा बिना अनुमति नहीं निकाली जा सकेगी। हालांकि विवाह, धार्मिक कार्यक्रम और शव-यात्रा इससे मुक्त रहेंगे।

डीएम ने जाना गौशालाओं का हाल

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

गौशाला सम्बन्धी बैठक बुधवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने जनपद में संचालित गौशालाओं व उनमें संरक्षित पशुओं की जानकारी ली। साथ ही गौशालाओं में पशुओं के रहने के लिए उचित व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल आठ वृहद गौशाला है, जिसमें खरसेड़ा में एक गौशाला निर्माणाधीन है। बताया कि एक वृहद गौशाला बनाने के लिए एक करोड़ 60 लाख 12 हजार की लागत आती है। मऊ में गाहुर तथा रामनगर में भूमि चिन्हित कर ग्राम सभा का प्रस्ताव भी हो चुका है। इन चिन्हित गौशालाओं में लगभग 1000 पशु संरक्षित किए जाएंगे। बताया कि जनपद में कुल 55,904 पशु गौशालाओं में संरक्षित है। इस पर जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि गौशालाओं में पशुओं के लिए चारा, पानी व चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध रहनी चाहिए। इसके साथ ही गौशालाओं में स्वच्छता की व्यवस्था अच्छी रहनी चाहिए। निर्देशित किया कि ठंड के दृष्टिगत पशुओं को ठंड से बचाने के लिए गौशालाओं में त्रिपाल, टिन शेड आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराए। कहा कि जिन गौशालाओं के पास जमीन है, वहां पर नेपियर घास लगवाएं। साथ ही किसानों को चिन्हित कर चारे के लिए अनुबंध भी करें, जिससे पशुओं को हरे चारे की कमी न होने पाए। कहा कि गौशालाओं से जो गोबर प्राप्त होता हैं, उससे जैविक खाद बनाएं, जिससे उसे बेच कर राजस्व प्राप्त किया जा सके।

जिलाधिकारी ने 87 शिकायतों में ज्यादातर का किया मौके पर निपटारा

जन एक्सप्रेस/हमीरपुर। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर शिकायतों को सुनकर अधिकारियों को शिकायतों का बेहतर और वख्त पर से निपटारा करने की सख्त हिदायत दी। जनसुनवाई के दौरान करीब 87 शिकायतें आई, जिनमें से ज्यादातर का जिलाधिकारी ने फौरन मौके पर निपटारा कर दिया। बाकी शिकायतों के निपटारे के लिये जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम , खंड विकास अधिकारी सहित सभी अधिकारियों के साथ वर्चुअल, जूम एप के जरिये बैठक कर उनके फौरन निपटारे के लिये निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ सहित अधिकारी अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का फौरन निस्तारण करें। इसमें किसी भी तरह किसी लापरवाही न बरती जाये। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस सहित सभी मामलों का अधिकारी मौके पर जाकर बेहतर तरीके से निस्तारण कर वख्त पर रिपोर्ट पेश करें।

नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले गुनाहगार को 15 साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ बीस हजार का जुर्माना

जन एक्सप्रेस/हमीरपुर। सिसोलर के किसवाही गाँव में तीन अक्टूबर 2017 को गांव के ही एक युवक ने पांच साल के नाबालिग छात्र को बहला-फुसलाकर नदी के पास ले जाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। जिसके बाद सिसोलर पुलिस ने पीड़ित छात्र के पिता की तहरीर पर गाँव के ही सुनील कुमार पुत्र रामकिशन के खिलाफ मु0अ0सं0-171/2017 धारा-377 भा0द0सं0 सहित 6 पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज किया था। जबकि आपरेशन कनविकशन के तहत पॉक्सो अदालत की स्कालर जज कीर्ती माला सिंह ने अभियुक्त सुनील कुमार को गुनाहगार मानते हुये 15 साल की सख्त सजा के साथ ही किया बीस हजार का जुर्माना।

सड़क दुर्घटनाओं पर गम्भीर हुए उप परिवहन आयुक्त

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

झांसी परिक्षेत्र के उप परिवहन आयुक्त के डी सिंह गौर ने बुधवार को जनपद में दुर्घटना बाहुल्य अधिकांश क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परिवहन विभाग को जिले की प्रत्येक सड़क पर हर मोड़ में रोड़ साइन लगाने, स्पीड ब्रेकर बनाने और गति सीमा निर्धारित करने के संकेतांक लगाने के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। उप परिवहन आयुक्त ने बताया कि मानिकपुर की घाटी, शिवरामपुर चैकी से बेड़ी पुलिया तक सड़क कई जगह मुड़ती है, जिससे सामने की दृश्यता कम होने के कारण इस सड़क में दुर्घटनाएं सर्वाधिक हैं। उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पॉट सुधार के तात्कालिक और दीर्घ कालिक दो चरण होते हैं। जिसमें अभी तात्कालिक सुधार के दृष्टिगत इस सड़क पर हर मोड़ में रोड साइन लगाने, स्पीड ब्रेकर बनाने और गति सीमा निर्धारित करने की आवश्यकता है।इसके लिए उप परिवहन आयुक्त ने एआरटीओ प्रशासन को निर्देशित किया कि अगली जनपदीय सड़क सुरक्षा बैठक में इन कार्यों को प्रस्तावित करें। साथ ही प्रवर्तन अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र के आस पास ओवर स्पीडिंग को लेकर विशेष चेकिंग कार्यवाही भी की जाए।

फील्ड पर्यवेक्षण के पश्चात के डी सिंह गौर ने उत्तर प्रदेश टूरिस्ट गेस्ट हाउस राही में सी एंड डीएस के प्रोजेक्ट मैनेजर तथा परिवहन के अधिकारियों के साथ जिले में नए परिवहन कार्यालय भवन निर्माण संबंधी प्रगति की समीक्षा भी की। इस मौके पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राम प्रकाश सिंह, पीटीओ दीप्ती त्रिपाठी, अरुण पांडेय आदि मौजूद रहे।

अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को दिया नये व पुराने कानून संम्बधी प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस । बांदा

दिनांक 18नवम्बर को पुलिस लाइन में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (क्ष्हस्स्) के महत्वपूर्ण प्रावधानों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें नई संहिता के अद्यतन प्रावधानों, प्रक्रियाओं तथा आधुनिक पुलिसिंग की आवश्यकताओं पर विशेष रूप से जानकारी दी गई।अपर पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में आपराधिक न्याय प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सरल और प्रभावी बनाने हेतु अनेक महत्वपूर्ण बदलाव शामिल किए गए हैं।इसलिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक पुलिसकर्मी इन प्रावधानों को भली-भाँति समझे और इन्हें व्यावहारिक रूप से लागू करने में दक्ष हो।प्रशिक्षण के दौरान गिरफ्तारी एवं जमानत संबंधी संशोधित प्रावधानों, मामलों की समयबद्ध व वैज्ञानिक जांच, महिला व बच्चों से जुड़े प्रकरणों में संवेदनशीलता आधारित कार्यवाही, डिजिटल सबूतों के संरक्षण एवं उपयोग, तथा पुलिस की जवाबदेही एवं व्यवहार संहिता जैसे बिंदुओं के बारे में जानकारी दी गई।रिक्रूट आरक्षियों को बताया गया कि नई संहिता के तहत तकनीक का उपयोग बढ़ेगा, इसलिए डिजिटल रिकॉर्डिंग, ऑनलाइन रिपोर्टिंग और तकनीकी उपकरणों के सही उपयोग का कौशल आवश्यक है।अपर पुलिस अधीक्षक ने यह भी कहा कि कानून का ज्ञान केवल परीक्षा के लिए नहीं, बल्कि फील्ड में व्यवहारिक उपयोग के लिए अधिक महत्वपूर्ण है।

'ऑपरेशन कन्विक्शन' 09 अलग-अलग मामलों में 13 आरोपियों को कारावास व जुर्माना

जन एक्सप्रेस । बांदा

पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत कड़ी सजा दिलाये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में त्वरित एवं निष्पक्ष विवेचना, प्रभावी अभियोजन एवं पैरवी के फलस्वरुप 09 अलग-अलग मामलों में 13 अभियुक्तों को कारावास व जुर्माने से कराया गया दण्डित जिनका विवरण निम्न है-

अभियोग-

1. थाना बदौसा में पंजीकृत अभियोग 75/17 धारा 323/504 भादवि के अभियुक्तगण 1. मुन्ना पुत्र शिवकुमार 2. चुन्नी पत्नी मुन्ना निवासीगण शाहपुर जानी थाना बदौसा को कुल 2000 रूपए के जुर्माने से दण्डित कराया गया।
2. थाना फतेहगंज में पंजीकृत अभियोग-39/09 धारा 30 ए एक्ट के अभियुक्त जानकीशरण पुत्र वंशधारी निवासी भीटा थाना बरौथा जनपद सतना (म0प्र0) को 05 दिन के कारावास व 1500 रूपए के जुर्माने से दण्डित कराया गया।
3. थाना तिन्दवारी में पंजीकृत अभियोग-157/18 धारा 279/337/338 भादवि के अभियुक्त राजू पुत्र फूल निवासी सरकी थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर को 2500 रुपये के जुर्माने से दण्डित कराया गया।
4. थाना तिन्दवारी में पंजीकृत अभियोग-232/23 धारा 60 आबकारी अधिनियम के अभियुक्त राजू पुत्र राम निवासी पिपरगवां थाना तिन्दवारी को 5000 रुपये के जुर्माने से दण्डित कराया गया।
5. थाना तिन्दवारी में पंजीकृत अभियोग-103/23 धारा 279/337/338 के अभियुक्त धल्ली पुत्र फुल्ला निवासी तपनी बहुआ थाना ललौली जनपद फतेहपुर को 2500 रुपये के जुर्माने से दण्डित कराया गया
6. थाना बबेरु में पंजीकृत अभियोग-208/08 धारा 379 भादवि के अभियुक्त कमलेश पुत्र रामनरायन निवासी भदेहदू थाना बबेरु को 1000 रुपये के जुर्माने से दण्डित कराया गया।
7. थाना मरका में पंजीकृत अभियोग(एनसीआर)-45/09 धारा 504/506(1) भादवि के अभियुक्त शिवनन्दन पुत्र सजीवन निवासी मऊ थाना मरका को 1000 रुपये के जुर्माने से दण्डित कराया गया।
8. थाना अतर्रा में पंजीकृत अभियोग-335/15 धारा 279/337/338 भादवि के अभियुक्त जयप्रकाश पुत्र विश्राम निवासी शिवरी थाना ललौली जनपद फतेहपुर को 2500 रुपये के जुर्माने से दण्डित कराया गया।
9. थाना अतर्रा में पंजीकृत अभियोग-34/19 धारा 323/504/506 भादवि के अभियुक्तगण 1. ललितकिशोर 2. रामसूरत पुत्रगण महाप्रसाद 3. महाप्रसाद पुत्र रामखेलावन 4. विनय पुत्र महाप्रसाद निवासीगण महुटा थाना अतर्रा को कुल 8000 रुपये के जुर्माने से दण्डित कराया गया।

कॉग्रेसियों ने मनाई प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। जिला कॉग्रेस कार्यालय में बुधवार को भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री, भारत रत्न, अदम्य साहस और मजबूत नेतृत्व की प्रतीक स्व इंदिरा गांधी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस दौरान कौंग्रेसियों ने इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें याद किया। साथ ही उनके जीवन से प्रेरणा लेने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। जिलाध्यक्ष अधिवक्ता कुशल सिंह पटेल ने कहा कि भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी अतुलनीय साहस, राष्ट्रभक्ति और दृढ़ संकल्प की प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने भारत को परमाणु शक्ति संपन्न बनाकर विश्व पटल पर देश की पहचान मजबूत की। साथ ही दलितों, आदिवासियों, गरीबों और वंचितों को अधिकारों से सशक्त कर भारत की नींव को मजबूती दी। जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1934 में मुंबई विश्वविद्यालय से मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी और शांति निकेतन में आगे की शिक्षा के लिए दाखिला लिया था।

सेंट जॉर्ज क्रिकेट अकादमी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मिला पुरस्कार

जन एक्सप्रेस । बांदा

दिनांक 19नवम्बर दिन बुधवार को सेंट जॉर्ज क्रिकेट अकादमी में अक्टूबर माह में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी ध्रुव कुमार,सिद्धांत,विनायक त्रिपाठी,अथर्व शर्मा,अमन पटेल, आदित्य तिवारी,आरव,ओम राजपूत,हर्षित राजपूत,गिरीश पटेल आदि को पुरस्कृत किया गया।

सेंट जॉर्ज क्रिकेट अकादमी का लक्ष्य खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा व बेहतरीन अभ्यास सत्र के साथ अच्छा मंच प्रदान करना है।जिसके तहत सभी खिलाड़ियों की क्षमता के हिसाब से अभ्यास कराया जाता है, इसका परिणाम निकट भविष्य में सभी के सामने होगा।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार(समाजसेवी) सुनील सक्सेना, शिव कुमार उर्फ बड़कू भईया, सेंट जॉर्ज क्रिकेट अकादमी के प्रधानाचार्य अल्बर्ट रसकिन,राघवेंद्र तिवारी के साथ अकादमी के मुख्य कोच ललित प्रताप,मनीष माधव,शुभम कुमार मौजूद रहे।सुनील सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि क्रिकेट अकादमी का संचालन मुख्य को ललित प्रताप के द्वारा किया जा रहा है जिसमें अंडर14 के बच्चों एवं14से उपर के खिलाड़ियों की क्षमता को बढ़ाने का सारा श्रेय उनको जाता है।जनपद में क्रिकेट प्रशिक्षित कोचों माध्यम से उचित मार्गदर्शन से प्रशिक्षण दिया जा रहा है इसमें छोटे-छोटे बच्चे टेक्निकल बातों को ध्यान रखकर अपने आने वाले भविष्य में खेल का बेहतर प्रदर्शन करेंगे मैं सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

सपा विधायक ने खेल मैदान के अस्तित्व व उसे निलामी से बचाने के लिए लगाई कमीश्नर से गुहार

जन एक्सप्रेस । बांदा

बबेरू से सपा के विधायक विशंभर सिंह यादव ने मंडलायुक्त को पत्र सौंप शहर के चर्चित मैदान को बचाने की गुहार लगाई है।पत्र मे उन्होने बताया है कि करीब 1902 ई0 से पूर्व जमीदार द्वारा ये जमीन पुलिस विभाग को परेड एवं चांदमारी अस्तबल आदि के लिए इस शर्त पर दी गई थी कि पुलिस लाइन का निर्माण होने के बाद भूमि पर कब्जा छोड़ देंगे। लेकिन 1990/91 के समय प्रशासनिक ताना-बाना तैयार कर विकास प्राधिकरण द्वारा नगर पालिका परिषद से राइफल क्लब की कुछ भूमि फ्री होल्ड करा लिया,जो गैर कानूनी है।

जनपदवासियों, खेल प्रेमियों, खिलाड़ियों,कोच, प्रशिक्षक, बुद्धजीवी, पत्रकार, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी आदि ने विरोध कर रोष व्यक्त किया।जिसके परिणामस्वरूप हाईकोर्ट द्वारा स्थगन आदेश एवं मुख्यमंत्री द्वारा राइफल क्लब खेल मैदान की यथास्थिति बहाल कर दी।दूसरी ओर प्राधिकरण खेल के मैदान का क्रय विक्रय करने की प्रक्रिया को जारी रखे हुए। विधायक ने बताया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए जनपदवासियों, खेलप्रेमियों, खेलों इंडिया के विकास को बल देने के कार्य करते हुऐ विकास प्राधिकरण द्वारा राइफल क्लब खेल मैदान

को किसी भी प्रकार की विक्रय निर्माण कार्य कराऐ जाने के प्रस्ताव को रोक लगाऐ जाने का गंभीरतापूर्वक विचार करते हुऐ खिलाड़ियों को राइफल क्लब खेल मैदान पर स्थित भवन की चाभी सौंपते हुए भारत रत्न मेजर ध्यानचंद(हाकी के जादूगर) की याद में मिनी स्टेडियम के निर्माण एवं खेल विकास कराऐ जाने का अनुरोध किया। और यह भी लिखा की उक्त प्रकरण के संबंध में आश्वासन दिऐ जाने के बाद भी कोई ठोस बयान या लिखित कार्यवाही ना किऐ जाने से जनपद के खिलाड़ियों, समाजसेवियों, बच्चों में रोष व्याप्त है। विधायक ने मंडलायुक्त से ये भी लिखित बताया कि आप पुनः आग्रह पुर्नविचार करने पर विचार किया जाना बच्चों व उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए जनहित को देखते हुऐ।चूंकि ये राजनीतिक प्रकरण नहीं है।राइफल क्लब ग्राउंड की नीलामी को रोका जाने के आदेश जारी करने का कष्ट करें।

पुट्टपर्थी में सत्य साईं के शताब्दी समारोह में...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंध्र प्रदेश के दौरे पर हैं, जहां पुट्टपर्थी में सीएम चंद्रबाबू नायडू और डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने उनका स्वागत किया है। वहीं पीएम मोदी का एयरपोर्ट पर स्वागत करते हुए सीएम चंद्रबाबू नायडू ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- माननीय प्रधानमंत्री... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

भरोसा गांव में गुंडों का तांडव, भैंस चोरी की कोशिश से शुरू हुआ बवाल, ईंट-पत्थरों की बरसात में लहूलुहान हुआ परिवार

- थानेदार सुरेश सिंह की दबंग कार्रवाई, दो दिन में ही अपराधियों में भगदड़, कई फरार
- सीसीटीवी में कैद पूरी वारदात, गांव में दहशत, लोग बोले, अब पकड़े जाएंगे दबंग

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

पारा थाना क्षेत्र के भरोसा गांव में रविवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब गांव का ही कुख्यात युवक अंकुश उर्फ राजन कथित तौर पर भैंस चोरी करने की नीयत से एक घर में घुस गया। पकड़े जाने पर दीवार फाँदकर भागा, गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़ित शोभित पाल के अनुसार, वह और उसका भाई आर्यन पाल जानवरों को चारा डाल रहे थे तभी आरोपी चोरी की कोशिश करते रंगे हाथों दबोच लिया गया। लेकिन यह तो सिर्फ शुरुआत थी–घटना के 10 मिनट बाद ही गांव ने वह देखा, जो वर्षों से दबंगई करने वाले गिरोह की असलियत खोलकर रख देता है।

गिरोह की वापसी, घुसकर हमला, ईंट-पत्थरों से तोड़ा घर

शोभित के मुताबिक, राजन अपने भाइयों अंश उर्फ टुनटुन, अभिजीत उर्फ साजन, साथी विकास पाल उर्फ आशीष और एक अज्ञात युवक को लेकर दोबारा लौटा। आरोप है कि सभी ने मिलकर घर में घुसकर हिंसक हमला किया। परिवार पर ईंट-पत्थरों की ऐसी बरसात हुई कि कई जगह दीवारें टूट गईं और शोभित-आर्यन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना देखकर बच्चे चीख पड़े और महिलाएं घरों में दुबक गईं। गांव में कई मिनट तक दहशत भरा सन्नाटा पसरा रहा। पूरा हमला सीसीटीवी कैमरे में साफ कैद है–जिसका वीडियो अब पुलिस के पास पहुंच चुका है।

थानेदार सुरेश सिंह की एंट्री, बदमाशों में हड़कंप

पीड़ित द्वारा तहरीर देने के बाद थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने दो दिन के भीतर पूरे मामले की जांच तेज़ी से शुरू की। सूत्रों के अनुसार पुलिस की सक्रियता और सख्ती देखकर राजन गिरोह के कई सदस्य गांव से फरार हो गए। ग्रामीणों ने कहा, पहली बार किसी ने इन दबंगों की गर्दन पकड़ने की हिम्मत दिखाई है। थानेदार साहब की सख्त कार्रवाई से गांव में राहत है।

छवि बिगाड़ने और झूठे मुकदमे की धमकी भी

शोभित ने बताया कि आरोपी गिरोह लगातार धमका रहा है, तुम्हारा नाम खराब कर देंगेज पढ़ाई-भविष्य बरबाद कर देंगे। परिवार का कहना है कि आरोपी कभी भी कुछ भी कर सकते हैं। घर की महिलाएं और बच्चे गहरी घबराहट में हैं। परिवार ने पुलिस से सुरक्षा और तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

गांव में चर्चा: क्या इस बार जेल जाएगा राजन गिरोह?

पूरी वारदात सामने आने के बाद गांव में केवल एक ही सवाल गूंज रहा है– अब बचेंगे कैसे? लोगों का कहना है कि वर्षों से गांव में दहशत फैलाने वाले इस गिरोह पर अब पुलिस की गहरी नज़र है। सीसीटीवी फुटेज और तहरीर के आधार पर कार्रवाई तेज़ हो गई है।

सीबीजी इंटर कॉलेज में आज से दिव्य भागवत कथा

- 28 को विराट कवि सम्मेलन, देशभर के दिग्गज कवि होंगे शामिल
- भव्य कलश यात्रा से होगा शुभारंभ, पूरे परिसर को सजाया गया

जन एक्सप्रेस | लखनऊ/हरदोई

कुर्सी रोड स्थित सीबीजी इंटर कॉलेज ऑफ साइंस, बेनीगंज में आज से अध्यात्म और साहित्य का महापर्व शुरू हो रहा है। 21 से 28 नवंबर तक चलने वाली 26वीं श्रीमद्भागवत कथा और अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन को लेकर कॉलेज परिसर को भव्य सजावट से संवार दिया गया है। सुबह 9 बजे कलश एवं शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। कथा का वाचन परम पूज्य श्री मदन मोहन दास जी महाराज (श्रीधाम वृंदावन धीर समीर, निर्मोही अखाड़ा) करेंगे। हर रोज दोपहर 2 से 4 बजे संतों के प्रवचन और सायं 7 से रात 10 बजे तक कथा सत्र आयोजित होगा।

> यह आयोजन सामाजिक और आध्यात्मिक उत्थान का अद्भुत अवसर है। सभी श्रद्धालुओं से आग्रह है कि बड़ी संख्या में पहुंचकर कथा और कवि सम्मेलन का लाभ लें।
> –उत्कर्ष तिवारी, आयोजक

कार्यक्रम का शेड्यूल

- **21 नवंबर:** सुबह 9 बजे शोभा यात्रा
- **प्रतिदिन:** 2-4 बजे प्रवचन, 7-10 बजे कथा
- **28 नवंबर:** पूर्णाहुति, विशाल भंडारा
- **28 नवंबर रात 7 बजे:** विराट कवि सम्मेलन

28 नवंबर: पूर्णाहुति और विशाल भंडारा

कार्यक्रम का समापन 28 नवंबर को पूर्णाहुति के साथ होगा। इसी दिन रात 7 बजे से अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन होगा, जिसमें देशभर के नामचीन कवि अपनी ओज, वीर, हास्य और श्रृंगार प्रधान रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।

घर से बुलाकर पीटा, सड़क पर फेंका क्या यूपी में सच बोलना अब गुनाह?

- लखनऊ में वरिष्ठ पत्रकार पर जानलेवा हमला–कानून-व्यवस्था की रीढ़ टूटी, सत्ता की खामोशी सबसे बड़ा सवाल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मानकनगर। राजधानी के मानकनगर इलाके में मंगलवार रात राज्य-मान्यता प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार सुशील अवस्थी राजन पर हुए जानलेवा हमले ने कानून-व्यवस्था की पोल खोल दी है। घटना ने जहां पत्रकार सुरक्षा को कटघरे में खड़ा कर दिया है, वहीं शासन-प्रशासन की चुप्पी ने इसे और भी भयावह बना दिया है। थाना मानकनगर में एफआईआर संख्या 0063/2025 धारा 115(2) और 351(3) बीएनएस में दर्ज की गई है। तहरीर के मुताबिक, 18 नवंबर की रात करीब 10 बजे कुछ लोग पत्रकार को घर से बुलाकर अपने साथ ले गए और थोड़ी देर बाद उन्हें शारदा मंगल भवन के पास गंभीर हालत में फेंक दिया। पीड़ित के बेटे ऋषभ अवस्थी ने बताया कि उनके पिता सड़क किनारे लड़खड़ाते मिले। चेहरे का बायां हिस्सा बुरी तरह सूजा था, मुंह और कान से खून बह रहा था, बाईं आंख पर गहरी चोट थी। डायल 112 की मदद से उन्हें लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक बताई। पीड़ित ने अस्पताल में बेटे को बताया कुछ लोगों ने मिलकर मारा जान से मार देने की धमकी दी। यह वही पत्रकार हैं जिन्होंने हाल ही में एक बड़े राजनीतिक परिवार से जुड़े घोटाले का खुलासा किया था। अब सवाल उठ रहा है–क्या यह हमला उसी सच की कीमत है?

पत्रकार संगठन भी मौन

हमले के बाद न कोई विरोध, न जुलूस, न ही किसी संगठन का बयान। मानो जैसे सरकारी विज्ञापनों की महक ने सबको सुन्न कर दिया हो। यह चुप्पी सिर्फ शर्मनाक ही नहीं, पत्रकारिता की लड़खड़ाती होती रीढ़ का भी सबूत है।

यह हमला नहीं, पत्रकारिता को दी गई खुली धमकी है

सवाल बड़ा है अगर सत्ता-समर्थक माने जाने वाले पत्रकार भी सुरक्षित नहीं, तो फिर सच्चाई लिखने वाले सामान्य पत्रकार की क्या औक़ात बचती है? यह हमला बताता है कि जिसने सच बोला, उसे तोड़ा जाएगा। जिसने सच लिखा, उसे डराया जाएगा।

यही वजह है, यह खबर नहीं, चेतावनी है

एक पुरानी कविता आज फिर जीवंत लगती है पहले वे आए दूसरों के लिए, मैं चुप रहा, फिर वे आए मेरे लिए और तब तक कोई नहीं बचा था। आज यह कविता नहीं, यूपी की रक्त-रंजित सच्चाई है। अगर इस मामले में त्वरित और कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो यह हमला सिर्फ अपराध नहीं, पूरे पत्रकार-वर्ग को दी गई 'सूचनात्मक धमकी' माना जाएगा।

राजधानी में पत्रकार असुरक्षित

खौफनाक बात यह है कि राज्य-मान्यता प्राप्त पत्रकार को घर से उठाकर पीटा जाता है और सरकार खामोश रहती है। ना कोई आधिकारिक बयान, ना कोई तीखी प्रतिक्रिया, ना ही कार्रवाई का ठोस आश्वासन। यह वही राजधानी है जो 'मॉडल लॉ-एंड-ऑर्डर' का दावा करती है। लेकिन सच्चाई यह है कि सत्ता की चुप्पी आज सबसे बड़ा अपराध बन चुकी है।

विद्युत सखियों का प्रदर्शन अरबों का कलेक्शन, लाखों का कमीशन अर्जन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन मे ग्रामीण महिलाओ के आजीविका संवर्धन, उन्हे आत्मनिर्भर व स्वावलम्बी बनाये जाने की दिशा मे बहुत ही कारगर, ठोस व प्रभावी कदम उठाये गये हैं।राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वयं सहायता समूहो की महिलाओ के बेहतर भविष्य निर्माण हेतु सततरूप से प्रयासरत है और विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से महिलाओ की आमदनी मे बड़े पैमाने पर इजाफा हुआ है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के विद्युत सखी कार्यक्रम में नई उपलब्धियां हासिल की है। महिलाओं ने योजना के प्रारंभ वर्ष 2020 से विद्युत सखियों ने विद्युत बिल वितरण कंपनियो डिस्काम के लिए 2400 करोड़ से अधिक का राजस्व कलेक्शन करने में सफलता पाई है।

नौ बड़ी इकाइयां करेंगी 10 हजार करोड़ का निवेश, अयोध्या सहित तीन जिलों में 2000 करोड़ की इकाइयां लगेंगी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में नौ बड़ी कंपनियां करीब 10000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 के अंतर्गत उच्च स्तरीय प्राधिकृत समिति की बैठक में पेश एजेंडे में चार कंपनियों को लेटर आफ कम्फर्ट और एक को वित्तीय प्रोत्साहन का एजेंडा रखा गया। कैबिनेट से मंजूरी के बाद इसे लागू कर दिया जाएगा। ये कंपनियां करीब 8000 लोगों को रोजगार देंगी। ये इकाइयां मध्यांचल और पश्चिमांचल में स्थापित होंगी। लेटर ऑफ कंफर्ट प्राप्त करने वाली चार कंपनियों में पक्का लिमिटेड अयोध्या में 676 करोड़ रुपये का निवेश कर पेपर, पल्प, मोल्डेड उत्पाद और लुग्दी से जुड़ी इकाई लगाएगी। गैलेंट इस्पात 765 करोड़ से गोरखपुर में इकाई का विस्तार करेगी। सीआरडी फूड्स एंड बेवेरेजस 363 करोड़ रुपये से मथुरा में इकाई लगाएगी। आरसीसीपीएल 550 करोड़ से रायबरेली में हैचरी इकाई लगाएगी। ऑइनाक्स एपी 200 करोड़ से रायबरेली में ऑक्सीजन प्लांट लगाएगी। रेडिको खेतान 591 करोड़ से सीतापुर में डिस्टिलरी स्थापित करेगी। वहीं, घड़ी साबुन निर्माता कंपनी आरएसपीएल लिमिटेड कानपुर नगर में 103 करोड़ से निवेश करेगी। कंपनी चौबेपुर में डिटर्जेन्ट पाउडर की नई इकाई लगाएगी। एबिस एक्सपोर्ट इंडिया प्रा. लि. 164 करोड़ से हाथरस में हैचरी की इकाई लगाएगी। सबसे बड़े निवेशक के रूप में एलएनके ग्रीन ने सोलर सेल और सीईएससी ग्रीन पावर लिमिटेड ने सोलर प्लांट व सोलर उपकरणों के प्लांट के लिए आवेदन किया है। एलएनके ग्रीन 3940 करोड़ और सीईएससी ग्रीन 3805 करोड़ का निवेश यीडा में करेगी। पहली कंपनी लधानी ग्रुप और दूसरी कंपनी संजीव गोयनका ग्रुप से जुड़ी है।

पावर कॉर्पोरेशन अध्यक्ष डॉ. का बड़ा बयान, बोले बिजली पेंशनर्स को मीटर तो लगवाना ही पड़ेगा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

सरकार के नीतिगत फैसल के तहत सभी उपभोक्ताओं के परिसरों पर स्मार्ट मीटरों को लगाने की मुहिम चल रही है। उपभोक्ताओं की श्रेणी में बिजली पेंशनर्स भी जिनको भी मीटर तो लगवाना ही पड़ेगा। बिजली के मद में जिस कर्मचारी को सुविधा मिल रही वह मिलती रहेगी। यह बातें पावर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने कहीं। डॉ. आशीष कुमार बुधवार को विद्युत पेंशनर्स परिषद के 37 वें वार्षिक अधिवेशन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। पेंशनर्स से भरे खचाखच भरे गांधी भवन सभागार में अध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से कहा कि करीब 75 हजार सेवानिवृत्तों के घरों में मीटर लगाने की दिशा में वह जो भी कर रहे वह सरकार का आदेश है। इस आदेश के तहत जो भी बिजली का उपभोग करेगा उसको मीटर तो लगवाना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा लखनऊ समेत प्रदेश भर में बिजली महकमे के पेंशनर्स के घरों में मीटर लगाए गए, मगर ऐसी तादाद कम है। उन्होंने पेंशनर्स से अनुरोध किया कि वह मीटर लगाने की मुहिम का विरोध न करें। इससे जो कठिनाई हो उसे मुझे बताएं। पेंशनर्स के बिजली एवं मेडिकल के बिल का भुगतान होता रहेगा। साथ ही, उन्होंने कहा कि पेंशनर्स की जो उचित समस्या होती उसका प्राथमिकता पर निवारण हो रहा, और होता रहेगा। अधिवेशन में पावर कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने कहा कि प्रमुख महासचिव कप्तान सिंह के द्वारा जो मांग पत्र सौंपा गया, जिस पर शीघ्र ही परिषद पदाधिकारियों के साथ एक बैठक करके उनके हल करने पर बातचीत की जाएगी। अधिवेशन में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने 80 साल और इससे अधिक उम्र के पेंशनर्स को अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

पेंशनर्स में मेडिकल बिल में कटौती से आक्रोश

अधिवेशन में मेडिकल बिल की धनराशि में कटौती किए जाने से पेंशनर्स में काफी आक्रोश दिखा। वक्ताओं ने गोरखपुर के पेंशनर्स जेई प्रशांत कुमार घोष का उदाकरण देते हुए कहा कि पेशमेकर लगवाने पर अस्पताल ने करीब तीन लाख रुपये का बिल बनाया। खंडीय कार्यालय ने इस बिल को जांच के बाद 1.22 लाख रुपये का कर दिया। पूर्वांचल निगम के एमडी ने उसका भुगतान महज 88 हजार रुपये किया। वक्ताओं ने कहा कि नोएडा के एक आई अस्पताल को पावर कॉर्पोरेशन पैनल में शामिल नहीं किया जा रहा, जिसमें आंखों का बेहतर उपचार होता है।

टी.एस. मिश्र लॉ स्कूल में संवैधानिक मूल्य और महिला सशक्तिकरण पर विशेष सत्र

विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

- AALI के सहयोग से आयोजित इंटरैक्टिव सत्र में संवैधानिक गारंटी, महिलाओं के अधिकार और लैंगिक न्याय पर हुई विस्तृत चर्चा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

टी.एस. मिश्र विश्वविद्यालय के टी.एस. मिश्र लॉ स्कूल में मंगलवार को संवैधानिक मूल्य और महिला सशक्तिकरण विषय पर एक विशेष इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में संवैधानिक जागरूकता बढ़ाने और लैंगिक न्याय को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत डीन प्रो. (डॉ.) सी.पी. सिंह ने की। उन्होंने कहा कि आधुनिक कानूनी शिक्षा का उद्देश्य केवल विधिक ज्ञान देना नहीं, बल्कि ऐसे विधि-विशेषज्ञ तैयार करना है जो सामाजिक रूप से उत्तरदायी और संवैधानिक मूल्यों के प्रति सजग हों। उन्होंने यह भी बताया कि संवैधानिक सिद्धांतों की समझ एक समान, प्रगतिशील और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण की बुनियाद है। यह विशेष सत्र एसोसिएशन फॉर एडवोकेसी एंड लीगल इनिशिएटिव ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित किया गया। AALI के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को महिलाओं के अधिकारों से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों, विधिक सुरक्षा और लैंगिक न्याय को सशक्त बनाने में कानूनी जागरूकता की अहम भूमिका पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रो. डॉ. यू.एन. तिवारी, डॉ. शिप्रा मिश्र, श्री प्रतीक त्रिपाठी और सुश्री श्रद्धा शुक्ला ने किया। उनके सहयोग से विशेषज्ञों और विद्यार्थियों के बीच सार्थक संवाद स्थापित हो सका, जिससे सत्र अत्यंत प्रभावी और ज्ञानवर्धक रहा। स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने इस सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया और समानता, विधिक संरक्षण तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़े संवैधानिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। टी.एस. मिश्र लॉ स्कूल ने कहा कि वह भविष्य में भी ऐसे अकादमिक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, जो विद्यार्थियों में संवैधानिक मूल्यों, सहानुभूति, समावेशिता और विधिक उत्तरदायित्व की भावना को और अधिक प्रबल करें।

कांग्रेस शासनकाल में सरदार पटेल के योगदान को उपेक्षित किया गया: सतीश

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी दिल्ली के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सरदार पटेल 150वीं जयंती समारोह अभियान के राष्ट्रीय सह संयोजक सतीश उपाध्याय ने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस शासनकाल में लौहपुरुष सरदार पटेल के योगदान को योजनाबद्ध रूप से उपेक्षित किया गया, जबकि वे भारत की एकता, अखंडता और प्रशासनिक आधारशिला के सबसे प्रमुख निर्माताओं में से एक थे। सरदार पटेल ने स्वतंत्रता आंदोलन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आज़ाद भारत के निर्माण में राजनीतिक, प्रशासनिक रूप से बेहद निर्णायक योगदान दिया।हैदराबाद, जूनागढ़ और जम्मू-कश्मीर समेत 562 रियासतों का एकीकरण उनके अदम्य संकल्प, दूरदृष्टि और लौह इच्छाशक्ति का परिणाम था। यदि उस समय सरदार पटेल को वह नेतृत्व और सम्मान दिया गया होता जिसके वे वास्तविक हकदार थे, तो आज देश की तस्वीर और भी भव्य व सशक्त दिखाई देती। इस अवसर पर बीजेपी के प्रदेश महामंत्री एवं अभियान के प्रदेश संयोजक संजय राय सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि देश की आजादी के बाद प्रधानमंत्री चयन हेतु हुए गुप्त मतदान में 14 वोट सरदार पटेल के पक्ष में थे, जबकि सिर्फ 1 वोट नेहरू के पक्ष में। इसके बावजूद प्रधानमंत्री कौन बना, यह तथ्य कांग्रेस की नीयत और नेतृत्व चोरी को साफ दर्शाता है। अगर सरदार पटेल उस समय देश के प्रधानमंत्री बन गए होते तो देश से आतंकवाद और विखंडन की शक्तियां समाप्त होती और देश आत्मनिर्भर और कब का विकसित बन गया होता यह नुकसान नेतृत्व ठीक नहीं होने के कारण से देश का हुआ।

उच्च शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष पद हेतु 10 दिसंबर तक मांगे गए आवेदन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा अनुभाग-5 द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग संशोधन अध्यादेश, 2025 के प्राविधानों के अंतर्गत आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आयोग में अध्यक्ष का 1 पद रिक्त है, निर्धारित प्रारूप में बायोडाटा सहित 10 दिसम्बर सायं 6 बजे तक आवेदन भेज सकते हैं। निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पंजीकृत डाक द्वारा विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग-5, नवीन भवन, कक्ष संख्या-40, उप्र शासन, लखनऊ के नाम से भेजें। आवेदन पत्र के साथ सभी शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों की पठनीय एवं स्वप्रमाणित प्रतियां अनिवार्य रूप से संलग्न की जानी हैं।अध्यक्ष पद की कार्यावधि नियुक्ति की तिथि से तीन वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक, इनमें से जो भी पहले हो, निर्धारित है। पद हेतु न्यूनतम अर्हताओं में राज्य सरकार के प्रमुख सचिव या उसके समकक्ष पद पर कार्यरत सेवानिवृत्त अधिकारी, अथवा किसी विधि द्वारा स्थापितविश्वविद्यालय के कुलपति, अथवा विश्वविद्यालय में न्यूनतम 10 वर्ष तक आचार्य तथा कम से कम 3 वर्ष का प्रशासनिक अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे।अध्यक्ष पद के लिए 1,75,000 रुपए मासिक वेतन तथा राज्य सरकार द्वारा अनुमन्य सभी भत्ते देय होंगे। पद से संबंधित विस्तृत अर्हताएं, कार्यावधि, परिलब्धियां तथा आवेदन पत्र का प्रारूप उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

किसान सम्मान निधि कार्यक्रम: प्रदेश में 5000 से अधिक किसानों, मत्स्य पालकों ने किया प्रतिभाग

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रधानमंत्री ने आज प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त की धनराशि लगभग 18000 करोड़ डीबीटी के माध्यम से लगभग 9 करोड़ किसानों के बैंक खाते में हस्तांतरित की। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम,उद्बोधन का मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य चेतना केन्द्र मत्स्य निदेशालय सहित मंडलीय एवं जनपदीय कार्यालयों में प्रोजेक्टर,एलईडी के माध्यम से सीधा लाइव स्ट्रीमिंग ,प्रसारण किया गया। महानिदेशक मत्स्य धनलक्ष्मी के. की अध्यक्षता में कार्यक्रम में लगभग 150 किसानों,मत्स्य पालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मंडलों एवं जनपदों में आयोजित कार्यक्रम में 5000 से अधिक मत्स्य पालकों एवं किसानों ने प्रतिभाग किया । कार्यक्रम में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित प्रचार प्रसार सामग्री वितरित की गई एवं योजनाओं की जानकारी दी गई।

सेवानिवृत्त आईएएस और आईपीएस अफसर योगी सरकार की खास पसंद

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- अवनीश अवस्थी से लेकर मनोज कुमार सिंह तक को अहम जिम्मेदारी

हाल में राज्य सरकार ने पूर्व मुख्य सचिव रहे मनोज कुमार सिंह को यूपी ट्रांसफॉर्मेशन कमिशन का सीईओ नियुक्त किया है। 1988 बैच के रिटायर्ड आईएएस अफसर मनोज कुमार सिंह को जिम्मेदारी के साथ चर्चा जोर पकड़ रही है कि आखिर सरकार को रिटायर्ड आईएएस-आईपीएस अफसर पर सरकारी मेहरबानी क्यों ?1989 बैच के रिटायर्ड आईएएस अफसर को रिटायरमेंट के संजय भूसरेड्डी बाद रेरा का चेयरमैन नियुक्त किया गया। वो मौजूदा समय में इस पद पर कार्यरत हैं।1988 वैच के आईएएस अफसर अरविंद कुमार जब रिटायर हुए, तो उनका चयन राज्य विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन के तौर पर हुआ। 1989 बैच की आईएएस अफसर डिंपल वर्मा को भी रिटायरमेंट के बाद सरकार ने अगस्त 2023 में रेरा के सदस्य के तौर पर जिम्मेदारी सौंपी थी। 1987 बैच के आईएएस अफसर रहे अवनीश कुमार अवस्थी जब अगस्त 2022 में रिटायर हुए, तो कुछ महीनों के बाद ही उन्हें मुख्यमंत्री के सलाहकार पर नियुक्त कर दिया गया।इनका मुख्यमंत्री के सलाहकार के तौर पर कार्यकाल तीसरी बार बढ़ाया गया है।1990 बैच के रिटायर्ड आईपीएस अफसर एसएन साबत को को जनवरी में यूपीएसएसएससी के चेयरमैन की जिम्मेदारी सौंपी गई।राज्य पूर्व डीजीपी प्रशांत कुमार भी लाइन में है। उन्हें भी सरकार अहम जिम्मेदारी सौप सकती है। रिटायर हुए कई आईएएस अफसरों को यूपी ट्रांसफॉर्मेशन कमिशन में सदस्य पद की जिम्मेदारी सौपी जा सकती है। एक सीनियर रिटायर्ड आईएएस अफसर के मुताबिक 30 साल तक भारतीय प्रशासनिक सेवा में काम करने के अनुभव का लाभ हर सरकार उठाना चाहती है। यही वजह है कि वो उनके साथ काम करना सरकार के लिए एक सुरक्षित और विश्वसनीय विकल्प हो सकता है, उनपर राजनीतिक दबाव कम होता है। सपा सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के करीबी अफसर और पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन को रिटायरमेंट के बाद जुलाई 2016 में यूपीएसआईडीसी का चेयरमैन और मुख्यमंत्री का मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया था। 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद आलोक रंजन ने इस्तीफा दे दिया था। पूर्व मुख्य सचिव नवीन चंद्र वाजपेयी को योजना आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

फाइलेरिया संक्रमण दर जानने को लिए गए रक्त के नमूने

मुसाफिरखाना ब्लॉक के रुदौली व पिंडारा तथा जामों ब्लॉक के जामों व लालपुर ढबिया गांव में नाइट ब्लड सर्वे का शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस । अमेठी

फाइलेरिया की जांच के लिए जामों व मुसाफिरखाना ब्लॉक में नाइट ब्लड सर्वे शुरू किया गया।जिसमें 20 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के रक्त के नमूने रात में लिए लिए गए हैं।एनबीएस शिविर का उद्देश्य फाइलेरिया के संक्रमण की स्थिति का पता लगाना और नए रोगियों की पहचान करना है।क्योंकि इस बीमारी के परजीवी रात के दौरान सक्रिय होते हैं।सर्वे के नतीजे आने के बाद,जिन क्षेत्रों में संक्रमण दर एक से अधिक होगी,वहां दवा सेवन अभियान चलाया जाएगा।दो साईट पर आयोजित हुए जांच शिविर में 178 लोगों के रक्त के नमूने लिए गए।

जामों ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर भोये व जामों गांव पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफार्म पीएसपी सदस्य सीएचओ,आशा,वालेंटियर, आंगनबाडी फाइलेरिया मरीजों के सहयोग से जांच शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का शुभारम्भ ग्राम प्रधान सत्यदेव मिश्रा ने फीता काटकर किया।इस दौरान जामों में 93 और भोये में 85 लोगों जो 20 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों का ब्लड का सैम्पल लिए गए। पीएसपी सदस्य सीएचओ ने जांच में आए लोगों को बताया कि रात के समय फाइलेरिया परजीवी माइक्रोफाइलेरिया रक्त में सक्रिय होते हैं।इसलिए रात को बाद रक्त का नमूना लिया जा रहा है।जिनके रक्त के नमूने में माइक्रो फाइलेरी पाए जायेंगे उन्हें फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया जाएगा।शिविर में एलटी शाहरुख खान,अनिल त्रिपाठी पीएसपी सदस्य आशा सुमन, फाईलेरिया रोगी अमरावती,सीमा बेसिक हेल्थ वर्कर आशीष श्रीवास्तव सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

लक्ष्मीबाई की जयंती पर एबीवीपी ने किया कार्यक्रम

बलरामपुर। जनपद बलरामपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा रानी लक्ष्मी बाई के जयंती को स्त्री शक्ति दिवस के रूप में मनाया गया। अभाविप द्वारा एमएलके पीजी कॉलेज में आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई की वीर गाथाओं से प्रेरित किया और महिलाओं की शिक्षा, रोजगार व राजनीति के क्षेत्र में बढ़ती सहभागिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो जेपी पाण्डेय ने की। धन्यवाद ज्ञापन कला मंच संयोजक गरिमा सिंह ने किया। मंच संचालन नगर मंत्री कीर्ति उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार, नगर उपाध्यक्ष डॉ आलोक शुक्ला, जिला सह प्रमुख डॉ अनुज सिंह, पूर्व कार्यकर्ता (अभाविप) कुशाग्र सिंह, डॉ रमेश शुक्ला, डॉ विनीत, अवधेश, लवकुश, पंकज, रवि, अनुपम, इकाई अध्यक्ष शिवम दुबे, एमडीके बालिका इंटर कॉलेज की शिक्षिका वंदना मिश्रा, यूनो, सौरभ, जिला संगठन मंत्री अनुज सिंह सहित आदि अभाविप कार्यकर्ता व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सर्राफा व्यवसायी से लाखों की लूट,बाइक सवार बदमाशों ने ज्वेलरी से भरा बैग छीना, विरोध पर की पिटाई

जन एक्सप्रेस । अमेठी

मंगलवार देर शाम सर्राफा व्यवसायी से करीब 10 लाख रुपये के आभूषणों की लूट की वारदात ने पूरे क्षेत्र में दहशत फैला दी।संग्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़गांव के पास दुकान बंद कर घर लौट रहे ज्वेलरी कारोबारी जेपी सोनी को बाइक सवार छह बदमाशों ने घेर लिया।असलहे के दम पर उन्हें धमकाया गया और ज्वेलरी से भरा बैग छीनने की कोशिश की गई। विरोध करने पर बदमाशों ने उन पर तमंचे की बट से हमला कर घायल कर दिया।और बैग लेकर फरार हो गए।पीड़ित व्यवसायी के अनुसार बैग में करीब चार किलो चांदी और पचास ग्राम सोने के आभूषण थे,जिनकी कीमत लगभग 10 लाख रुपये आंकी गई है।वारदात उस समय हुई जब जेपी सोनी अपने घर से मात्र आधा किलोमीटर दूरी पर थे।हमला इतना अचानक था कि कारोबारी संभल भी नहीं पाया।तथा बदमाश कुछ ही देर में माल लेकर फरार हो गए।घटना के बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले गए।चिकित्सा के बाद उन्होंने थाने में तहरीर दी।हालांकि कई घंटे बीत जाने के बावजूद संग्रामपुर पुलिस की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई या खुलासा नहीं हो पाया है।जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।परिजनों व ग्रामीणों ने पुलिस की धीमी कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं।वहीं पुलिस का कहना है कि घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।और बदमाशों की तलाश में टीमें लगाई गई हैं।स्थानीय लोग लगातार यह उम्मीद कर रहे हैं, कि पुलिस जल्द ही लुटेरों को गिरफ्तार कर व्यवसायी की लूटी गई ज्वेलरी बरामद करेगी।

तीन दिवसीय सरस मेले का विधायक और डीएम ने किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

बुधवार को तीन दिवसीय सरस मेला का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक सदर पल्टूराम एवं जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन समारोह में जनप्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं तथा बड़ी संख्या में लोग की उपस्थित रहे।

उद्घाटन के पश्चात विधायक बलरामपुर एवं जिलाधिकारी ने मेले में स्थापित विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन किया और स्व-सहायता समूहों द्वारा बनाए जा रहे आकर्षक एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरस मेला महिला समूहों को अपनी क्षमताओं के प्रदर्शन तथा बेहतर बाज़ार उपलब्ध कराने का प्रभावी मंच प्रदान करता है।इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिल रही है। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ आज ग्रामीण महिलाओं तक पहुँच रहा है, जिससे वे आर्थिक रूप से सुदृढ़ होकर आत्मनिर्भरता की मिसाल प्रस्तुत कर रही हैं।

स्थानीय उत्पाद से सजे स्टॉल रहे आकर्षण का केंद्र

मेले में स्थानीय उत्पाद, हस्तशिल्प, खाद्य सामग्री एवं पारंपरिक कला-संस्कृति से जुड़े स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। तीन दिवसीय सरस मेला प्रतिदिन आमजन हेतु निर्धारित समय में खुला रहेगा।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता , डीसी मनरेगा / एनआरएलएम , मुख्य चिकित्सा अधिकारी,उपायुक्त उद्योग व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

एमएलके कॉलेज में उर्दू निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

बलरामपुर। जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज में बुधवार को पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत उर्दू निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जानकारी के अनुसार 19 नवंबर को पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत उर्दू में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने रचनात्मक लेखन कौशल को प्रदर्शित किया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय के निर्देशन तथा डॉ तारिक कबीर के संयोजकत्व में 卐जंगे आज़ादी में उर्दू ज़ुबानों अदब का किरदार卐 विषय पर उर्दू में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए मुख्य नियंता प्रो0 वीणा सिंह ने सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। सांस्कृतिक निदेशक प्रो0 रेखा विश्वकर्मा ने प्रतिभागियों को रचनात्मक लेखन कौशल के बारे में अवगत कराया। डॉ तारिक कबीर ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में कुल 15 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर डॉ अजहरुद्दीन, डॉ एस के त्रिपाठी, डॉ पी एन पाठक व डॉ के के सिंह सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

बीसीएम में पूजन अर्चन के साथ पेराई सत्र 2025-2026 का शुभारम्भ, अतिथियों ने डोंगे में गन्ना डालकर किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर आज 17 नवम्बर, 2025 को बलरामपुर चीनी मिल्स लि0 की बलरामपुर इकाई में पेराई सत्र 2025-2026 का शुभारम्भ विधिवत् पूजा-अर्चना के साथ हो गया। इस अवसर पर केन कैरियर पर हवन-पूजन आयोजित किया गया तथा केन कैरियार में गन्ना डालकर पेराई सत्र के शुभारम्भ की घोषणा की गई। इस

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में मुख्य यजमान के. के. बाजपेई अधिशासी अध्यक्ष ने पूजा-अर्चना एवं हवन कराया । पूजा-अर्चना का कार्य पण्डित श्री तिलकधारी पाण्डेय द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ सम्पन्न करवाया गया । इस शुभ अवसर पर जिलाधिकारी बलरामपुर विपिन कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, सदर विधायक पल्टू राम, चैयरमैन रणवीर सिंह उर्फ रन्नू, चैयरमैन विनोद कुमार उर्फ राजन, जिला गन्ना अधिकारी, बलरामपुर, सचिव-बलरामपुर अविनाश सिंह व गोण्डा, सीनियर सी.डी. आई. भी उपस्थित रहे । सभी अतिथियों को माला पहनाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया गया । साथ ही गत वर्ष के पेराई सत्र में सर्वाधिक गन्ना सप्लाई करने वाले 10 किसानों को भी माला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष के. के. बाजपेई ने बताया कि बलरामपुर चीनी मिल सदैव ही गन्ना कृषकों, जनसाधारण एवं कर्मचारियों के हित में कार्य करती है जो आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि चीनी मिल गन्ना मूल्य भुगतान में भी हमेशा से अग्रणी रही है और आगे भी गन्ना मूल्य भुगतान त्वरित गति से करती रहेगी । उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए अपने-अपने कार्य को मेहनत, लगन तथा सेफ?टी के साथ कार्य करने के लिये कहा। उन्होंने गन्ना कृषकों से साथ-सुथरा व अगोला, जड़ पत्ती रहित गन्ना मिल में आपूर्ति करने की अपील की। उन्होंने कृषकों से अपनी पर्ची के अनुसार ही गन्ने की कटाई करने का अनुरोध किया तथा अपील की, कि कृषक पहले से गन्ना काटकर खेतों में न डालें । चीनी मिल में पेराई सत्र 2025-2026 के लिये पहली बार डनलप से गन्ना लेकर आये डनलप के बैलों की एवं ट्रॉली से गन्ना लेकर आई ट्रॉली की पूजा की गई एवं गन्ना तौलकर किसान को भी सम्मानित किया गया। सभी उपस्थित लोगों ने हवन पूजा में आहूति दी एवं डोंगे में गन्ना डालकर पेराई सत्र 2025-2026 के शुभारम्भ हेतु पूजा सम्पन्न कराई । इस शुभ अवसर पर चीनी मिल की ओर से केन हेड कृष्ण प्रताप सिंह, इन्जीनियरिंग हेड योगेन्द्र सिंह बिष्ट, कामर्शियल हेड बी.एन. ठाकुर, इन्जीनियरिंग हेड-पॉवर एवं केमिकल संजय कुमार मिश्रा, उप-महा प्रबंधक (प्रोडक्शन-केमिकल) अतुल कुमार वर्मा, प्रोडक्शन हेड अमित नेगी, मानव संसाधन प्रमुख डी.के. सिंह, उप-प्रधान प्रबंधक (ब्वॉयलर) पी. के. मिश्रा, उप-प्रबंधक (लैब) मनीसेन मौर्या, मुख्य प्रबंधक (मेटेरियल) पवन तिवारी, प्रबंधक (मानव संसाधन) मुकेश शुक्ला, श्रम-कल्याण अधिकारी एस.पी. सिंह, उद्यान अधिकारी धर्मवीर सिंह एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

नएसपीएस त्रिपुला में मनाई गई रानी लक्ष्मीबाई और इंदिरा गांधी की जयंती

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में आज़ादी के इतिहास और राष्ट्रनिर्माण में अहम् योगदान देने वाली रानी लक्ष्मीबाई एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ दोनों महान हस्तियों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। छात्रा मन्नत मिश्रा ने इंदिरा गांधी तथा नंदिनी निर्मल ने रानी लक्ष्मीबाई के रूप में ध्यान आकर्षित किया और छात्र अभिराज ने 卐खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी 卐 गीत गाकर सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में छात्रा काव्यांशी ने झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई के व्यक्तित्व पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि लक्ष्मीबाई मराठा शासित राज्य झाँसी की रानी और 1857 की राज्य क्रांति की द्वितीय शहीद वीरांगना थी।

विकास खंड तुलसीपुर गौ आश्रय स्थल जयनगरा एवं सहकारी समिति कौवापुर का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने बुधवार को विकास खंड तुलसीपुर क्षेत्र अंतर्गत गौ आश्रय स्थल जयनगरा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। डीएम ने निर्देश दिए कि गौवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, भूसा, स्वच्छ पेयजल, नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ठंड से बचाव हेतु गौ आश्रय स्थल पर तिरपाल, छायादार शेड एवं हवा रोकने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने सहकारी समिति कौवापुर का भी निरीक्षण किया । उन्होंने समिति में सभी कार्यों को पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संचालित किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, एआर कोऑपरेटिव , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

विकास खंड कार्यालय तुलसीपुर का किया औचक निरीक्षण

जिलाधिकारी विकास खंड कार्यालय तुलसीपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न पटलों पर चल रहे कार्यों, अभिलेखों के अद्यतन, सुव्यवस्थित रखरखाव तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति का विस्तृत अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिकायत निस्तारण रजिस्टर का गहन अवलोकन किया तथा वहीं से शिकायतकर्ताओं को फोन कर उनके प्रकरणों की वास्तविक स्थिति जानी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।

5 महारैली को सफल बनाने के लिए ऊंचाहार में तैयारियों की बैठक

रायबरेली। ऊंचाहार !रामलीला मैदान,नई दिल्ली में आगामी 5 दिसम्बर को प्रस्तावित महारैली को सफल बनाने हेतु विकास क्षेत्र ऊंचाहार में शिक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आज सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने की। बैठक में भारी संख्या में शिक्षकों की उपस्थिति ने आने वाली महारैली के प्रति संगठन की गंभीरता और प्रतिबद्धता को स्पष्ट किया।

जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा शिक्षकों पर लगातार लगाए जा रहे नए-नए दबावों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा 卐पच्चीस वर्ष की लंबी सेवा दे चुके अनुभवी शिक्षकों से अब परीक्षा दिलाने का फरमान जारी किया गया है। यह निर्णय न सिर्फ तर्कहीन है,बल्कि शिक्षक समाज के आत्मसम्मान पर आघात भी है। संगठन इस अन्यायपूर्ण नीति का विरोध दिल्ली की धरती से गूंजती एकजुट आवाज़ के साथ करेगा।

पचहत्तर लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद, भारी मात्रा में लहन नष्ट, पांच मुकदमे दर्ज

जन एक्सप्रेस । अमेठी

अवैध शराब के खिलाफ प्रवर्तन अभियान के तहत जनपद में आबकारी विभाग ने बुधवार को छापेमारी अभियान चलाया।पुलिस अधीक्षक तथा जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में जनपद में गठित टीमों ने ग्राम केशवपुर,धोबहा, पूरब गाँव,नटपुरवा और झब्बू का पुरवा में आकस्मिक दबिश दी।दबिश के दौरान क्षेत्र-3,थाना कमरौली के ग्राम झब्बू का पुरवा से लगभग 75 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई।इसके साथ ही करीब 300 किलोग्राम अवैध लहन को मौके पर नष्ट कर दिया गया। विभाग ने इस कार्रवाई में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत पांचअभियोग पंजीकृत किए हैं।छापेमारी के दौरान ग्रामीणों को अवैध शराब के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया और विभाग के टोल-फ्री नंबर व संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नंबर पर अवैध शराब की सूचना देने की अपील भी की गई।साथ ही क्षेत्र में स्थित मदिरा की दुकानों का सघन निरीक्षण कर अनियमितताओं की जांच की गई।इस अभियान में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 मय स्टाफ शामिल रहे।आबकारी विभाग ने कहा कि अवैध शराब के विरुद्ध अभियान भविष्य में भी पूरी सख्ती से जारी रहेगा।

गैसड़ी मे आयोजित एकता पदयात्रा में बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के विधानसभा क्षेत्र गैसड़ी में बुधवार को भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में गैसड़ी विधानसभा क्षेत्र में एक भव्य एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जानकारी के अनुसार 19 नवंबर को आयोजित एकता पदयात्रा की शुरुआत सिंह मोहानी इंटर कॉलेज से हुई, जहां से लोगों की भीड़ उमड़ने लगी थी। हाथों में झंडे, बैनर और देशभक्ति से ओतप्रोत नारों के बीच यात्रा आगे बढ़ी और अंत में रामलीला मैदान गैसड़ी बाजार में इसका समापन किया गया ।यात्रा मार्ग में स्थानीय लोगों ने जगह-जगह प्रतिभागियों का स्वागत किया। विशेष रूप से कई स्थानों पर जेसीबी मशीन से पुष्प वर्षा की गई, जिसे देखने के लिए भारी संख्या में लोग एकत्र हुए। यह दृश्य बेहद मनमोहक और आकर्षक रहा, जिसने पदयात्रा में उत्साह और भी अधिक बढ़ा दिया। पदयात्रा शुरू होने से पूर्व भोजपुर चौराहे से एक विशाल बाइक रैली भी निकाली गई, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सैकड़ों की संख्या में दोपहिया वाहनों का काफिला एकता और देशभक्ति का संदेश देते आगे बढ़ा। बाइक रैली ने पूरे क्षेत्र में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। पदयात्रा में देवरिया विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, बाराबंकी जिले के कुर्सी विधानसभा क्षेत्र से विधायक साकेत वर्मा, विधायक सदर बलरामपुर पलटू राम के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष पचपेड़वा रवि वर्मा, गैसड़ी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रिंस वर्मा, सुरेंद्र पांडेय, अजीज खान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे। सभी ने सरदार पटेल जी के आदर्शों और उनकी एकता की भावना को याद किया और समाज में सामंजस्य व एकजुटता बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम सफल और ऐतिहासिक रहा, जिसने क्षेत्र में एक नई ऊर्जा और सकारात्मक संदेश स्थापित किया।

मिश्र गीता-भावना और निष्काम कर्म के प्रखर व्याख्याकार

रायबरेली। अंतरराष्ट्रीय श्रीमद्भगवद्गीता जयंती समारोह-2025 के अंतर्गत मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा आयोजित 'गीता सेवा संवाद' में मिशन के संस्थापक, अध्यात्म-चिंतक एवं गीता-तत्वज्ञान के प्रखर प्रचारक डॉ. प्रकाश मिश्र ने निष्काम कर्म, नि:स्वार्थ सेवा एवं कर्तव्य-धर्म के सनातन सिद्धांतों पर विशेष उद्बोधन देते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन का प्रत्येक क्षण कर्म से जुड़ा है, और जब कर्म फल-आकांक्षा से मुक्त होकर ईश्वरार्पित भाव से किए जाते हैं, तभी वे साधना का रूप ग्रहण करते हैं। गीता का मूल संदेश मानव को भीतर से उदात्त बनाता है और उसे कर्मयोग की ओर अग्रसर करता है। कार्यक्रम में जिले के प्रमुख समाजसेवी, मानव सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं मातृभूमि सेवा मिशन इकाई रायबरेली के मुख्य संरक्षक महेंद्र कुमार अग्रवाल का विशेष सम्मान किया गया। बताते चलें कि महेंद्र अग्रवाल हाल ही में अवध क्षेत्र से हरियाणा के धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र पहुंचे थे, जहाँ मातृभूमि सेवा मिशन मुख्यालय इकाई ने अत्यंत श्रद्धा, गौरव और पारंपरिक सम्मान-विधि के साथ उनका भव्य अभिनंदन किया।

ओपन जिम व विज्ञान प्रदर्शनी का विधायक तथा चेयरमैन ने किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के बी एच के एस बाल भारती इंटर कालेज प्रांगण मे सदर विधायक पलटूराम द्वारा बनवाये गये ओपेन जिम एवं विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटू राम, विशिष्ट अतिथि डा0 धीरेन्द्र प्रताप सिंह चेयरमैन आदर्श नगर पालिका परिषद एवं प्रोफेसर जेपी पांडेय, प्राचार्य एमएलके पीजी कालेज, कालेज प्रबंधन के अध्यक्ष डा0 प्रमोद कुमार श्रीवास्तव के द्वारा बुधवार को किया गया।

जानकारी के अनुसार 19 नवंबर को बीएचकेएस बाल भारती इंटर कालेज के प्रबंधक डा0 देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने कालेज की उत्तरोत्तर प्रगति पर चर्चा करते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गीत एवं स्वागतगान की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम मे छात्र छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी मे सौर ऊर्जा, चंद्रयान मिशन -3, डिस्टिल वाटर प्लांट, पाचनतंत्र, हृदय रक्त संचार,ग्रीन हाउस,जल संचयन,प्रदूषण नियंत्रण,रोड सेफ्टी, सौर मंडल,गुरुत्वाकर्षण, सेटेलाइट लांचर,वाटर शुद्धिकरण आदि पर आकर्षक 24 माडलो का प्रस्तुतिकरण किया गया। कार्यक्रम विज्ञान शिक्षको मे दिलीप कुमार श्रीवास्तव पूर्व प्रवक्ता डी0ए0वी0 कालेज, एमएलके पीजी कालेज में वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डा0राजीव रंजन, डा0सतगुर प्रकाश, पायनियर पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर डा0 एमपी तिवारी, बलरामपुर बालिका इंटर कालेज की श नुपुर राठौर को सम्मानित किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी मे प्रतिभागी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रबंध तन्त्र के संजय शर्मा द्वारा किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन एवं मूल्यांकन विज्ञान शिक्षको की टीम के द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य रमेश चन्द्र त्रिपाठी के संयोजन मे शिक्षक मनीष कुमार, सौरभ श्रीवास्तव,आरडी दिवेदी, नूतन श्रीवास्तव, अनीता चौहान, मोनिका श्रीवास्तव, बृजेश त्रिपाठी का विशेष योगदान रहा है। अपने संबोधन मे प्रोफेसर जेपी पांडेय ने कहा कि छात्र छात्राओं के द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी उच्च स्तर की उनकी योग्यता दर्शाती है । उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से शिक्षको द्वारा विज्ञान के उच्च स्तर का ज्ञान छात्रो को प्रदान किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि डा0 धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कालेज मे उच्च कोटि का पठन-पाठन इस विज्ञान प्रदर्शनी से प्रतीत होता है निश्चय ही यहां के शिक्षक-शिक्षकायें बधाई के पात्र है। अपने सारगर्भित सम्बोधन मे मुख्य अतिथि पलटू राम ने कहा कि कालेज मे उच्च स्तर का अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा विद्वान शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा प्रदान की जा रही है जो आज विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाई देता है । इस स्तर की अन्वेषण और ज्ञानवर्धक विज्ञान प्रदर्शनी बड़े बड़े शहरो के स्कूलो मे नही प्रदर्शित हो पाती है। कालेज के प्रबंधन, प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षकायें बधाई के पात्र है। छात्र छात्राओं के स्वास्थ्य के लिए जिम की स्थापना उन्हे शारीरिक रूप से मजबूत बनायेगी। वरिष्ठ सदस्य डा0 राकेश चन्द्र श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम मे डीपी सिंह, रघुनाथ अग्रवाल, डा0 केके राना, डा0 विमल चन्द्र त्रिपाठी, डा0 जुबैर अहमद, डा0 सौरभ सिंह, गौरव, आकाश, आदित्य प्रसाद श्रीवास्तव सहित तमाम अभिभावक व अतिथि उपस्थित हुए ।

वन विभाग का लक्ष्य निशाने पर पकड़े जा रहे दहशतगर्द बाघ व तेंदुए

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग नवीन खण्डेलवाल ने बताया कि सीतापुर जनपद में हाल के महीनों में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए वन विभाग द्वारा एक व्यापक, सुनियोजित एवं बहु-स्तरीय अभियान संचालित किया जा रहा है। इस उद्देश्य के तहत मिश्रिख और महोली रेंज सहित कई वन क्षेत्रों में टीमों ने निरंतर गश्त, निगरानी, पगमार्क ट्रैकिंग तथा समुदाय-आधारित सतर्कता प्रणाली को सुदृढ़ किया है।

इसी क्रम में मिश्रिख रेंज के अंतर्गत ग्राम ख्योटा, रामपुर में पिछले कई दिनों से तेंदुए की सक्रियता दर्ज की जा रही थी। ग्रामीणों द्वारा प्राप्त सूचनाओं तथा विभागीय निरीक्षण के आधार पर क्षेत्र में नियमित मूवमेंट की पुष्टि होने उपरांत, वन विभाग ने पूर्व अनुमति लेकर एक पिंजरा स्थापित किया तथा निगरानी को और अधिक सघन किया।

लगातार टीम की सतत पर्यवेक्षण अभियान के परिणामस्वरूप दिनांक 18/19 नवंबर 2025 की रात्रि लगभग 4.00 बजे, स्थापित पिंजरे में एक वयस्क नर तेंदुआ सफलतापूर्वक सुरक्षित रूप से पकड़ा गया। सूचना मिलते ही विभागीय स्टाफ तत्काल मौके पर पहुँच गया और निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुसार तेंदुए को सुरक्षित नियंत्रण में लिया।

प्रथम चिकित्सकीय परीक्षणों में तेंदुआ पूर्णतः स्वस्थ पाया गया है और वर्तमान में उसके व्यवहार एवं स्वास्थ्य पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है।

इस घटना को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो यह सीतापुर वन प्रभाग की उस निरंतर चल रही रणनीति का महत्वपूर्ण चरण है, जो पिछले कई महीनों से मानव-वन्यजीव संपर्क को सुरक्षित एवं नियंत्रित रूप में प्रबंधित करने हेतु लागू की गई है। इस रणनीति के अंतर्गत वन विभाग द्वारा एक इंटरसिव मानव-वन्यजीव संघर्ष न्यूनीकरण अभियान चलाया जा रहा है, जिसके उल्लेखनीय परिणाम सामने आए हैं।

इस अभियान के दौरान सीतापुर में अब तक 3 बाघ तथा 3 तेंदुए को सुरक्षित रेस्क्यू कर उचित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है।

प्रोटोकाल का कड़ाई से हो रहा पालन

ऑपरेशनों का निष्पादन वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एन0टी0सी0ए0) के प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करते हुए किया गया है।यह भी उल्लेखनीय है कि इसी माह महोली रेंज में सक्रिय एक अन्य तेंदुए को भी वन विभाग द्वारा पूर्व अनुमति प्राप्त कर लगाए गए पिंजरे में पकड़ा गया था। इन दोनों घटनाओं से यह स्पष्ट है कि वन विभाग की फील्ड टीमें निरंतर, तकनीकी रूप से सक्षम और संवेदनशील दृष्टिकोण के साथ कार्य कर रही हैं। रात्रिकालीन गश्त, पगमार्क विश्लेषण, कैमरा ट्रैप, और जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से विभाग न केवल वन्यजीवों की वास्तविक लोकेशन और गतिविधि का पता लगा रहा है, बल्कि ग्रामीणों को भी सतर्क एवं सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। मानव-वन्यजीव संघर्ष अक्सर उस समय बढ़ता है जब वन्यजीव मानवीय बसावटों के निकट आ जाते हैं।

न विभाग का उददेश्य मानव सुरक्षा तथा वन्यजीव संरक्षण में कायम रहे संतुलन

मानव सुरक्षा और वन्यजीव संरक्षण, दोनों सर्वोपरि। तेंदुए की सफल पकड़ इस बात का प्रमाण है कि वैज्ञानिक पद्धति, सामुदायिक सहयोग, त्वरित प्रतिक्रिया और सतत निगरानी-इन सभी के संयोजन से चुनौतीपूर्ण स्थितियों को भी बिना किसी नुकसान के सकारात्मक रूप से हल किया जा सकता है।वन विभाग सभी नागरिकों से पुनः अपील करता है कि वे किसी भी वन्यजीव की गतिविधि की सूचना तुरंत विभाग को उपलब्ध कराएँ, अनावश्यक भीड़ न लगाएँ, और रेस्क्यू कार्य के दौरान विभागीय कर्मियों के निर्देशों का पालन करें। वन विभाग की टीमें आने वाले दिनों में भी गश्त, निगरानी, अवेयरनेस कैंप तथा वैज्ञानिक ट्रैकिंग को और अधिक मजबूत करेंगी ताकि मानव-वन्यजीव संघर्ष की संभावनाओं को न्यूनतम किया जा सके।सीतापुर वन प्रभाग इस अवसर पर स्थानीय समुदायों, ग्राम प्रहरियों, पुलिस विभाग और मीडिया के सहयोग को भी सराहता है, जिनकी सक्रिय भागीदारी से यह अभियान निरंतर सफल हो रहा है। आगामी कार्यवाही एन0टी0सी0ए0 प्रोटोकॉल तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के अनुरूप ही की जाएगी।

पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने उठाये सीतापुर के गम्भीर मुददे

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

महमूदाबाद। महमूदाबाद को गांजरी जिला बनाने व चित्रकूट की तर्ज पर सीतापुर को कमिश्नरी बनाने हेतु मेरे द्वारा अनेकों बार प्रयास किया गया व मेरे कार्यकाल में जिला बनाने की कवायद प्रारम्भ हुई जिसे राजस्व पत्रावलियों में भी देखा जा सकता है। फिर महमूदाबाद को जिला बनाने के लिए किसने रोका और सूती मिल बंद हुई किसकी चैकीदारी कायम थी। यह बात पर्वू कार्यवाहक मुख्यमंत्री व मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट के सचिव डॉ अम्मार रिजवी द्वारा विशेष मुद्दों को लेकर प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों से रूबरू होते हुए कही। पत्रकारों से मुखातिब होते हुए पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने कहा कि नैमिष व मिश्रित तीर्थ की महत्ता विश्वविख्यात है व हमारे द्वारा उच्चस्तर पर बहुसंख्य बार कमिश्नरी हेतु पत्राचार व प्रयास भी किया गया। अभी हाल ही में महमूदाबाद को जिला बनाने हेतु सोशल मीडिया पर काफी सार्थक चर्चा की गयी जिसमें नौजवानों व जन जन की सक्रिय भागीदारी को विशेषरूप से सराहा गया। जिला बनाने हेतु रोडमैप सुनिश्चित किया जाय और विशेषकर बंद पडी सूती मिल की जगह औद्योगिक पार्क ष्बनाकर यहॉ के स्थानीय लोगों को जो तकनीकी रूप से दक्ष हो उन्हें भी आवश्यक रूप से उसमें संलग्न कर रोजगार दिया जाय। महमूदाबाद में तालाबों की साफ सफाई व जलकुम्भी को हटाकर सुन्दरीकरण कार्य करवाना चाहिए जिससे मच्छरों के बढते प्रकोप से बचा सके। इसके साथ ही संकटा देवी मन्दिर के पास तालाब के किनारे रेलिंग निर्माण व डॉन बोस्को हाईस्कूल के पास से तहसील जाने वाले मार्ग का दुररूस्तीकरण कराना। जनता के प्रति मन साफ हो और मन में उपजे भ्रम को दूर कर हम सभी नागरिकों को एक प्लेटफार्म पर आकर सहभागिता के साथ महमूदाबाद के उत्थान व विकास के लिए ष्सबका साथ, सबका विकासय सबका विश्वास ष्के मूलमंत्र को अपनाकर मजबूत आधार पर विकास हेतु जन जन को संकल्पित होना चाहिए। प्रेस वार्ता के दौरान महमूदाबाद के समस्त पत्रकारजन साथी उपस्थित हुये।

एक्सप्रेस खबरें...

पेड़ से लटकता पाया गया युवक का शव

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। अटरिया थाना क्षेत्र के गुलालपुर गांव के पास बाग में वीरसेन उर्फ मोनू रावत निवासी ग्राम भगवतीपुर का शव पेड़ से लटकता मिला, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर थानाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों के अनुसार वीरसेन नीलगांव शराब की दुकान के पास कैंटीन चलाता था और शराब की लत के कारण पति-पत्नी में आए दिन विवाद होता था। मंगलवार को पत्नी के मायके जाने की बात पर कहासुनी हुई, जिसके बाद क्षुब्ध होकर उसने आत्महत्या कर ली। मृतक अपने पीछे दो बेटियां और एक बेटा छोड़ गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला पारिवारिक कलह का प्रतीत होता है। शव पोस्टमार्टम को भेजकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

ग्राम पंचायत मानपुर का बीडीओ ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। जनपद के विकास खण्ड लहरपुर में खण्ड़ विकास अधिकारी शैलेन्द्र सिंह के द्वारा विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मानपुर का निरीक्षण, सहायक विकास अधिकारी पंचायत के साथ प्रातः 08.00 किया गया। खण्ड़ विकास अधिकारी के निरीक्षण में ग्राम पंचायत का सामुदायिक शौचालय क्रियाशील पाया गया व निर्धारित समय पर पंचायत भवन में पंचायत सहायक उपस्थित मिली। साथ ही आयुष्मान आरोग्य मंदिर और आंगनवाड़ी केंद्र बन्द पाया गया। आरसी बना हुआ था, परंतु संचालित नहीं था जिसके लिए प्रधान और सचिव को निर्देशित किया गया।

आज निकलेगी कलश यात्रा, तैयारियां शुरू

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। भांडिया गांव में इस वर्ष भी पारंपरिक गरिमा के साथ पंचदिवसीय श्री हनुमंत महायज्ञ एवं श्रीरामकथा समारोह का शुभारंभ होने जा रहा है। यज्ञाचार्य रामनारायन अवस्थी के निर्देशन में 20 नवंबर 025 को मंगल कलश यात्रा निकलेगी। 21नवंबर से 25 नवंबर 025 तक वेदी पूजन, रुद्राभिषेक, हवन व पूर्णाहुति के कार्यक्रम आयोजित होंगे। कथा का आनंद कथाव्यास प्रभात त्रिपाठी देंगे।

उत्साहपूर्ण माहौल में शिक्षक कार्यशैला सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय मल्लापुर में नवम्बर माह की शिक्षक संकुल कार्यशाला उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। सत्र का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी पुष्पराज सिंह ने सरस्वती वंदना के साथ किया। महानिदेशक स्कूली शिक्षा द्वारा निर्धारित एजेंडा के अनुसार आयोजित इस कार्यशाला में शिक्षकों ने विद्यालयों में अपनाई गई प्रभावी रणनीतियाँ, निपुण आकलन, दक्षता आधारित शिक्षण, आईसीटी टूल्स व नवाचारों का प्रस्तुतीकरण किया। कार्यशाला का संचालन नोडल शिक्षक संकुल सिंहपुर एवं विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शिखा श्रीवास्तव ने किया। शिक्षक संकुल सुधा तिवारी और बबीता श्रीवास्तव ने लर्निंग आउटकम की चुनौतियों पर प्रकाश डाला, जबकि सहायक अध्यापिका श्रद्धा श्रीवास्तव ने कक्षा एक में निपुण लक्ष्य प्राप्ति हेतु रणनीतियाँ साझा कीं। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने निपुण भारत मिशन, शिक्षक उपस्थिति, आकलन व डीबीटी पर मार्गदर्शन दिया। बैठक में पुष्पलता पाठक, मनोज यादव, सुनील यादव, अवधेश त्रिवेदी, रश्मि पटेल, सीमा सिंह, दिवाशंकर शुक्ला, रामदेवी मिश्रा, अंजुम निशा, सबीहा अंजुम, अमिता वर्मा, दीपक सेंगर, आशीष बाजपेई, संतोष, अनीत मिश्रा, अरविंद्र यादव, साबिर अली, शिमाली श्रीवास्तव, गौरव अवस्थी सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

पटेल की जयंती पर एकता पदयात्रा का आयोजन

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। देश के प्रथम गृहमंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्मजयंती के अभियान के अंतर्गत महमूदाबाद विधानसभा में एकता पदयात्रा का आयोजन हुआ इस यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चैहान उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि सरदार पटेल हमारे महापुरुष होने के साथ-साथ भारत की पहचान व अमूल्य धरोहर हैं उनके द्वारा अखंड भारत के लिए किया गया योगदान अतुल है प्रत्येक भारतवासी सरदार पटेल का तन मन धन से सम्मान करता है और यह सम्मान हम सबको अखंड और एक बनाता है। उनके द्वारा भारत वर्ष में 500 से अधिक रियासतों को मिलाकर अखंड व शक्तिशाली भारत बनाया गया हम सब उनको नमन करते हैं। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया की 150वीं जन्म जयंती पर देश सरदार साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहा है और एकता पदयात्रा के माध्यम से हम सब अखंड भारत की सेवा का संकल्प ले रहे हैं। इस अवसर पर महमूदाबाद विधायक आशा मौर्य, निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर जिला मंत्री सुधीर सिंह मोहन बारी सहित पार्टी के पदाधिकारी समाजसेवी व जन सामान्य उपस्थित रहे।

ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम लगाना अनिवार्य -सर्वेश चतुर्वेदी

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। डालमिया चीनी मिल रामगढ़ के प्रांगण में किसानों और वाहन चालकों के लिए एक वृहद जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। यह कार्यक्रम एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी एवं मिल प्रशासन की संयुक्त पहल पर संपन्न हुआ। गोष्ठी के दौरान सड़क सुरक्षा जागरूकता के तहत लगभग 74 वाहनों पर निःशुल्क रेडियम कवर (रिफ्लेक्टर युक्त कपड़े) लगाए गए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एआरटीओ सर्वेश चतुर्वेदी ने कहा कि गन्ना ढुलाई करने वाले सभी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम लगाना अनिवार्य है, विशेषकर ठंड और कोहरे के मौसम में जब दृश्यता कम हो जाती है। रिफ्लेक्टर लगाने से वाहन दूर से दिखता है और दुर्घटना की संभावना काफी हद तक कम होती है। उन्होंने चालकों को सलाह दी कि कोहरे में वाहन धीमी गति से चलाएं, दृश्यता शून्य होने पर सड़क की सफेद पट्टी का अनुसरण करें, फॉग लाइट व डी-फागर का उपयोग करें तथा वाहन मोड़ते समय दाएं-बाएं देखकर ही आगे बढ़ें। साथ ही वाहनों पर ओवरलोडिंग , ओवर हाइट कर गन्ना की ढुलाई न करे ।ओवर हाइट ,ओवरलोडिंग सड़क हादसों का कारण है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि वाहनों पर मानकानुसार रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप या कपड़ा नहीं लगाया गया तो 10 हजार रुपये तक जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर 25 हजार रुपये जुर्माना और छह माह की सजा का प्रावधान है।

मंधना में ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कल्याणपुर बिकास खंड के अंतर्गत मंधना में बगदौधी बांगर स्थित सिविलियन विद्यालय में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी खंड शिक्षा अधिकारी डॉ अनिल कुमार सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह तथा प्राचार्य डायट नर्वल संतोष कुमार राय द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई।

मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है जो बच्चों में अनुशासन तंदुरुस्ती और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। प्रतियोगिता में ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों से आए प्राथमिक एवं जूनियर स्तर के बालक बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में दौड़ चक्का फेंक गोला फेंक लंबी कूद खो खो कबड्डी पी टी रिले रेस स्काउट गाइड गतिविधियां और योगा जैसी कई स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। सुबह से ही विद्यालय परिसर खेल भावना और उत्साह से सराबोर रहा। बच्चों ने अपनी ऊर्जा कौशल और टीम स्पिरिट के दम पर दर्शकों की जमकर तालियां बटोरीं। शारीरिक शिक्षकों और प्रशिक्षकों की निगरानी में सभी प्रतियोगिताएं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुई। विजयी प्रतिभागियों के चेहरो पर खुशी देखते ही बन रही थी। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना के साथ साथ शारीरिक व मानसिक विकास को भी प्रोत्साहित करती हैं। अंत में निर्णायक मंडल द्वारा विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

आयोजन की सफलता में विद्यालय प्रबंधन शिक्षकगण और स्थानीय अभिभावकों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान बगदौधी ग्राम प्रधान राहुल सिंह रजनी अग्रवाल रिचा सिंह अजय सिंह सचिन प्रदीप यादव शालिनी सिंह अकबरी बेगम आशुतोष निगम धनंजय अवधेश शालिनी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

कल्याणपुर ब्लॉक में शाकभाजी एवं मसाला बीज वितरण मेले का हुआ भव्य आयोजन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कल्याणपुर विकास खंड कार्यालय परिसर में बुधवार को किसानों की भीड़ और खेत खलिहान की चहल-पहल से गूंज उठा। अवसर था एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत आयोजित शाकभाजी एवं मसाला बीज वितरण मेला का जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मेले का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी एव खंड विकास अधिकारी उमेश चन्द्र उत्तम द्वारा किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने किसानों को सब्जी एवं मसाला उत्पादन की आधुनिक तकनीकों उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के चयन फसल चक्र अपनाने और कम लागत में अधिक उत्पादन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह योजना किसानों की आय दोगुनी करने और उन्हें पारंपरिक खेती की सीमाओं से आगे बढ़ाकर विविध फसल उत्पादन की ओर प्रेरित करने में अहम भूमिका निभा रही है। मेले में किसानों को टमाटर बैंगन मिर्च लौकी धनिया मेथी सहित कई उन्नत प्रजातियों के बीज निःशुल्क वितरित किए गए। किसानों ने योजना की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि जागरूकता बढ़ाने और नए प्रयोग करने का साहस देते हैं। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों ने रोग प्रबंधन और जैविक खेती के महत्व पर भी चर्चा की।मेले में बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे और उन्होंने बीज वितरण के साथ साथ तकनीकी परामर्श का भी लाभ उठाया। कल्याणपुर ब्लॉक में आयोजित यह मेला क्षेत्र के किसानों के लिए नए अवसरों और प्रगतिशील खेती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

महज़ कुछ घंटों में 10 वर्षीय अर्पित सकुशल बरामद

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। थाना बिल्हौर क्षेत्र में सोमवार शाम लापता हुए 10 वर्षीय बालक अर्पित उर्फ वैभव को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में सुरक्षित खोज निकालने में सफलता हासिल की। बच्चे की गुमशुदगी की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल तलाश अभियान शुरू किया और अथक प्रयासों के बाद उसे देर रात सकुशल बरामद कर लिया। जानकारी के अनुसार, रामवीर पुत्र बाबूराम, मूल निवासी करौंदा सहानगर थाना ठठिया (कन्नौज) और हाल निवासी ग्राम राजेपुर थाना बिल्हौर, ने शाम 7 बजे थाने पर पहुंचकर बताया कि उनका बेटा अर्पित (10) शाम करीब 4 बजे शौच जाने की बात कहकर घर से निकला था और लौटकर नहीं आया। परिजनों की चिंता बढ़ने पर उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सरोज के निर्देशन में पुलिस टीम सक्रिय हो गई। क्षेत्र में चेकिंग, खोजबीन और लोगों से पूछताछ तेज की गई। पुलिस के निरंतर प्रयासों ने देर रात ही सकारात्मक परिणाम दिए और अर्पित को सुरक्षित व सकुशल बरामद कर लिया गया। बाद में विधिक औपचारिकताएँ पूरी कर बालक को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 अजय कुमार ,उ0नि0 संदीप कुमार प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सरोज ने कहा कि बच्चे की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता थी।

मौसम ने ली करवट ऊनी कपड़ों का बाजार

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। मौसम के करवट लेते ही सर्दी ने रंग दिखाये ओर सहालग शुरू होते ही ऊनी कपड़ों के बाजार ने तेजी पकड़ ली है। ऊनी कपड़ों की खरीदारी के लिए ग्राहकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दुकानदारों के मुताबिक, बच्चों के ऊनी कपड़ों की मांग सबसे ज्यादा है। व्यापारियों को उम्मीद है कि सर्दी बढ़ने पर कारोबार और अच्छा होगा।नवंबर का एक पखवाड़ा बीत चुका है। सर्दी धीरे-धीरे जोर पकड़ रही है। धूप निकलने से दिन में ठंड का असर भले ही महसूस न हो पर सुबह-शाम की सर्दी सिहराने लगी है। इसके अलावा सहालग भी शुरू हो गई है। इसका असर शहर के बाजार में ऊनी कपड़ों की दुकानों पर बढ़ते ग्राहकों के तौर पर नजर आ रहा है। अपनी जरूरत के हिसाब से ऊनी कपड़े खरीदने के लिए लोग बाजार पहुंच रहे हैं। बच्चे स्वेटर, जैकेट, मोजा और दस्ताने आदि की मांग कर रहे हैं।सर्दी बढ़ने के साथ ही कई तरह के कंबलों की खरीदारी भी बढ़ गई है। कपड़ा विक्रेता दीपक ने बताया कि ठंड के साथ सहालग के कारण ऊनी कपड़ों की खरीदारी बढ़ी है।

शिवराजपुर में सपा का बीएलए प्रशिक्षण शिविर

- बूथ सशक्तीकरण को मुनीन्द्र शुक्ला ने बताया 2027 मिशन की कुंजी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को बिल्हौर विधानसभा के शिवराजपुर ब्लॉक में बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) एवं स्थानीय पदाधिकारियों के लिए विशेष एसआईआर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव के निवास पर हुए इस आयोजन का उद्देश्य बूथ संरचना को मजबूत करना और आगामी चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं को तकनीकी रूप से तैयार करना रहा। कार्यक्रम में प्रदेश स्तर से नियुक्त शिवराजपुर एसआईआर प्रभारी नसीरुद्दीन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों, बीएलए की वास्तविक भूमिका, घर-घर सत्यापन, वोटर सूची की त्रुटियों का संकलन और बूथ प्रबंधन के अहम बिंदुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ ही मजबूत परिणाम की गारंटी देता है।÷कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मुनीन्द्र शुक्ला ने की। उन्होंने सभी नियुक्त बीएलए और कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशों से अवगत कराया और समयबद्धता, पारदर्शिता तथा सटीक दस्तावेजीकरण पर विशेष जोर दिया। मुनीन्द्र शुक्ला ने कहा-2027 के मिशन में निर्णायक भूमिका बूथों की है। यदि बूथ मजबूत है तो संगठन मजबूत है, और संगठन मजबूत है तो जीत निश्चित है। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव जितेंद्र कटियार ने किया। कार्यक्रम में मौजूद रहे प्रमुख पदाधिकारी एवं नेता इस दौरान प्रमुख रूप से-जिला उपाध्यक्ष श्यामसुंदर यादव, वरिष्ठ नेता विनय कोरी, जिला पंचायत सदस्य कार्तिकेय शुक्ला, युवा नेता बब्लू मिश्रा, जिला सचिव प्रदीप यादव, अजीत यादव, रज्जन पाल, पूर्व प्रधान छत्रपाल पाल, मोहन यादव, सरवन कोरी, प्रकाश कटियार, कपूर कटियार, नसीम अहमद, मटरू यादव, रामशंकर यादव, राम जीवन कुशवाहा, पप्पू कुशवाहा, श्यामबाबू कुशवाहा, रजोल यादव, अंकित कटियार, चन्नी लाल निषाद, प्रधान सर्वेश वर्मा, विमल पाल, अशरफी लाल, विजय शंकर वर्मा, महेंद्र वर्मा, तथा प्रधान देशराज पाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रान्तीय कबडडी प्रतियोगिता में 19 टीमो ने लिया भाग

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

जिला खेल कार्यालय, खेल निदेशालय उ0प्र0 एवं प्रदेशीय कबड्डी संघ के समन्वय से प्रदेष स्तरीय सीनियर कबड्डी पुरूष आयोजन किया गया जिसमें पूरे प्रदेश 19 टीमों ने प्रतिभाग किया, प्रतियोगिता का उद्घाटन राकेश राठौर गुरू, राज्य मंत्री नगर विकास, उ0प्र0,सरकार के द्वारा उद्घाटन की घोषणा कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया, इस मौके पर खेल निदेशालय के नियुक्त प्रतियोगिता प्रवेक्षक राजेश कुमार सोनकर, क्रीड़ा अधिकारी, व उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ के महासचिव राजेश कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ के चेयर मैन विनोद कुमार यादव एवं समस्त निर्णायक, आशीष सिंघानियां प्रबन्धक सिघांनिया एजूकेशनल इस्टीटयूट्री कुवंर अभिषेक सिंह, मैनेजर, सीतापुर शिक्षण संस्थान, राज शर्मा, जिला व्यायाम शिक्षक, जिला खेल कार्यालय,सीतापुर के खेल प्रशिक्षक सुरेन्द्र कुमार लाल, अरूण गौतम, मंयक आनंद, देवेन्द्र कुमार व खेल कार्यालय महमूदाबाद, के प्रशिक्षक आनंद कुमार सोनकर, जय शंकर एवं जिला खेल कार्यालय, सीतापुर समस्त स्टाफ व खिलाड़िगण आदि उपस्थिति थे।सर्वप्रथम प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी, द्वारा मुख्य अतिथि को बुके देकर संमानित किया गया तत्पश्चात जिला अधिकारी, के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया एवं गुब्बारे छोड़कर कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। इसके उपरान्त प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी के द्वारा अपने संबोधन में माननीय मंत्री जी को प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी दी सभी का धन्यवाद ज्ञाप्ति किया। विज्ञप्ति लिखे जाने तक आज के मैच के परिणाम इस प्रकार रहे।पहला मैच- आगरा बनाम अमेठी छात्रावास के मध्य खेला गया जिसमें मैच आगरा ने 20-16 से विजय प्राप्त की दूसरे मैच में अलीगढ़ बनाम झांसी के मध्य खेला गया जिसमें अलीगढ़ ने 50-19 विजय प्राप्त की। तीसरे अंतिम मैच में मिर्जापुर बनाम बरेली के मध्य खेला गया जिसमें मैच बरेली ने 32-12 से विजय प्राप्त की।

राजकीय हाई स्कूल आलियापुर में करियर गाइडेंस मेला, विशेषज्ञों ने छात्रों को दिखाया बेहतर भविष्य का मार्ग

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

राजकीय हाई स्कूल आलियापुर में करियर गाइडेंस फॉर गर्ल्स के तत्वावधान में आयोजित करियर गाइडेंस मेले में सोमवार को शिक्षा, चिकित्सा, पुलिस, तकनीकी एवं कौशल विकास विभागों के विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं को भविष्य की राह चुनने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव और मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा और विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों से परिचित कराना रहा। प्रधानाचार्य रामरानी पालीवाल के नेतृत्व में विद्यालय परिवार ने पूरे आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। शिक्षा, चिकित्सा और कौशल विकास विभाग ने साझा किए उपयोगी सुझाव-शिक्षा विभाग से पहुँचीं करियर गाइडेंस ट्रेनर गरिमा ने छात्रों को विषय चयन, उच्च शिक्षा की दिशा और करियर योजना पर आवश्यक जानकारी प्रदान की।चिकित्सा विभाग से आईं डॉ. शबाना अपनी टीम के साथ मौजूद रहीं और उन्होंने मेडिकल क्षेत्र में उपलब्ध कोर्स, प्रशिक्षण, और स्वास्थ्य सेवा से जुड़े करियर विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की।कौशल विकास योजना के प्रतिनिधि दुष्यंत ने बताया कि विद्यालय में कंप्यूटर प्रशिक्षण संचालित है, जिसके बाद छात्रों को प्रमाणपत्र दिया जाएगा। उन्होंने कौशल-आधारित रोजगार की बढ़ती संभावनाओं को भी रेखांकित किया। आईटीआई बिल्हौर ने तकनीकी शिक्षा के महत्व पर किया जोर- आईटीआई बिल्हौर के इंस्ट्रक्टर मोहन शर्मा ने छात्रों को तकनीकी शिक्षा के महत्व के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि हाई स्कूल में अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थी राजकीय आईटीआई बिल्हौर में प्रवेश लेकर रोजगारपरक शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।उन्होंने यह भी बताया कि एक ट्रेड में 2500 से अधिक रिक्तियों पर नियुक्तियाँ की गईं, जिनमें कई आईटीआई पास युवाओं को सफलतापूर्वक रोजगार मिला। इस जानकारी से छात्रों में उत्साह देखा गया।

लड़की को लेकर युवक फरार

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। महोली कोतवाली इलाके में युवक द्वारा युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा गया कि अमन पुत्र स्व. राकेश निवासी ग्राम सेमोरा कला थाना महोली बहला फुसलाकर भगा ले लिया। पुलिस ने केस दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही करनी शुरू कर दी है। महोली कोतवाल ने बताया कि मामला 12 नवम्बर का है केस दर्ज है मामले की जांच की जा रही है तथ्यों के आधार पर कार्यवाही की जायेगी तथा आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

एसआईआर के अतिरिक्त काम को बोझ नहीं देश के लिए योगदान देने का अवसर समझें बीएलओ

बहरहाल, मतदाता सूची सिर्फ एक दस्तावेज नहीं, बल्कि लोकतंत्र का जन-धर्म है। इसमें कार्यरत बीएलओ और कर्मचारी केवल सरकारी अधिकारी नहीं, बल्कि लोकतंत्र के अग्रिम पंक्ति के सिपाही हैं। अगर थोड़ा अतिरिक्त दायित्व आया है, तो यह बोझ नहीं, बल्कि योगदान का अवसर है। यह समय नकारात्मक माहौल बनाने का नहीं, बल्कि लोकतंत्र की शुचिता हेतु कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ने का है।

भारत में मतदाता सूची का शुद्धिकरण मात्र एक प्रशासनिक कार्य नहीं, बल्कि लोकतंत्र की गुणवत्ता और उसकी विश्वसनीयता को मजबूत करने वाला राष्ट्रहित का अभियान है। विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य है कि हर योग्य मतदाता को मतदान अधिकार मिले और फर्जी या निष्क्रिय नाम हटाए जाएँ। लेकिन हाल के दिनों में केरल, तमिलनाडु और राजस्थान से आई आत्महत्या और विरोध से जुड़ी खबरों ने इस महत्वपूर्ण अभियान के प्रति नकारात्मक वातावरण बना दिया है। सवाल यह नहीं कि काम का दबाव था या नहीं, बल्कि यह कि क्या समस्याओं का समाधान संवाद, शिकायत और सहयोग से होना चाहिए या आत्महत्या जैसे कठोर कदमों से केरल में बीएलओ अनीश जॉर्ज और राजस्थान में बीएलओ मुकेश जांगिड की आत्महत्या ने भावनात्मक माहौल तो बना दिया, लेकिन इससे स्ढ्क्र के खिलाफ अनावश्यक नकारात्मकता भी फैलने लगी है। निश्चित रूप से यदि किसी कर्मचारी पर अनुचित दबाव या प्रशासनिक अव्यवस्था हो तो संबंधित विभाग, वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारी संगठनों के माध्यम से उसकी शिकायत की जानी चाहिए। प्रशासनिक व्यवस्थाएं संवाद के लिए बनी हैं, संघर्ष या आत्मसमर्पण के लिए नहीं। देखा जाये तो दुःखद घटनाओं को तर्कहीन विरोध का आधार बनाना उस लोकतांत्रिक व्यवस्था की अनदेखी है जो प्रत्येक कर्मचारी को अपनी बात रखने का मंच देती है। आत्महत्या न तो समाधान है और न ही संदेश– यह केवल व्यक्तिगत, पारिवारिक और संस्थागत पीड़ा का स्रोत बनती है। यह सत्य है कि बीएलओ के ऊपर कई जिम्मेदारियाँ होती हैं– स्कूल का कार्य, राजस्व विभाग का दायित्व, पंचायत या नगरपालिका की गतिविधियाँ और साथ ही मतदाता सूची पुनरीक्षण। लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि हर महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में कुछ अतिरिक्त प्रयास की अपेक्षा स्वाभाविक है। एसआईआर एक साधारण प्रक्रिया नहीं, बल्कि राष्ट्र के लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करने का अभियान है। यह सुनिश्चित करता है कि कोई पात्र नागरिक मतदान से वंचित न रहे और कोई फर्जी नाम लोकतंत्र की शुचिता को प्रभावित न करे। ऐसे में यदि किसी कर्मचारी के हिस्से में थोड़ा अतिरिक्त श्रम आता है, तो इसे राष्ट्रहित में श्रमदान की तरह स्वीकार करना चाहिए। अगर बीएलओ अपना दायित्व सकारात्मक सोच के साथ निभाएं, तो यह बोझ नहीं, बल्कि गौरव की भूमिका बन सकती है– एक ऐसी भूमिका जो चुनाव की विश्वसनीयता का आधार तैयार करती है। तमिलनाडु में कुछ कर्मचारी संगठनों ने एसआईआर अभियान के बहिष्कार की घोषणा की है, मगर ज़रूरत इस बात की है कि बहिष्कार या नकारात्मक माहौल बनाने की बजाय, प्रक्रियाओं को सरल बनाने, समयसीमा को व्यावहारिक बनाने और डिजिटल प्रशिक्षण देने जैसे रचनात्मक सुझाव दिए जाएँ। यदि रात में बैठकें करना समस्या हैं, तो उनके समय को विनियमित किया जा सकता है, लेकिन प्रक्रिया को रोकना समाधान नहीं है। गुणवत्ता मात्रा पर भारी होनी चाहिए। निश्चित रूप से सही तथ्य जरूरी हैं, लेकिन यह गुणवत्ता भी तभी संभव है जब हम जिम्मेदारियों से भागने की बजाय, उन्हें सही तरीके से निभाने का मार्ग खोजें। यह भी आवश्यक है कि सरकार और चुनाव आयोग बीएलओ को उचित प्रशिक्षण, पर्याप्त समय, तकनीकी सहयोग और मानदेय उपलब्ध कराएं। यदि प्रशासन सहयोगी और संवेदनशील हो, तो कर्मचारी भी प्रेरित होकर इस अभियान में नई ऊर्जा के साथ भाग लेंगे। लेकिन इसी के साथ कर्मचारियों को भी चाहिए कि छोटी-छोटी प्रशासनिक बाधाओं को जीवन-मूल्य के साथ न जोड़ें, बल्कि रचनात्मक तरीके से समस्या का समाधान खोजें।

एक्सप्रेस आलेख

यह केवल सत्ता की नीतियों पर ही नहीं, बल्कि जनता की जागरूकता, मीडिया की ईमानदारी और राजनीतिक दलों की नैतिक प्रतिबद्धता पर भी निर्भर करेगा। आज बिहार के पास अवसर है कि वह खुद को एक प्रगतिशील, शिक्षा-संपन्न, रोजगार-समृद्ध, सुरक्षित और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में स्थापित करे। बिहार की यह जीत इतिहास में दर्ज होगी-सिर्फ इसलिए नहीं कि परिणाम अप्रत्याशित थे, बल्कि इसलिए कि इसने एक नए अध्याय के लिखे जाने की उम्मीद जगाई है। अब समय है कि यह उम्मीद हकीकत में बदल सके। राजनीति तभी सार्थक होगी जब यह जनता के जीवन को बेहतर बनाने का माध्यम बने और बिहार इस दिशा में देश के लिए एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत कर सके।

बिहार जीत से उभरी नई उम्मीदें और गहरी चुनौतियां

ललित गर्ग

जब केंद्र और राज्य की नीतियों में तालमेल होगा, तब ही आर्थिक सुधार, निवेश, उद्योग, रोजगार-सृजन और आधारभूत संरचना के बड़े सपने साकार होंगे। बिहार को अब केवल वित्तीय सहायता की ही नहीं, बल्कि विकास की स्थायी संरचना की जरूरत है, जिससे आने वाली पीढ़ियां लाभान्वित हों। लेकिन इन सबके बीच एक बड़ा प्रश्न मन को झकझोरता है- लोकतंत्र में चुनाव कब तक केवल 'सौदेबाजी' बने रहेंगे?

बिहार का यह चुनाव केवल एक राजनीतिक मुकाबला नहीं था, बल्कि लोकतंत्र की चेतना, जनता के विश्वास और नेतृत्व की विश्वसनीयता को परखने का अवसर भी था। परिणाम जिस तरह सामने आए, उन्होंने न केवल बिहार बल्कि पूरे देश एवं दुनिया को चौका दिया। यह जीत केवल गठबंधन की सामूहिक ताकत की नहीं, बल्कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में वर्षों से स्थापित सुशासन मॉडल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जनता के अटूट भरोसे का परिणाम है। बिहार की महिलाओं ने इस चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाई है-उनकी उम्मीदें, उनका साहस और उनका भरोसा इस परिणाम के मूल में खड़ा दिखाई देता है। बिहार में इतने एकतरफा नतीजे की उम्मीद किसी को नहीं रही होगी। चुनाव प्रचार के दौरान जो लड़ाई टक्कर की दिख रही थी, वह आखिर में केवल भ्रम साबित हुई। जनता ने न महागठबंधन के बदलाव के नारे पर यकीन किया और न ही प्रशांत किशोर की अलग राजनीति पर भरोसा जताया, बल्कि खुद को परिपक्व एवं जागरूक प्रदर्शित करते हुए मूल्यों एवं विकास के मानकों पर मतदान दिया। आंकड़ों का विश्लेषण होता रहेगा, लेकिन मोटे तौर पर यह परिणाम कई संदेश देता है कि अब बिहार जंगलराज नहीं चाहता, विकास की नई सुबह देखना चाहता है, एसआईआर को वोट चोरी के रूप में दी गयीप्रस्तुति उसे स्वीकार्य नहीं हुई, वह अतीत के भ्रष्ट शासन से मुक्ति के लिये अतीत की त्रासद यादों एवं भविष्य के सुनहरे भविष्य के बीच चयन करते हुए लालू-राबड़ी यादव के शासनकाल की की काली छाया नहीं चाहता। भले ही तेजस्वी यादव पूरे समय इसी नैरेटिव को तोड़ने में लगे रहे कि वक्त बदल चुका है और वह दौर अब नहीं लौटेगा। उन्होंने उल्टे अपराध पर नीतीश सरकार को घेरने की कोशिश की, पर सफल नहीं रहे। नीतीश कुमार के लिए 20 बरसों में यह पहला विधानसभा चुनाव था, जहां वह गठबंधन का तो चेहरा थे, पर सीएम पद के उम्मीदवार नहीं थे। उनकी छवि को धुंधलाने एवं उन्हें बीमार घोषित करने के भी पूरे प्रयत्न हुए लेकिन, परिणाम ने साबित किया है कि नीतीश अब भी बिहार के सबसे बड़े राजनीतिक प्रतीक एवं सुशासन-पुरुष हैं। वह अब तक नौ बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं, कई बार उन्होंने पाला बदला, लेकिन जनता का यकीन उन पर बना हुआ है। इसकी बड़ी वजह उनकी बेदाग छवि भी है। लेकिन इस बार उनकी चुनौतियां भाी बड़ी है। वैसे लोकतंत्र की खूबसूरती यह है कि जीत जितनी बड़ी होती है, चुनौतियां भी उतनी ही व्यापक हो जाती हैं। बिहार में एनडीए की इस ऐतिहासिक विजय के बाद जिस दौर की शुरुआत हो रही है, वह उत्साह से कहीं अधिक जिम्मेदारी का दौर है। नीतीश कुमार एक बार फिर मुख्यमंत्री बन रहे हैं, यह अपने-आप में निरंतरता, स्थिरता और सुशासन की अपेक्षाओं को नयी ऊँचाई देता है। परंतु अब

नीतीश कुमार के लिए 20 बरसों में यह पहला विधानसभा चुनाव था, जहां वह गठबंधन का तो चेहरा थे, पर सीएम पद के उम्मीदवार नहीं थे। उनकी छवि को धुंधलाने एवं उन्हें बीमार घोषित करने के भी पूरे प्रयत्न हुए लेकिन, परिणाम ने साबित किया है कि नीतीश अब भी बिहार के सबसे बड़े राजनीतिक प्रतीक एवं सुशासन-पुरुष हैं।

उनके सामने जो प्रश्न खड़े हैं, वे कहीं अधिक गहरे, जटिल और चुनौतीभरे हैं। बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की करारी हार केवल एक राजनीतिक पराजय नहीं, बल्कि परिवारवादी राजनीति के प्रति जनता की निर्णायक और स्पष्ट निष्पत्ति है। मतदाताओं ने यह संदेश दो टूक दिया है कि राजनीति किसी परिवार, वंश या व्यक्तिगत प्रभुत्व की जागीर नहीं हो सकती। खासकर क्षेत्रीय दलों में फैला वंशवाद, व्यक्तिवाद और उत्तराधिकार की अनिवार्य राजनीति जनता को लगातार विचलित करती रही है। परिणामों ने यह उजागर कर दिया कि अब मतदाता सिर्फ चेहरे और परिवारों के मोहजाल में नहीं फँसना चाहते, बल्कि वे विकास, पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को प्राथमिकता देने लगे हैं। महागठबंधन की हार उसी व्यापक जनभावना का परिणाम है, जिसमें जनता ने यह तय कर दिया कि लोकतंत्र में जनता की सत्ता सर्वोपरि है, किसी भी राजनीतिक खानदान की नहीं। बिहार की सबसे बड़ी चुनौती रोजगार की है। वर्षों से यह राज्य बेरोजगारी के दर्द से जूझता रहा है। करोड़ों युवाओं की आंखों में नौकरी, अवसर और सुरक्षित भविष्य का सपना है। चुनावी वादे जिस उत्तेजना के साथ किए जाते हैं, उन्हें व्यवस्थित नीति, धैर्य और राजनीतिक ईमानदारी से लागू करना किसी भी सरकार के लिए आसान कार्य नहीं होता। लेकिन जनता ने इस बार उम्मीदों की जो गठरी सौंपी है, वह स्पष्ट संकेत है कि अब पूरा बिहार ठोस काम चाहता है, खोखले वादे नहीं। दूसरी बड़ी चुनौती कानून-व्यवस्था की है। सुशासन का मॉडल तभी सार्थक है जब आम नागरिक के जीवन में सुरक्षा की ठोस अनुभूति हो। अपराध, राजनीतिक संरक्षण, दंगा-फसाद और अराजकता किसी भी समाज की प्रगति को रोकते हैं। नीतीश कुमार से जनता की अपेक्षा है कि वे एक बार फिर वही कठोरता, वही व्यवस्था और वही संतुलित रणनीति लेकर आएंगे, जिसने कभी 'जंगलराज' को समाप्त कर सुशासन का नया इतिहास लिखा था। महिलाओं से किए गए वादे भी अब सरकार की प्राथमिक कसौटी बनेंगे। आधी आबादी ने जिस उत्साह और भरोसे के साथ एनडीए को पुनः सशक्त किया है, यह सरकार के लिए प्रेरणा के साथ-साथ उत्तरदायित्व भी है। सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक सम्मान-ये पांच मुद्दे बिहार की महिलाओं की असली जरूरत हैं, और चुनावी वादों का मूल्यांकन भी अब इन्हीं पर होगा। बिहार की अर्थव्यवस्था की मजबूती केंद्र सरकार के सहयोग पर भी निर्भर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और उनके विकास-एजेंडे ने इस चुनाव को निर्णायक रूप दिया। जब केंद्र और राज्य की नीतियों में तालमेल होगा, तब ही आर्थिक सुधार, निवेश, उद्योग, रोजगार-सृजन और आधारभूत संरचना के बड़े सपने साकार होंगे। बिहार को अब केवल वित्तीय सहायता की ही नहीं, बल्कि विकास की स्थायी संरचना की जरूरत है, जिससे आने वाली पीढ़ियां लाभान्वित हों। लेकिन इन सबके बीच एक बड़ा प्रश्न मन को झकझोरता है-लोकतंत्र में चुनाव कब तक केवल 'सौदेबाजी' बने रहेंगे? कब तक वादों की भीड़, लुभावने नारों और जातीय समीकरणों के आधार पर जनता के विश्वास की खरीद-फरोख्त चलती रहेगी? आखिर लोकतंत्र की स्वस्थ दिशा क्या हो? यह चुनाव परिणाम हमें इस सवाल के सामने खड़ा करता है कि राजनीति को फिर से मूल्यों, दृष्टि, दीर्घकालिक योजनाओं और नैतिकता की ओर लौटना होगा। लोकतंत्र की प्रतिष्ठा तभी बचेगी जब राजनीति भविष्यदर्शी बने, जब चुनाव उत्सव कम और उत्तरदायित्व अधिक हों। बिहार, जिसे कभी पिछड़ेपन, गरीबी, पलायन और अपराध का प्रदेश कहा जाता था।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नही आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	अमावस्या 12:16 तक
नक्षत्रः	विशाखा 10:51 तक
पक्षः	कृष्ण
वारः	गुरुवार
योगः	शोभना, 09:50 तक
सूर्योदयः	06:46
सूर्यास्तः	17:19
चंद्रमाः	वृश्चिक राशि में
राहुकालः	09:29-10:47
विक्रमी संवत्:	2082
शक सम्वतः	1947
मासः	मार्गशीर्ष
शुभ मुहूर्तः	11:45-12:27

जन एक्सप्रेस

है मचा बवाल !

लेकर के सुरक्षा को ।
है मचा बवाल ।।
मौसम है चुनावी ।
मचा है बवाल ।।
रस्साकस्सी चल रही ।
कौन जिम्मेदार ?
हर तरफ से हो रहे ।
शब्दों के प्रहार ।।
ना दो मुझे सुरक्षा ।
बात निकल कर आई ।।
हरकतों से ऐसी ।
होती जगहंसाई ।।
रहें सब महफूज़ ।
हो काम इस प्रकार ।।
रहें सब सुरक्षित ।
जो सबका अधिकार ।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

हीमोग्लोबिन बढ़ाने के लिए रोज खाएं चुकंदर

आज के समय में अक्सर लोग अचानक कमजोरी, चक्कर आना, चेहरे पर पीलापन, बाल झड़ने या सांस चढ़ने जैसी समस्याओं से परेशान रहते हैं। कई बार इन लक्षणों को लोग मौसम का असर मान लेते हैं, लेकिन असल वजह शरीर में हीमोग्लोबिन लेवल का गिरना हो सकती है। हीमोग्लोबिन की कमी आज सिर्फ महिलाओं में ही नहीं, बल्कि किशोरों, ऑफिस जाने वाले लोगों और जिम करने वालों में भी तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में डॉक्टर और न्यूट्रिशनिस्ट जिस एक चीज का नाम सबसे पहले लेते हैं, वह है चुकंदर। चुकंदर वह सब्जी है जिसे शायद बच्चे सबसे कम पसंद करते हैं और बड़े भी उसे थोड़े संकोच से ही खाते हैं लेकिन यही चुकंदर आपके खून में ऑक्सीजन ले जाने की क्षमता बढ़ाता है, नई आरबीसी बनाता है और शरीर में आयरन की कमी को प्राकृतिक रूप से पूरा करता है। डाइटिशियन एवं न्यूट्रिशनिस्ट अर्चना जैन के अनुसार, एक सामान्य स्वस्थ व्यक्ति के लिए रोजाना 1 मीडियम साइज चुकंदर (100-150 ग्राम) खाना पर्याप्त माना जाता है। अगर आपका हीमोग्लोबिन काफी कम है या आपको एनीमिया है, तो आप रोजाना 150-200 ग्राम तक चुकंदर ले सकते हैं। अगर आपको किडनी स्टोन की समस्या है, तो मात्रा बहुत कम रखें और प्रेग्नेंट महिलाओं को डॉक्टर की सलाह के अनुसार ही मात्रा लेनी चाहिए।

चुकंदर खाने के तरीके: चुकंदर को कई तरीकों से डाइट में शामिल किया जा सकता है। सही तरीका अपनाने से हीमोग्लोबिन तेजी से बढ़ता है और शरीर इसे बेहतर तरीके से अवशोषित करता है।

चुकंदर का जूस: सुबह खाली पेट 100-150 द्वद्य चुकंदर का जूस पीने से आयरन आसानी से शरीर में अवशोषित होता है। इसे गाजर, आंवला या अनार के साथ मिलाकर पीने से फायदा दोगुना हो जाता है।

सलाद के रूप में: कच्चा चुकंदर पतले स्लाइस में काटकर सलाद के रूप में खाना सबसे प्राकृतिक तरीका है। इसमें नींबू डालें जिससे विटामिन ष्ट आयरन को बेहतर तरह से अवशोषित करने में मदद करेगा।

उबालकर या स्टीम करके खाना: उबालने से चुकंदर थोड़ा मुलायम हो जाता है और कमजोरी वाले लोगों के लिए पचाना आसान होता है।

सूप के रूप में: सर्दियों में चुकंदर सूप शरीर को गर्म रखता है और आयरन की कमी तेजी से पूरी करता है।

निष्कर्ष: चुकंदर हीमोग्लोबिन बढ़ाने के लिए एक प्राकृतिक और सुरक्षित विकल्प है। रोजाना 100-150 ग्राम चुकंदर खाने से शरीर में खून की कमी दूर होती है, एनर्जी लेवल बढ़ता है और इम्यून सिस्टम मजबूत होता है लेकिन इसे सही मात्रा में, सही तरीके से और सही फूड कॉम्बिनेशन के साथ लेना बेहद जरूरी है।

एक्सप्रेस विशेष

समाजवाद से दूरी ने कहीं का नहीं छोड़ा

उमेश चतुर्वेदी

प्रियंका और कंचना जेएनयू की उसी परंपरा में पगी-डूबी छात्रा हैं, इसलिए वे बिहार के समाज को भी उसी अंदाज में समझ रही थीं और अपने हिसाब से राष्ट्रीय जनता दल को उसी नजरिए से आगे बढ़ा रही थीं।

सवाल यह है कि आखिर राष्ट्रीय जनता दल से समाजवाद की विदाई क्यों हुई? इस सवाल का जवाब तलाशना कोई राकेट साइंस नहीं है। वामपंथी वैचारिकी के करीब होने के साथ ही तेजस्वी उस राहुल गांधी के भी करीब हैं, जिन्हें हर समस्या का समाधान वामपंथी सोच में ही नजर आती है। हिंदुत्व का विरोध उनका प्रमुख राजनीतिक दर्शन है। तेजस्वी भी यही कर रहे थे।

बिहार में एनडीए की जीत को अपने-अपने नजरिए से देखा और विश्लेषित किया जा रहा है। बिहार में एनडीए की जीत के पीछे किसी को चुनाव आयोग की मिलीभगत दिख रही है तो किसी को सत्ता का दुरूपयोग तो कोई इसे भीतरघात के रूप में देख रहा है। लेकिन किसी ने इस तथ्य पर ध्यान दिया कि बिहार के पूरे प्रचार अभियान में सत्ता के दावेदार विपक्षी गठबंधन ने कितनी बार कर्पूरी ठाकुर का नाम लिया, लोहिया की सप्त क्रांति की बात छोड़िए, कितनी बार जयप्रकाश नारायण की संपूर्ण क्रांति की चर्चा हुई? यह सवाल इसलिए जरूरी और वाजिब लगता है, क्योंकि महागठबंधन की अगुआई जो राष्ट्रीय जनता दल कर रहा है या कर रहा था, घोषित तौर पर लालू प्रसाद यादव उसके प्रमुख हैं। जो नहीं जानते हैं, उनके लिए यह बताना जरूरी है कि लालू यादव जिस आंदोलन की उपज माने जाते हैं, उस जेपी आंदोलन के अगुआ जयप्रकाश नारायण रहे हैं। जयप्रकाश नारायण कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के संस्थापकों में से थे और लालू यादव के राष्ट्रीय जनता दल घोषित तौर पर समाजवादी विचारधारा वाला दल है। जिस तरह लालू परिवार की सिरफुट्टौवल की बातें चारदीवारी से बाहर आ रही हैं, उससे साबित हो रहा है कि लालू अपनी पार्टी के सिर्फ कहने भर के अध्यक्ष हैं। पार्टी पर उनकी बजाय तेजस्वी यादव की पकड़ कहीं ज्यादा मजबूत है। एक तरह से कह सकते हैं कि तेजस्वी ही इस पार्टी के मालिक हैं। तेजस्वी जिन लोगों से घिरे हुए हैं, उन्हें तपी-तपाई समाजवादी विचारधारा से कुछ लेना-देना नहीं है। पार्टी भले ही घोषित रूप से समाजवादी हो, लेकिन हकीकत में पार्टी पर वामपंथी वैचारिक धारा का कब्जा है। तेजस्वी के करीबी संजय यादव और रमीज का नाम घर से बाहर निकाले गए तेजप्रताप यादव ने कभी खुलकर नहीं लिया, लेकिन घर से बेआबरू होकर निकली लालू यादव की दूसरी बेटी रोहिणी ने दोनों का खुलकर नाम ले लिया है। वैसे बिहार में पहले से ही चर्चा थी कि तेजस्वी को इन्हीं दोनों नामों पर भरोसा है। पता नहीं, इन दोनों ने हाथ तेजस्वी कौन की नस दबी है, लेकिन अब साफ हो गया है कि परिवार की कीमत पर अगर तेजस्वी इन पर भरोसा करते हैं तो तय है कि इसके पीछे कुछ न कुछ गंभीर कारण जरूर हैं। उनकी सियासी प्रतिभा नहीं। अगर उनकी सियासी प्रतिभा होती तो बेशक तेजस्वी आज सरकार बनाने की स्थिति में नहीं होते, लेकिन कम से शर्मनाक हार के किनारे पर उनका दल नहीं पहुंचा होता। जनता दल से अलग राष्ट्रीय जनता दल गठित करते वक्त ही तय हो गया था कि समाजवादी दर्शन की खोल में राष्ट्रीय जनता दल परिवारवाद का परचम लहराने की कोशिश करेगा। उसने लहराया भी, लेकिन उसने गांधी, लोहिया और जयप्रकाश के नाम का मुखौटा धारण किए रखा। 2025 का विधानसभा चुनाव पहला ऐसा चुनाव रहा, जिसमें ना तो टीवी और अखबारी चर्चाओं में इस दल ने लोहिया, जयप्रकाश या कर्पूरी ठाकुर का नाम लिया, ना ही मैदानी चुनावी सभाओं में इस पर फोकस किया गया। राष्ट्रीय जनता दल का टेलीविजन चैनलो पर पक्ष रखने के लिए तीन महिलाएं आगे कर दी गईं। प्रियंका भारती, कंचना यादव और सारिका पासवान को सौम्य और मृदु मृत्युंजय तिवारी और पढ़ाकू बौद्धिक मनोज झा के मुकाबले तवज्जो दी गई। तीनों महिलाएं बहस कम, बदतमीजी ज्यादा करती दिखीं। उन्हें लगा कि दबंग आवाज में अपनी बात रखेंगे तो वह दूर तक सुनी जाएगी। इन्होंने अपने विपक्षी नेताओं को खुलेआम अपशब्द कहे, उन्हें नीचा दिखाने की कोशिश की। आधुनिक टेलीविजन विमर्श के बड़े और गंभीर चेहरे सुधांशु त्रिवेदी से प्रियंका ने जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया, उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। कंचना ने तो शुभ्रास्था के साथ सड़क छाप भाषा का इस्तेमाल किया। प्रियंका और कंचना भारतीय शिक्षा व्यवस्था में लालगढ़ के रूप में विख्यात जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की छात्राएं हैं। यह ठीक है कि जेएनयू पढ़ाई का संस्कार तो देता है, लेकिन उसका संकट यह है कि वह भारतीय समाज को वामपंथी चश्मे से देखने और समझने का जबर्दस्ती संस्कार थोप देता है। समाज की हर समस्या के मूल को रामास्वामी पेरियार और महात्मा फुले के वैचारिक दर्शन के ही सहारे ढूंढ़ता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक-मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण कार्य की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी विस्तृत जानकारी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रभाव पुनरीक्षण-2026 का कार्य जनपद में तेज़ी से चल रहा है। बीएलओ घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं और उन्हें भरवाकर वापस प्राप्त करने की प्रक्रिया भी निरंतर जारी है। बुधवार को दोपहर 1 बजे गांधी सभागार, कलक्ट्रेट में जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन के लिए 1522 बीएलओ और 172 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में उप जिलाधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा 52 जनपद स्तरीय अधिकारी इस प्रक्रिया का पर्यवेक्षण कर रहे हैं। सभी अधिकारियों को आयोग के निर्देशों के अनुरूप विस्तृत प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

जिलाधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन गणना प्रपत्रों को भरने, बीएलओ द्वारा वितरण, फार्म प्राप्त करने और डिजिटाइजेशन की संपूर्ण प्रक्रिया पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। इस कार्य की प्रतिदिन समीक्षा जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा की जा रही है। 19 नवंबर 2025 की स्थिति के अनुसार जनपद के कुल 14,67,988 मतदाताओं में से 14,67,703 व्यक्तियों को गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। इनमें से 97,528 भरे हुए प्रपत्र वापस प्राप्त हो गए हैं और इनका डिजिटाइजेशन कर लिया गया है। गणना प्रपत्रों की प्रक्रिया को जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव एवं अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित कर विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अलावा व्यापार मंडल पदाधिकारी, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के चेयरमैन तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठकें कर पूरे अभियान की जानकारी साझा की गई। निर्वाचन विभाग द्वारा जनपद में एसआईआर-2026 को समयबद्ध रूप से पूरा करने के लिए सभी स्तरों पर अभियान जारी है।

कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन हुआ सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। राजकीय बालिका हाईस्कूल मुकुंदा-फूलबेहड खीरी मंगलवार को कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में फूलबेहड़ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह को आमंत्रित किया गया करियर मेले का प्रारंभ दीप प्रज्वलित करके छात्रों द्वारा की गई कई गतिविधियों के माध्यम से मेले का आयोजन किया गया जिसमें छात्र - छात्राओं को कैरियर संबंधी जानकारी और सुझाव दिए गए ताकि वह भविष्य में सही कैरियर चुनकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति करें विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती सुमन भार्गव सहित गूम विद्यालय की अतिथि शिक्षिका कुसुम देवी ग्राम प्रधान श्री जगदीश प्रसाद, उमाशंकर तिवारी आदि ने भी सही कैरियर चुनने पर छात्रों को मार्गदर्शन दिया।

यातायात माह में चालक व आमजन जागरूक, मेडिकल कैंप से लेकर रिफलेक्टर लगवाने तक चला अभियान

- डिग्री कॉलेज चौराहे पर मेडिकल कैंप, 76 चालान और 72,500 रुपये शमन शुल्क

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

यातायात माह नवंबर 2025 के अंतर्गत बुधवार को यातायात पुलिस ने शहर में कई महत्वपूर्ण गतिविधियाँ संचालित कीं। क्षेत्राधिकारी यातायात विधिभूषण मौर्य और सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में डिग्री कॉलेज चौराहे पर जागरूकता कार्यक्रम और मेडिकल कैंप आयोजित किया गया। अभियान में यातायात पुलिस, परिवहन विभाग और जिला अस्पताल के चिकित्सकों की टीम शामिल रही।

डिग्री कॉलेज चौराहे पर लगा मेडिकल कैंप

अभियान के तहत ऑटो, टैक्सी, ई-रिक्शा, बस और अन्य सार्वजनिक वाहनों के चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए जिला अस्पताल के चिकित्सकों की मदद से मेडिकल कैंप लगाया गया। इसमें चालकों के नेत्र परीक्षण, ब्लड प्रेशर, शुगर स्तर और सामान्य स्वास्थ्य की जांच की गई। अधिकारियों ने बताया कि स्वस्थ चालक सुरक्षित यातायात का आधार होता है, इसलिए यह परीक्षण अत्यंत आवश्यक है।

गन्ना परिवहन वाहनों पर लगाए गए रिफ्लेक्टर

इसी क्रम में गन्ना परिवहन करने वाले ट्रक, ट्रैक्टर-ट्राली और भारी वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए। टीम ने वाहनों की लाइट, ब्रेक और सुरक्षा उपकरणों की भी जांच की। वाहन चालकों को समझाया गया कि रिफ्लेक्टर रात में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

यातायात नियमों का पालन करने की अपील

अधिकारियों ने वाहन चालकों और आमजनमानस को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, हेलमेट और सीटबेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने की अपील की। छात्रों को भी सुरक्षित यातायात के महत्व से अवगत कराया गया।

चालान और डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई

अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 76 वाहन चालकों के चालान किए गए और 72,500 रुपये शमन शुल्क वसूला गया। साथ ही 16 डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें जब्त/ चालानित किया गया।

पूरे माह चलेगा जागरूकता अभियान

यातायात पुलिस ने बताया कि नवंबर माह को यातायात जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। आने वाले दिनों में स्कूलों, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों, बाजारों और मुख्य चौराहों पर जागरूकता कार्यक्रम जारी रहेंगे।

ज्ञान जूनियर प्रीमियर क्रिकेट लीग का भव्य समापन

ग्लोरियस हाउस ने रोमांचक जीत के साथ ट्रॉफी पर जमाया कब्ज़ा

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय ज्ञान जूनियर प्रीमियर क्रिकेट लीग का समापन बुधवार को बेहद रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। 18 एवं 19 नवंबर को आयोजित इस वार्षिक क्रिकेट महोत्सव में छात्रों ने बेहतरीन खेल कौशल और अनुशासन का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन 18 नवंबर को विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल के बीच किया गया। उद्घाटन अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा और प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा उपस्थित रहीं। दोनों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और प्रतियोगिता के सफल आयोजन की शुभकामनाएँ दीं।

प्रतियोगिता में चार सदनों ग्लोरियस, यूथ, एम्बिशियस और नोबल की टीमें शामिल थीं। पहले मुकाबले में नोबल हाउस ने यूथ हाउस को 6 रन से शिकस्त दी। दूसरा मैच एम्बिशियस बनाम ग्लोरियस के बीच हुआ, जिसमें ग्लोरियस ने आखिरी गेंद पर चौका लगाकर जीत हासिल की। इस जीत ने पूरे मैदान का माहौल खुशियों से भर दिया।

फाइनल मुकाबले में ग्लोरियस हाउस की धमाकेदार जीत

बुधवार को हुए फाइनल मैच में ग्लोरियस और नोबल हाउस आमने-सामने थे। ग्लोरियस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 128/4 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नोबल टीम 124 रन पर रुक गई और ग्लोरियस हाउस ने 4 रन से रोमांचक जीत दर्ज की। नोबल टीम को आखिरी ओवर में 10 रन चाहिए थे, लेकिन ग्लोरियस हाउस के गेंदबाज ने दबाव में शानदार गेंदबाजी करते हुए मात्र 6 रन दिए और 4 विकेट ले डाले। अंतिम गेंद पर विकास द्वारा लिया गया बेहतरीन कैच निर्णायक साबित हुआ।

अंपायर अनूप सर और अद्वित सर ने पूरे टूर्नामेंट में निष्पक्षता के साथ अंपायरिंग की। मैच रेफरी पवन सर ने तकनीकी संचालन संभाला। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने खिलाड़ियों का उत्साह लगातार बढ़ाया।

प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा और प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और खेल भावना को विकसित करते हैं। भविष्य में भी विद्यालय में इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे।

दरगाह धुंधरी में 12वां उर्स-ए-मकसूदुल औलिया संपन्न

कुल शरीफ की रस्म अदायगी, सूफियाना कलाम ने बांधा समा

जन एक्सप्रेस। अमरिया/पीलीभीत

अमरिया क्षेत्र के गांव धुंधरी स्थित दरगाह मकसूदुल औलिया पर हजरत ख्वाजा सूफी मकसूद हसन शाह रहमतुल्लाह अलैह का 12वां सालाना उर्स सोमवार से बुधवार तक अकीदतमंदों की बड़ी भीड़ के बीच संपन्न हुआ। दरगाह के सज्जादानशीन हजरत सूफी शाकिर हुसैन मियां की सरपरस्ती में आयोजित उर्स में जिले सहित कई जनपदों से जायरीन पहुंचे। उर्स की शुरुआत जिक्र, सलातो सलाम, चादरपोशी और शबेदारी की रूहानी महफिल से हुई। रातभर चली महफिल में नातख्वानों ने नात और मनकबत पेश कीं। कव्वालों के सूफियाना कलाम ने उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया।बुधवार को दोपहर 11 बजे हाफिज शादाब मकसूदी ने तिलावत-ए-कुरान से कुल शरीफ की रस्म का आगाज किया। इसके बाद शजरा शरीफ और कव्वाली का क्रम चलता रहा। महफिल में आए अकीदतमंदों ने अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं। कुल शरीफ के बाद सज्जादानशीन सूफी शाकिर हुसैन मियां ने मुल्क और कौम की तरक्की तथा भाईचारे की दुआ की। उन्होंने पैगंबर-ए-इस्लाम की तालीम पर चलने, पड़ोसियों से भलाई करने और मां-बाप की सेवा करने की नसीहत की।

उर्स में अजमेर शरीफ के सज्जादानशीन हजरत असद मियां तथा निजामुद्दीन औलिया दिल्ली के सज्जादानशीन अजमल मियां निजामी भी शरीक हुए। इसके अलावा मौलाना सूफी अजीमुद्दीन, जमील अहमद, पूर्व चेयरमैन अकील अहमद, जिला पंचायत सदस्य असलम जावेद, नदीम, इरफान हुसैन, मोहम्मद साबिर, अरमान कादरी, मोहम्मद तारिक, दिलशाद अहमद, पूर्व प्रधान अशफाक अंसारी, हाजी इमरान, सफीकुल हसन और डॉ. मुबारिक हुसैन आदि मौजूद रहे। रूहानी माहौल में दुआओं के साथ उर्स का समापन हुआ।

विकास खण्ड इस नागर में खेल कूद प्रीति योगिता सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

विकास क्षेत्र ईसानगर अंतर्गत बी बी एल सी इंटर कॉलेज प्रांगण में बेसिक शिक्षा द्वारा प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय की खेल कूद प्रतियोगिता शान्ति के साथ सम्पन्न हुई प्रतियोगिता अध्यक्षता सह बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलआनंद राय ने की मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक विनय शंकर अवस्थी विशिष्ट अतिथि अलोक कटियार धनप्राप्त यादव खण्ड विकास अधिकारी ईसानगर वीणा सक्सेना सी डी पी ओ इंद्र कुमार शुक्ला मंडल अध्यक्षता बीजेपी रहे खेल कार्यक्रम का संचालन सुनील वर्मा ब्लॉक मंत्री ने किया प्रतियोगिता का प्रारम्भ अलोक कटियार ब्लॉक प्रमुख इसनगर ने झंडी दिखा कर किया।

प्रतियोगिता को सम्पन्न करवाने में संतोष कुमार मौर्य ज़िला अध्यक्ष लालता प्रसाद बाजपेई ब्लॉक अध्यक्ष प्रशिसंघ इसनगर प्रदीप वर्मा शिक्षक नेता राजेश यादव अध्यक्ष उप्रशि संघ सहमशूल आर्फ़ीन सह लेखा बसंत कुमार शर्मा वेद प्रकाश अरुण कुमार अनिल कटियार इक़बाल अकरम वारसी अध्यक्ष संतवीर सोम उपाध्यक्ष दुर्गेश श्रीवास्तव मंत्री शिक्षक संघ पूनम शिक्षा मित्र लौकही शालनी तिवारी धयानेन्द्र कुमार शशि वर्मा सुरेश वर्मा उमा शंकर मौर्य कृष्ण कुमार आर सी नगर मंत्री नीरज भार्गव गजेंद्र कुमार कृष्णा पाल मोहम्मद शादाब मनोज मिश्रा शैलेन्द्र सिंह ने भरपूर सहयोग दिया।50 मीटर दौड़ में सचिन प्रथम असहल द्वितीय अर्पित मौर्य तृतीय बालिका में निशा क़ाज़ीपुर प्रथम फलक शक्ल द्वितीय शालू तृतीय दो सौ मीटर में शोभित मंजीत ज़ैद बालिका रुबीना नगमा काजल प्रथम द्वितीय तृतीय रहे।इसके अलावा खो खो लम्बी कूद ऊँची कूद कबड्डी की प्रतियोगिता हुई इस अवसर पर गौतम कुमार गौतम विनय वर्मा ज्ञान प्रकाश अकुल आशीष मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

शिवांशी, श्रृष्टी ने किया पिंक शौचालय का भूमि पूजन

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

बुधवार 19 नवम्बर स्वच्छ भारत मिशन शहरी के अन्तर्गत सीजीएन पीजी कॉलेज के पास पिंक शौचालय के निर्माण हेतु विश्व शौचालय दिवस पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू एवं अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार ने गोला खेल महोत्सव में अंडर 17 दौड़ चैम्पियन श्रृष्टी वर्मा, अंडर 19 दौड़ चैम्पियन शिवांशी से पिंक शौचालय की भूमि पूजन करवा कर मिशन शक्ति और महिला सशक्तीकरण की भी पालिकाध्यक्ष ने आधार शिला रखी। विश्व शौचालय दिवस पर पिंक शौचालय के भूमि पूजन के बाद अपने सम्बोधन में कहा, बदलती दुनिया में स्वच्छता पर केंद्रित है, जिसका नारा है हमें शौचालय की हमेशा आवश्यक होती है, सीजीएन कॉलेज के पास इसके निर्माण से प्रातः भ्रमण आने वाली माताओ बहनों, कॉलेज की छात्राओं, ब्लॉक और विद्युत वितरण उपकेन्द्र के पास में होने से अधिकतर महिलाएं लाभान्वित होंगी। भूमि पूजन के अवसर पर सभासद धर्मेन्द्र तिवारी टीटू, प्रभारी प्राचार्य प्रमोद दीक्षित, विष्णु शुक्ला, अरुण सिंह, कुलदीप तिवारी, अमितांशु मिश्रा, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा, लेखाकार मोहित अवस्थी, सिविल जे ई अनिल यादव, सफाई सुपरवाइजर संजय कुमार, राहुल बाल्मीकि सहित अन्य गणमान्यलोग मौजूद रहे।

एक्सप्रेस खबरें...

खाटू श्याम बाबा के कार्यक्रम में उमडी भारी भीड

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। खाटू श्याम बाबा के कार्यक्रम को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ जुट गई। पूरी रात तक भजन कीर्तन होते रहे। इस दौरान कई मौजूद रहे। तहसील क्षेत्र के कस्बा घुंघचाई के दुग्धाधारी मंदिर पर मंगलवार को खाटू श्याम बाबा का दरबार सजा गया। खाटू श्याम के भजनों पर श्रोता खुशी से झूम उठे। इस दौरान पूरी रात तक कार्यक्रम चलता रहा। कार्यक्रम में दूर दराज के कई प्रमुख गायक कलाकार आए। उन्होंने ने खाटू श्याम की महिमा का वखान किया। इस दौरान गायक कलाकारों ने श्याम बाबा के भजन कीर्तन किए। जिनको सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। झांकियां भी सजाई गई। जिनकी श्रताओ ने सरहाना। खाटू श्याम के कार्यक्रम की सूचना पर कार्यक्रम को देखने के लिए कई गांवों से भारी संख्या में लोग पहुंचे। श्याम बाबा के भजन सुनकर श्रोता ताली बजाने पर विवश हो गए। कार्यक्रम में पूरी रात्रि तक भक्त थिरकते नजर आए। खाटू श्याम के कार्यक्रम में लोग बढ़-चढ़कर भागीदारी मैं सम्मिलित हुए। इस दौरान कार्यक्रम में सम्मिलित कार्यकर्ताओं ने लोगों का आभार जताया। इस दौरान कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। पुलिस मौके पर मौजूद रही।

चैंकिग के दौरान पुलिस दो आरोपियों को दवोचा

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों को दबोच लिया। उनके पास से तमंचा और कारतूस वरामद किए गए। बुधवार को घुंघचाई पुलिस हाईवे पर चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुरली खेड़ा गुरुद्वारे के पास एक युवक आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर भागने लगे,घेरावंदी कर पुलिस ने दबोच लिया। दूसरे आरोपी को सिमराया कालावोझ के पास से गिरफ्तार किया गया। दोनों की तलाशी लेने पर उनके पास से एक एक तमंचा,जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम नदीम निवासी शेरपुर कला थाना पूरनपुर बताया। दूसरे आरोपी ने अपना नाम अकील मास्टर निवासी मोहल्ला कुरैशियान शेरपुरकला थाना पूरनपुर वताया। दोनों आरोपियों पर पशु क्रूरता,गैंगस्टर सहित कई मामले पूरनपुर और घुंघचाई थाने में दर्ज है। पुलिस ने पूछताछ करने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेजा है। थाना प्रभारी प्रकाश सिंह ने वताया दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। तंमचा और कारतूस बरामद कर दोनो को जेल भेजा गया है।

मजदूरी के रुपए मांगने पर मारपीट, पुलिस से शिकायत

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के गांव गुलडिया भूपसिंह निवासी मिथुन कम्पाईन पर काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। कुछ दिन पहले वह गांव के ही एक युवक के साथ कम्पाईन पर काम करने के लिए गया था।उसकी मजदूरी के एक लाख दस हजार रुपया वने,दस हजार रुपये वापस कर दिए। शेष एक लाख रुपये मजदूरी के नही दे रहा है। जब उसने रुपए मांगे तो टाल मटोल कर रहा है। बकाया रुपये मांगने पर मिथुन के साथ मारपीट कर रुपए मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। कई झूठे आरोप लगाए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया मामले की तहरीर पर जांच की जा रही है जो मामला सामने आएगा उसी के तहत कार्रवाई की जाएगी।

हाईवे पर ट्रक पलटा, हादसा टला चालक हुआ घायल

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। बंडा हाईवे पर कसगंजा मोड के पास एक ट्रक अनियंत्रित होकर खांई में पलट गया। जिससे चालक घायल हो गया। पालिस की बोरियों से भरा ट्रक घुंघचाई-बंडा हाईवे पर स्थित कसगंजा मोड के पास नियंत्रित होकर खांई में पलट गया। जिससे ट्रक चालक महेताब और परिचालक ने कूद कर अपनी जान बचाई। पालिस भरा ट्रक रिछा से लखनऊ जा रहा था।हादसे से खलवली मच गई। सूचना पर आस पडोस के लोग मौके पर दौड पडे, ट्रक के पलटने से ट्रक क्षतिग्रस्त हो गई। चालक का काफी नुकसान हुआ है। लोगों का कहना है कि गनीमत रही कि एक बडा हादसा होने से टल गया। इससे पहले अब तक कई वाहन पलट चुके है।

विद्या निकेतन का छात्र राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी। स्थानीय विद्यालय विद्या कुँवरि स्मारक सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज के छात्र अनस खान कक्षा 7 ने एन0टी0पी0सी0 द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय , नगर तथा अपने माता-पिता को गौरवान्वित किया है।अनस खान को प्रशस्ति पत्र तथा दो हज़ार नकद देकर सम्मानित किया गया।इस ऊर्जा संरक्षण जागरूकता पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 14 नवम्बर 2025 को प्लूटो ऑडिटोरियम इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में किया गया था।विद्यालय के प्राचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्राचार्या मधु त्रिपाठी ने छात्र की सराहना करते हुये छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मतदाता पुनरीक्षण के तहत सर के तहत मीटिंग का आयोजन

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर पंचायत के अन्तर्गत ग्राम पतबन के भाजपा नेता व मंडल उपाध्यक्ष के आवास हुई ऐक दिवसीय मीटिंग मे मतदाता पुनरीक्षण सर के नये नियमो व उसमे नाम संसोधन व बढोत्तरी को लेकर मिटिंग आहुत की गई है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनुज सिंह ने बताया के चुनाव आयोग के तहत भारत देश के सभी देश के जिलो मे मतदाता पुनरीक्षण अभियान सर चलाया जा रहा हे जिसके तहत सभी लोगो को जागरूक किया जा रहा है सभी लोगो के यहा बीएलओ पहुंचकर नियमो की जानकारी मुहैया करायेगा व उससे संबंधित दस्तावेज आदि प्रदान कर मतदाता पुनरीक्षण कार्य के अभिमान को सफल बनाये।इस अवसर पर निवर्तमान मंडल अध्यक्ष मुकेश पांडे,मंडल महामंत्री प्रेमनरायण, सरदा सिह,धनपाल राठौर, सतेंद्र सिह सुनील अग्निहोत्री शक्ति संयोजक, रामपाल यादव, राजवीर सिंह, दिनेश सक्सेना,रामदेव मिश्र वरिष्ठ पत्रकार के सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

सेवा और शौर्य की प्रतिमूर्ति : भाऊराव देवरस और रानी लक्ष्मीबाई को श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

बुधवार को, विद्याभारती विद्यालय पण्डित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज यू0पी0 बोर्ड ने दो महान राष्ट्रीय विभूतियों- राष्ट्र स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक स्वर्गीय भाऊराव देवरस तथा 1857 की क्रांति की नायिका वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई-की जयंती पर वंदना सभा में एक अत्यंत प्रेरणादायक और भव्य समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर छात्रों को देश के सामाजिक और राष्ट्रीय पुनरुत्थान में इन व्यक्तित्वों के योगदान से परिचित कराया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और दोनों महानुभावों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे। वक्ताओं ने दोनों व्यक्तित्वों के विशिष्ट पहलुओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला भैया अध्ययन पटेल ने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई का जीवन हमें सिखाता है कि साहस का कोई लिंग नहीं होता और हमें कभी भी अन्याय के सामने झुकना नहीं चाहिए। उनका यह बलिदान हमें याद दिलाता है कि स्वतंत्रता का मूल्य क्या है और हमें हमेशा अपने राष्ट्र के स्वाभिमान की रक्षा करनी है। भैया शिवाय तिवारी कक्षा 7 ने अपने वक्तव्य में कहा, भाऊराव देवरस जी का जीवन हमें बताता है कि निःस्वार्थ सेवा ही सच्चा राष्ट्रधर्म है। उन्होंने बिना किसी प्रचार के, समाज के लिए जो कार्य किए, वे हमें सिखाते हैं कि बड़े बदलाव के लिए मौन और संगठित प्रयास कितने ज़रूरी होते हैं। हमें उनकी सादगी और अनुशासन को अपने जीवन में उतारना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह ने दोनो विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, ÷सेवा और शौर्य की ये दो धाराएँ हमें यह सीख देती हैं कि देश की सेवा अलग-अलग रूपों में की जा सकती है। हमें भाऊराव जी की तरह समर्पित भाव से समाज को संवारना है और रानी लक्ष्मीबाई की तरह अन्याय के सामने कभी झुकना नहीं है। यह भव्य कार्यक्रम छात्रों और शिक्षकों को राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास और सेवा परंपरा से जोड़ने में सफल रहा।कार्यक्रम का संचालन आचार्य सर्वेन्द्र अवस्थी ने किया।

कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर

चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

बुधवार को कांग्रेस भवन पर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात जिला उपाध्यक्ष रवि तिवारी की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया।अध्यक्षता कर रहे रवि तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एक अजीम शख्शियत थीं।उनके भीतर गजब की राजनैतिक दूरदर्शिता थी द्य इंदिरा का जन्म 19 नवंबर 1917 को हुआ।पिता जवाहरलाल नेहरू आजादी की लड़ाई का नेतृत्व करने वालों में शामिल थे। वही दौर रहा, जब 1919 में उनका परिवार बापू के सानिध्य में आया और इंदिरा ने पिता नेहरू से राजनीति का ककहरा सीखा। मात्र 11 साल की उम्र में उन्होंने ब्रिटिश शासन का विरोध करने के लिए बच्चों की वानर सेना बनाई। 1938 में वह औपचारिक तौर पर इंडियन नेशनल कांग्रेस में शामिल है और 1947 से 64 तक अपने प्रधानमंत्री पिता नेहरू के साथ उन्होंने काम करना शुरू कर दिया। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को राजनीति विरासत में मिली थी और ऐसे में सियासी उतार चढ़ाव को वह बखूबी समझती थी। यही वजह रही कि उनके सामने न सिर्फ देश, बल्कि विदेश के नेता भी उन्नीस नजर आने लगते थे। अतः पिता के निधन के बाद कांग्रेस पार्टी में उनका ग्राफ तेजी से ऊपर पहुंचा और लोग उनमें पार्टी एवं देश का नेतृत्व देखने लगे। वह सबसे पहले लाल बहादुर शास्त्री के मंत्रिमंडल में सूचना प्रसारण मंत्री बनी द्य शास्त्री जी के निधन के बाद 1966 में वह देश के सबसे शक्तिशाली पद प्रधानमंत्री पर आसीन हुई एक समय गूंगी गुड़िया कहीं जाने वाली इंदिरा गांधी तत्कालीन राजघरानों के प्रिवी पर्स समाप्त कराने को लेकर उठे तमाम विवाद के के बावजूद तत्संबंधी प्रस्ताव को पारित कराने में सफलता हासिल करने, बैंकों का राष्ट्रीय करण करने जैसा साहसिक फैसला लेने और पृथक बांग्लादेश के गठन और उसके साथ मैत्री और सहयोग संधि सफल होने के बाद बहुत तेजी से भारतीय राजनीति के आकाश पर छा गई। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित नवाज खान जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस पंकज शुक्ला एडवोकेट, चंद्र प्रभा अवस्थी, जावेद अली एडवोकेट, रामपाल शाक्य, लतीफ आजम सलीम, गुलफाम कालिका प्रसाद अवस्थी आदि।

विधायक के गांव मे हुआ पंचायत घर का उदधाटन

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी। विधायक के गांव राजेपुर बैनी मे बने पंचायत घर का आज उदधाटन हुआ,जिसमे एक सभा का भी आयोजन गांव के प्रधान के माध्यम से किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप के तौर पर विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर चैयरमैन सदीप मेहरोत्रा, ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई मौजूद रहे, इस कार्यक्रम मे कृषि, स्वास्थ्य पशु, डायल 112 सहित अन्य विभागों के स्टाल लगाए गए, जिसका गांव बालों ने लाभ लिया, प्रधान प्रतिनिधि सुधीर सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने गांव के विकास सहित विधानसभा में विद्युत, सड़क ,शिक्षा, स्वास्थ्य में अमूलचूक परिवर्तन कराया

निजी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की मनमानी, अभिभावक परेशान

जन एक्सप्रेस। पलियाकलां खीरी। निजी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की मनमानी पर जिले की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने तमाम स्कूलों की मान्यता रद्द कर नोटिस जारी किया गया लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से पलिया तहसील क्षेत्र के तमाम स्कूलों पर कार्रवाई के लिए जारी पत्र को भी स्थानिय अधिकारी तबज्जों नही दे रहे हैं। निजी स्कूलों की मनमानी इतनी बढ़ गई कि कहीं रैली कहीं सैकड़ों फंगशन तो कहीं दर्जनों छुटियां और तो और महिने में रविवार होने के चलते चार छुटिया भी हो जाती अब भला बताओ बच्चे इतनी महंगी फीस भर कर क्या प्रचार-प्रसार स्कूलों की शान बढाने तथा बड़े बड़े इंग्लिश मीडियम स्कूलों को खुश करने के लिए नन्ने मुन्ने बच्चे अपनी पढाई को बलिदान दे रहे हैं।

बेरहम स्कूल प्रवंधक की पिटाई से नन्हा छात्र सहमा

जन एक्सप्रेस । उरई

स्कूल को शिक्षा का मंदिर एवं संस्कारों का स्थल कहां जाता है। मगर इस स्थानों पर जब वहां जाने वाले जो नौनिहालों के साथ दुर्व्यवहार होने लगे तो फिर ऐसे स्थानों की उपयोगिता पर सवालिया निशान लगने लगते हैं।

नगर के मोहल्ला विजय नगर में संचालित एफएफ मैमोरियल शिक्षण संस्थान में गत दिवस कुछ ऐसा ही वाकया हुआ जिसके चलते यह स्कूल चर्चाओं में आ गया। स्कूल में पढ़ रहे एक छात्र अबुजर खान के पिता शाहनवाज पुत्र सज्जन खां निवासी सदनपुरी उरई ने आलाअधिकारियों को एक शिकायती पत्र देकर अवगत कराया की स्कूल के प्रबंधक शादाब उर्फ बब्बू पुत्र आई. एम. बेग ने अकारण उनके पुत्र को उनके सामने ही इस कदर पीटा कि वह गिर गया और उसका आई

कार्ड आदि टूट गया। कक्षा चार में पढ़ने वाले बच्चे के साथ प्रबंधक की इस प्रकार की शैली को लेकर आहत छात्र के पिता ने तमाम गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रबंधक ने अपनी कोई खुन्नस मेरे पुत्र पर निकाली। शाहनवाज ने बताया कि प्रबंधक से पिटाई का कारण पूछने पर उक्त शादाब द्वारा उसके साथ भी गाली गलौज एवं मारपीट की धमकी दी गई। छात्र के पिता ने शिकायती पत्र में लिखा कि स्कूल में जगह न होने के

बावजूद भी 400 से अधिक बच्चे बैठे हैं ऐसे में विद्यालय पूरी तरह से मानक के विरुद्ध चल रहा है। यह भी बताया कि प्रबंधक स्वयं भी सरकारी अध्यापक है एवं वह स्कूल चल रहा है। अभिभावक द्वारा ऐसे स्कूल की मान्यता खत्म करने एवं प्रबंधन के विरोध कानूनी कार्रवाई की भी मांग की है। पीड़ित छात्र के पिता ने बताया कि बच्चे को उसके माता-पिता ने कभी भी इस कदर नहीं पीटा जिस तरीके से प्रबंधक ने बेरहमी दिखाई। नौनिहाल छात्र के साथ हुयी इस बर्बरता को लेकर कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा लिखे जाने की मांग की गयी है।

अज्ञात वाहन से कुचलकर स्कूटी सवार छात्र की मौत, साथी घायल

उरई। कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पुलिस चौकी के समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन से कुचलकर स्कूटी सवार छात्र की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रहिया निवासी रविकांत पाल का 17 वर्षीय पुत्र प्रशांत कुमार पाल एसआर इंटर कॉलेज में 12 वीं का छात्र था। जो फैक्ट्री एरिया में चौकी के ठीक सामने बने मकान में रहता था। बताया जाता कि उसके घर में कोई गमी हो गई थी, जिसके कारण वह अपने साथी प्रिंस निवासी ग्राम नावली थाना रेंढ़र के साथ मंगलवार की शाम को त्रियोदशी के कार्ड लेकर अजनारा गांव की तरफ जा रहा था। जैसे ही यह दोनों हाईवे चौकी से कुछ ही दूरी पर पहुंचे। तभी उनकी स्कूटी के सामने एक खच्चर आ गया। जिससे स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और उनके गिरते ही एक अज्ञात वाहन ने प्रशांत कुमार को बुरी तरह से रौंद दिया। जबकि उसका साथी प्रिंस हादसे में घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही हाईवे चौकी इंचार्ज शिवमंगल सिंह मौके पर पहुंचे और उन्होंने प्रशांत को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया लेकिन चिकित्सक ने जांच पड़ताल के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देने के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

किसान दिवस में किसानों की समस्याओं पर त्वरित समाधान के निर्देश

जन एक्सप्रेस । उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं और सुझावों को विस्तार से रखा। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसान दिवस में प्रस्तुत प्रत्येक समस्या का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी किसान को अनावश्यक परेशानी न हो और निर्माण तथा स्वीकृति से संबंधित कार्यों में कोई देरी न होने पाए।किसान दिवस के दौरान किसानों ने मुख्य रूप से विद्युत आपूर्ति, सिंचाई व्यवस्था, तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित शिकायतें दर्ज कराईं, जिन पर जिलाधिकारी ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की भी समीक्षा की गई, जिसके बारे में जिलाधिकारी ने बताया कि यह योजना सौ आकांक्षी कृषि जनपद की उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। उन्होंने किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधाएं, ऋण उपलब्धता, भंडारण व्यवस्था और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया तथा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभागीय समन्वय सुनिश्चित रहे। उर्वरक व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में खाद की बिक्री निर्धारित दरों पर ही की जाए। उन्होंने कहा कि डीएपी 1350 रुपये, एनपीके 20=20=0=13-1550 रुपये, एनपीके 12=32=16-1850 रुपये, एनपीके 10=26=26-1900 रुपये, तथा एसएसपी 565 रुपये प्रति बोरी दर तय है। उन्होंने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि ओवररेटिंग करते पाए जाने वाले किसी भी दुकानदार का लाइसेंस तत्काल निरस्त किया जाएगा तथा संबंधित अधिकारी पर भी कार्रवाई होगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, उप कृषि निदेशक एसके उत्तम, किसान संगठनों से बलराम सिंह लम्बरदार, साहब सिंह चौहान आदि किसान सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

नगर में चोरों ने पुलिस के गश्ती की खोली पोल, लाखों रुपए की चोरी को दिया अंजाम

जन एक्सप्रेस । जालौन

15 दिनों में नगर में दूसरी बार चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस बार चोरों ने किराए के मकान में रहने वाले दुकानदार के सूने घर को निशाना बनाकर घर में रखे 30 हजार रुपये नकद व लगभग डेढ़ लाख रुपये कीमत के सोने आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मलकपुरा निवासी बृजनंदन पटेल उर्फ नीतू हाल निवासी मोहल्ला बालमभट्ट कोंच चौराहे पर कीटनाशक की दुकान किए हैं। 11 नवंबर को वह परिवार के साथ अपने पैतृक गांव गए थे। बीती 14 नवंबर को वह अपने बच्चों की किताबें लेने के लिए मकान पर आया तो सबकुछ ठीक ठाक था। वह किताबें लेकर और घर में ताला डालकर चले गए। मंगलवार को उन्हें एक त्रयोदशी में शामिल होने के लिए जाना था। जब वह कुछ सामान लेने के लिए मकान पर पहुंचे तो मुख्य दरवाजे और उनके कमरे का ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो घर में रखे 30 हजार रुपये नकद और एक सोने की जंजीर व तीन अंगूठी चोरी हो गई थी। जिसकी सूचना तत्काल उन्होंने कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह ने मौके का मुआयना किया। पीडित गृहस्वामी की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

अपर जिला जज/सचिव ने जिला कारागार का किया निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश

जन एक्सप्रेस । उरई

उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पारुल पँवार ने जिला कारागार उरई का साप्ताहिक भ्रमण किया। उन्होंने विभिन्न बैरकों का भ्रमणकर, वहां निरूद्ध बन्दियों से पूछतांछ करते हुये उनकी समस्यों को जाना समझा तथा जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण में सचिव/अपर जिला जज ने जिन बन्दियों की जमानत सक्षम न्यायालय से हो चुकी हैं किन्तु जमानतगीर न होने के कारण रिहा नहीं हो पा रहे हैं, उनकी सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में प्रेषित किये जाने हेतु जेल प्रशासन को निर्देशित किया। जिससे कि उन बन्दियों के सम्बन्ध में प्रभावी पैरवी कर उन्हे शीघ्रता से कारागार से रिहा करवाया जा सकें। साथ ही जिन बन्दियों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं हैं उनकी जमानत राज्य की ओर से जिला

अधिकार प्राप्त समिति के माध्यम से करवायी जा सकें। कारागार चिकित्सालय में उपस्थित बन्दियों के सम्बन्ध में कारागार चिकित्साधिकारी से जानकारी ली गयी। बन्दियों के मुकदमों की पैरवी, उनको दी जाने वाली विधिक सहायता/सलाह और महिला बन्दी व उनके साथ रह रहे बच्चों की चिकित्सा व खान-पान इत्यादि के बारे में जाना-परखा। उन्होंने बाल कारागार में निरुद्ध बन्दियों से अलग-अलग जानकारी ली एवं जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि कोई भी ऐसा बन्दी जिसका निजी अधिवक्ता न हो अथवा विधिवत् ढंग से न्यायालयों में पैरवी न हो पा रही हो, को विधिक सहायता दिलाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। यदि किसी विचाराधीन बन्दी को पैरवी हेतु सरकारी खर्चे पर अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो सम्बन्धित न्यायालय में बन्दी की ओर से प्रार्थनापत्र दिलवाया जाना सुनिश्चित करें ताकि एमाइकस क्यूरी (न्यायमित्र) की सुविधा उपलब्ध हो सके। इसी प्रकार जो बन्दी दोष सिद्ध हो चुके हैं, की अपील न हो पाने की स्थिति में नियमानुसार जेल अपील करायी जाये। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से आवश्यक समन्वय बनाकर ऐसे प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण किया जाये ताकि अपील की मियाद समाप्त न होने पाये। जेल अपील कराये जाने में यदि कोई विधिक समस्या आ रही है तो उसको जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संज्ञान में लाते हुये द्वारा उचित माध्यम उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति से यथा आवश्यक पत्राचार किया जाये। इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव, कारापाल प्रदीप कुमार, चिकित्साधिकारी डॉ. राहुल बर्मन, उपकारापाल अमर सिंह तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक शुभम् शुक्ला उपस्थित रहे।

पुलिस ने अवैध गांजा संग एक अभियुक्त किया गिरफ्तार

जालौन। शुक्रवार की रात कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन युवकों को अवैध गांजा के साथ पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने 5 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया है। पकड़े गए तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मंगलवार की रात पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान एसआई मनीष तिवारी व बेचेलाल ने उरई मार्ग पर हरकौती गायर तिराहे के पास से संदिग्ध अवस्था में घूम रहे तीन युवकों को पकड़ा। पकड़े गए युवकों की तलाशी लेने पर पुलिस ने भवानीराम निवासी राघवेंद्र सिंह के पास से दो किलो, खंडेराव निवासी पवन कुमार के पास से दो किलो और हरकौती निवासी विवेक कुमार के पास से पुलिस ने 5.100 किलो गांजा बरामद किया है। पूछतांछ में युवकों ने बताया कि वह क्षेत्र में गांजा बेचने के लिए ले जा रहे थे। एसएसआई संजय यति ने बताया कि गांजा लेकर जा रहे युवकों के नाम कोतवाली में तीन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

स्त्री शक्ति दिवस पर छात्रा सम्मान समारोह संपन्न

जन एक्सप्रेस । शाहाबाद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा स्त्री शक्ति दिवस के अवसर पर छात्रा सम्मान समारोह ब्लाक सभागार शाहाबाद मे संपन्न हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने भाग लिया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने छात्राओं को संवोधित करते हुए कहा आज के समय मे समाजिक जीवन में नारी की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा नारी सशक्त हैं वो अपनी समस्त जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करती हैं। नारी सम्मान के लिए सरकार मिशन शक्ति के अंतर्गत नारियों को जागरूक करने के लिए तमाम कार्यक्रम चलाती है और महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम मे एसडी जनता इंटर कॉलेज, बिलक़ीश गर्ल्स इंटर कॉलेज, आदर्श इंटर कॉलेज, किरणेश सिंह इंटर कॉलेज, टीएम पब्लिक स्कूल,

रामकुमार इंटर कॉलेज की मेधावी छात्राओं को अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला चिकित्सक पारुल गुप्ता, गन्ना समिति के अध्यक्ष रंजीत सिंह, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की अध्यक्ष रिफा खान और संयोजक प्रांशु बाजपेई, विभाग प्रमुख इखलाक खान, विभाग संगठन मंत्री किशन, विस्तारक भूपेंद्र अभाविप जिला सयोजक पुनीत, प्रियांशू सिंह, तुबा आदि विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता एव शिक्षक,व विद्यार्थी उपस्थिति रहे।

बोरिंग के समय मिट्टी धंसने से मलबे में दबकर युवक की मौत

जनएक्सप्रेस/हरदोई सांडी थाना क्षेत्र के एक गांव में खेत पर ट्यूबबेल के लिए बोरिंग करते समय मिट्टी धसने से एक युवक की बोरिंग के अंदर मिट्टी के मलबे में दबकर मौत हो गयी।लगभग 2 घंटे बाद युवक का शव जेसीबी से खुदाई करके बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार सांडी थाना क्षेत्र के भीखपुर गांव निवासी लगभग 45 वर्षीय राकेश पुत्र इंद्रपाल यादव अपने गांव से लगभग एक किलोमीटर दूरी पर अपने खेत में ट्यूबबेल के लिए बोरिंग करा रहे थे। इसी बीच वह बोरिंग को देखने लगे तभी अचानक मिट्टी धंस जाने से वह बोरिंग के अंदर मिट्टी के मलबे में दब गए।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और तहसील प्रशासन मौके पर पहुंचा और जेसीबी मशीन से करीब 2 घंटे बाद शव को कड़ी में मशकत के बाद मलबे से बाहर निकाल लिया।घटना से परिजनों में कोहराम मच गया वहीं पुलिस ने नायब तहसीलदार यशवंत सिंह की मौजूदगी में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बारातियों से भरी बस टावर से टकराई, 16 घायल, 4 की हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस । हरदोई

जिले के सवायजपुर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक गंभीर सड़क हादसा हो गया। कटरा-बिल्हौर मार्ग पर स्थित बरसोहिया गांव के पास बारातियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे टावर से टकरा गई। हादसे में कुल 16 लोग घायल हुए हैं, जिनमें चार की हालत नाजुक बताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक बारात देवरान गढ़िया (फर्रुखाबाद) से सूरापुर जा रही थी। रात करीब नौ बजे बरसोहिया के पास अचानक चालक का नियंत्रण बस से हट गया, जिसके बाद तेज रफ्तार बस सीधे टावर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस में बैठे बारातियों में चीख-पुकार मच गई और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।हादसे में घायल होने वालों में शिवम (27), राज बहादुर शर्मा (62), सुशील (21), बबलू (30), आनंद (16), विमलेश (15), पंकज

(20), रामसिंह (60), रामलाल (60), रामवीर (30), केशव (17), नीलू (30), कृष्णानंद (65) समेत कुल 16 लोग शामिल हैं। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरपालपुर पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल शिवम, सुशील, कृष्णानंद और राजबहादुर को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर कर दिया गया।हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामला दर्ज कर लिया है। अधिकारियों के अनुसार हादसे के कारणों की जांच की जा रही है और चालक की तलाश जारी है।

दो पक्षों में फायरिंग, पुलिस ने किया इंकार

जनएक्सप्रेस/शाहाबाद शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के माहीबाग मोहल्ले में मंगलवार को रात दो पक्षों के बीच मामूली विवाद के चलते फायरिंग हुई। सूचना पाकर पुलिस पहुंची। दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लाई। पुलिस ने फायरिंग की बात को इनकार किया है। दोनों युवकों पर शांति भंग की कार्रवाई की गई है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला माही बाग निवासी सानू और शनब्बर के बीच किसी बात को लेकर गाली-गलौज हुआ। बात ज्यादा बढ़ने पर दोनों ने एक दूसरे पर फायरिंग कर दी। मोहल्ला वासियों ने फायरिंग की पुष्टि की है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को हिरासत में लिया। प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह ने बताया फायरिंग की बात पूरी तरह से अफवाह है। दोनों के बीच मारपीट और गाली गलौज हुआ। दोनों को हिरासत में लेकर शांति भंग की कार्रवाई की गई है।

विद्यामंदिर क्लासेज़ ने लॉन्च किया विद्यामंदिर इंटेलेक्ट क्वेस्ट प्लस टेस्ट

जन एक्सप्रेस । आगरा

देश में जेईई और नीट कोचिंग के सबसे विश्वसनीय संस्थानों में शुमार विद्यामंदिर क्लासेज़ ने विद्यामंदिर इंटेलेक्ट क्वेस्ट प्लस टेस्ट की घोषणा की है। यह परीक्षा उन छात्रों के लिए एक असाधारण अवसर है जो आईआईटी-जेईई और नीट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का सपना देखते हैं। ये टेस्ट 23 नवंबर को ऑफलाइन व ऑनलाइन मोड में होगा। यह परीक्षा कक्षा 5 से 12 तक के वर्तमान छात्रों के लिए खुली है। इसके माध्यम से छात्र जेईई (मेन व एडवांस्ड), नीट, बोर्ड परीक्षाओं और ओलंपियाड्स की मजबूत तैयारी वीएमसी की विशेषज्ञ फैकल्टी के मार्गदर्शन में कर सकेंगे।

इस अवसर पर संस्थापक, श्री संदीप मेहता (आईआईटी दिल्ली एलुमनस) ने कहा विद्यामंदिर क्लासेस में हम शुरू से ही छात्रों की क्षमता को पहचानकर सही मार्गदर्शन और वैज्ञानिक शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से उसे निखारने में विश्वास रखते हैं। वीआईक्यूप्लस का उद्देश्य है कि हम अधिक से अधिक होनहार छात्रों तक पहुँचें और उन्हें 100त्न तक की छात्रवृत्ति प्रदान कर उनके सपनों की राह आसान बनाएं। आर्थिक बाधाएं किसी प्रतिभा की प्रगति में रुकावट नहीं बननी चाहिए।÷लगभग चार दशकों से विद्यामंदिर क्लासेस प्रतियोगी परीक्षाओं के क्षेत्र में उत्कृष्टता, अनुशासन और भरोसे का प्रतीक रहा है। आईआईटी-जेईई और नीट में शीर्ष रैंकर्स तैयार करने की अपनी निरंतर परंपरा के साथ वीएमसी ने हमेशा कॉन्सेप्चुअल लर्निंग और अकादमिक मेंटरशिप में नए मानक स्थापित किए हैं।

मामूली विवाद के चलते दो पक्षो में मारपीट, फायरिंग का आरो

जन एक्सप्रेस । हरपालपुर

अरवल थाना क्षेत्र ग्रामीणों के द्वारा गौशाला में घुसकर फोटो वीडियो बनाने के विवाद में प्रधान समर्थकों के बीच जमकर मारपीट हुई है। मारपीट में दलित प्रधान पति समेत तीन लोग घायल हो गए हैं। दोनों पक्षों में तनाव फैल गया है।पुलिस के आलाधिकारियों समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के उमरौली जैतपुर गांव में दलित उषा देवी प्रधान है।मजरा करनपुर मे गौशाला बना है।मंगलवार की शाम करीब 6 बजे अमरोली जैतपुर के मजरा लालपुर के एक दर्जन से अधिक ग्रामीण गौशाला में पहुंचकर पशुओं की फोटो व वीडियो ग्राफी करने लगे तथा केयरटेकर से वाद विवाद होने पर मामले की

जानकारी प्रधान पति विष्णु नारायण को दी गई।ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे प्रधान पति विष्णु नारायण तथा अमन व रमेश चंद तिवारी की ग्रामीणों के बीच गाली गलौज व लाठी डंडे से मारपीट की है। दोनों पक्षों ने पुलिस को फायरिंग करने की सूचना दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए हरपालपुर सीएचसी भेज दिया है।घटना की सूचना को गंभीरता लेते हुए पुलिस के आला अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले जानकारी जुटाई हैं। अरवल थानाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया दोनों पक्षों से मारपीट की घटना हुई है। तथा फायरिंग का आरोप लगाया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

किराने की दुकान से 24 हजार की नकदी चोरी, बारदात कैमरे में कैद

जन एक्सप्रेस । शाहाबाद

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के जामा मस्जिद के निकट किराना व्यापारी रमाशंकर मिश्रा की दुकान से एक किशोर ने 24,500 रुपए की नगदी पार कर दी। किराना व्यापारी पेशाब करने के लिए गया था। किशोर की चोरी करने की हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर किशोर की तलाश कर रही है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दिलेरगंज निवासी रमाशंकर मिश्र की जामा मस्जिद के निकट किराना की दुकान है। मंगलवार को दोपहर 3=30 बजे वह पेशाब करने के लिए चले गए। इसी बीच एक किशोर ने उनकी दुकान में एक थैली में रखी 24, 500 की नगदी चोरी कर ली। किशोर

की यह हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बुधवार को उन्होंने देखा तो उनकी रूपयों की थैली गायब थी। तत्काल उन्होंने सीसीटीवी फुटेज निकाले फुटेज में एक किशोर दुकान में घुसकर नगदी की थैली चोरी करते हुए दिख रहा है। किराना व्यापारी ने पुलिस को तहरीर देकर सीसीटीवी फुटेज भी सौपे है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस किशोर की तलाश कर रही है। बुधवार को शाम 5=00 बजे से चोर की हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

पराली पर पैनी नजर: प्रशासन ने किसानों से की बातचीत

- पराली जलाओगे तो होगी कार्रवाई, तकनीक अपनाओगे तो फायदा होगा- डीएम
- आधुनिक तकनीक अपनाने, मिलेट्स उत्पादन बढ़ाने और उर्वरक व्यवस्था पर अधिकारियों

जन एक्सप्रेस | महराजगंज

विकास भवन सभागार में मंगलवार को आयोजित किसान गोष्ठी में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना की सहअध्यक्षता में किसानों के साथ सार्थक संवाद हुआ। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य कृषि से जुड़ी चुनौतियों, आधुनिक तकनीकों, विभागीय योजनाओं और पराली प्रबंधन के प्रति किसानों को जागरूक करना रहा।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में पराली जलाने से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान और मिट्टी की उर्वरता पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने बेलर मशीन, रोटावेटर और कंप्रेस कटर जैसे आधुनिक उपकरणों के उपयोग को पराली प्रबंधन का प्रभावी विकल्प बताया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों के उपयोग से खेतों की उत्पादकता बढ़ाने के साथ पर्यावरण संरक्षण भी संभव है।

बैठक में श्रीअन्न (मिलेट्स) के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रीअन्न कम पानी व कम उर्वरक में भी उत्तम उत्पादन देने वाला पोषक अनाज है, जिसकी मांग स्थानीय से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने किसानों को श्रीअन्न उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन से जुड़ी संभावनाओं का लाभ उठाने तथा विभागीय योजनाओं से जुड़ने का आग्रह किया। वही पुलिस अधीक्षक ने किसानों से पराली न जलाने की अपील करते हुए कहा कि पराली जलाने पर पुलिस की कार्रवाई तय है। उन्होंने बताया कि प्रशासन लगातार किसानों को पराली प्रबंधन को लेकर जागरूक कर रहा है।

बैठक में उर्वरक उपलब्धता पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। टोकन व्यवस्था से अनियमितताओं पर रोक लगी है, इसलिए किसान टोकन के साथ ही उर्वरक प्राप्त करें। किसानों से फॉर्मर रजिस्ट्री कराने का भी अनुरोध किया गया। इसी क्रम में कृषि यंत्रीकरण, फसल विविधीकरण, मुख्यमंत्री किसान सहायता योजनाएं, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और बाजार सुविधा सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा की गई। संवाद के दौरान किसानों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिन पर अधिकारियों ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। गोष्ठी के उपरांत जिलाधिकारी ने सेमरा राजा पहुंचकर बेलर मशीन से पराली के बंडल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने किसान जनार्दन पटेल से प्रक्रिया, क्षमता और लागत के बारे में जानकारी ली तथा स्थानीय किसानों को इस तकनीक को अपनाने की सलाह दी। जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि को जनपद में सभी बेलर को पूर्ण क्षमता से संचालित कराने और किसानों में आधुनिक पराली प्रबंधन तकनीकों को लोकप्रिय बनाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी बी.एन. कन्नौजिया, एलडीएम बी.एन. मिश्रा, एआर कोऑपरेटिव सुनील गुप्ता, जिला कृषि अधिकारी एस.पी. सिंह सहित विभिन्न अधिकारी और प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

डीएम ने गोवंश आश्रय स्थल के कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले में बुधवार को जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने विकास भवन स्थित कमरा नम्बर-79 में बनाये गये अस्थायी व स्थायी गोवंश आश्रय स्थल के कमांण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर से जनपद में स्थित अस्थायी व स्थायी गौशालाओं की सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी की। इस दौरान जिलाधिकारी ने लालगंज की अगई गौशाला की मानीटरिंग आडियो विज्युअल के माध्यम से की और वहां के केयर टेकर से गौशाला में हरे चारे की उपलब्धता की जानकारी ली और हरे चारे की मात्रा कम मिलने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करायें तथा ठण्ड के दृष्टिगत गौशाला में गोवंशों की देखरेख व ठण्ड से बचाव हेतु तिरपाल व बोरो के इन्तजाम किये जाएं। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। डीएम ने सीडीओ से कहा कि गौशालाओं की निगरानी करायी जाये और जो भी कमियां पायी जाये उन्हें दूर कराया जाये। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डा. दिव्या मिश्रा भी उपस्थित रही।

कंपोजिट विद्यालय में चोरी- गैस सिलेंडर व सरकारी अभिलेख ले गये चोर

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले के बाघराय थाना इलाके के कंपोजिट विद्यालय बारों में एक बार फिर चोरो ने धावा बोला।

मिली जानकारी के अनुसार बाघराय थाना इलाके के बारों में स्थित कम्पोजिट विद्यालय को मंगलवार रात अज्ञात चोरों ने निशान बनाते हुए वहां से गैस सिलेंडर, सरकारी अभिलेख और बच्चों के लिए आया राशन चुरा ले गए। सुबह जब विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिवशंकर तिवारी को घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुग्गा तिवारी के माध्यम से बाघराय पुलिस को सूचित किया। विद्यालय स्टाफ के मुताबिक इसके पहले भी विद्यालय में चोरी की वारदात हुई थी। और मंगलवार को दोबारा चोरों ने इस स्कूल को निशाना बनाया है। बाघराय के थाना प्रभारी श्रवण कुमार ने बताया कि सूचना मिली हैं जांच शुरू करा रहा हूं।

दहेज के लिए विवाहिता को घर से भगाया, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़ जिले के लीलापुर थाना इलाके में दहेज उत्पीड़न का मामला सामने आया है। महिला की तहरीर पर मुकदमा करते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार लीलापुर थाना इलाके के एक गांव की महिला की शादी थाना इलाके के ही एक गांव में हुई थी। महिला का आरोप है कि शादी के कुछ दिनों बाद से ही पति राम प्रसाद व ससुराल के अन्य सदस्यों द्वारा उसे दहेज में पैसे और सामान लाने की मांग की जाने लगी। असमर्थता जाहिर करने पर महिला को शराब के नशे में उसके पति ने उसे मारा पीटा। पड़ोसियों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ लेकिन अगले दिन पति ने उसे मायके छोड़ दिया। साथ ही कहा कि दोबारा कभी मत आना। थाने पर तहरीर देते हुए महिला ने पति, सास व जेठ समेत ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने व मारपीट करने के साथ ही घर से निकालने का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ट्रस्ट द्वारा स्वास्थ्य व नेत्र शिविर का आयोजन निशुल्क परीक्षण व दवाइयां वितरित

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले में मंगरौरा विकास खण्ड के मदुरा रानीगंज गांव में मंगलवार को नवी मुंबई एजुकेशनल एवं चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जनहित में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, नेत्र शिविर समेत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री मोती सिंह मौजूद रहे। उनके साथ ही पं. रमाकांत द्विवेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष कोहड़ौर शीतला प्रसाद, शिवप्रकाश मिश्र सेनानी, पूनम इंसान, अनिल मिश्र समेत जिले के गणमान्य लोग मौजूद रहे। ट्रस्टी रमेश त्रिपाठी ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया उसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। स्वास्थ्य शिविर में आये क्षेत्र के सैकड़ों वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। इसके साथ ही नेत्र परीक्षण शिविर में आये मरीजों की आंखों की निःशुल्क जांच कर जरूरतमंद को चश्मे का वितरण किया गया। सीखा हॉस्पिटल प्रयागराज के अनुभवी चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ की टीम ने इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता अदा करते हुए स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर का सफल संचालन किया। इसके बाद प्राथमिक विद्यालयों से आये स्कूली बच्चों में निःशुल्क बैग, पेन, पेंसिल व शैक्षणिक सामग्रियों का वितरण किया गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों के चेहरे पर मुस्कान व खुशियां स्पष्ट रूप से झलक रही थी। बता दें कि नवी मुंबई एजुकेशनल एवं चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा पिछले कई वर्षों से जनहित के कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री मोती सिंह ने रमेश त्रिपाठी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि ट्रस्ट के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सीएम योगी के स्वस्थ, शिक्षित एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में रमेश त्रिपाठी का जो योगदान है वो सराहनीय है। ये निरन्तर उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ते रहें और जरूरतमंदों की सेवा करते रहें। कार्यक्रम में नीरज तिवारी, जितेन्द्र बिहारी पांडेय, विनोद पांडेय, महेन्द्र पांडेय, मुन्ना शुक्ल, विमल मिश्र, विशाल सिंह, उमेश मिश्र, सुरेश मिश्र, अखिलेश तिवारी, सूरज शुक्ल, जितेन्द्र पांडेय, कपिल पांडेय समेत काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

पांच महिलाओं की गोदभराई व दो बच्चों का कराया अन्न प्रासन्न

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले में बुधवार को राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने प्राथमिक विद्यालय बाबा बेलखरनाथधाम व आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केन्द्र के जर्जर मिलने पर मरम्मत कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया। आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों के उपस्थिति की जानकारी ली तो बताया कि पैंतीस बच्चे पंजीकृत है जिसमें पन्द्रह बच्चों की उपस्थिति रहती है जिस पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री को निर्देशित किया कि अभिभावको को जागरूक किया जाये जिससे बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र पर मिलने वाली सुविधाओं का लाभ दिया मिल सके और बच्चे स्वस्थ्य रहे। इस दौरान महिला आयोग की सदस्य ने पांच महिलाओं की गोदभराई व दो बच्चों अन्न प्रासन्न कराया। बाल विकास परियोजना अधिकारी पूनम जायसवाल को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों की निगरानी करें और शासन द्वारा मिलने वाली सुविधाओं का लाभ लाभार्थियों को दिया जाये। इस दौरान महिला आयोग की सदस्य ने नवचयनित मुख्य सेविकाओं को उनके कार्यो एवं दायित्वों के बारे में बताया। इसके उपरान्त प्राथमिक विद्यालय बाबा बेलखरनाथ का निरीक्षण किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चे पठन-पाठन का कार्य कर रहे थे। विद्यालय के अध्यापिका को निर्देशित किया कि बच्चों को उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान की जाये। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी राम बाबू विश्वकर्मा सहित अभय शुक्ला उपस्थित रहे। निरीक्षण के बाद महिला आयोग की सदस्य ने पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी के आवास पर पहुँचकर उनके परिवार से मुलाकात की। बाबा बेलखरनाथ धाम मन्दिर पहुँचकर महिला आयोग की सदस्य ने दर्शन-पूजन किया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

महिला उचक्के ने उड़ाया विवाहिता का मंगलसूत्र

जन एक्सप्रेस | देवरिया

ई-रिक्शा से मायके जा रही महिला का डंवर भिसवां गांव के झपट्टा मारकर एक महिला मंगलसूत्र छीनकर भाग गई। सूचना पर पहुंची 112 नंबर डायल पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा देखकर संदिग्ध महिला की छानबीन शुरू कर दी। मुंडेरा मल्ल गांव निवासी दुर्गेश विश्वकर्मा की पत्नी रागिनी पिता के ब्रह्मभोज में शामिल होने के लिए सोमवार की देर शाम ई-रिक्शा से विशुनपुरा जा रही थीं। ई-रिक्शा अभी गौरी बाजार-हाटा मार्ग पर डंवर भिसवां के समीप पहुंचा था कि उसमें बैठी एक महिला गले से मंगलसूत्र छीनकर भाग गई। सूचना पर डायल 112 नंबर पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। एसओ राहुल सिंह ने बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है।

सर्राफा व्यवसायी से ठगी कर लाखों के जेवर लेकर फरार, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले के कुण्डा कोतवाली थाना इलाके के कुंडा कस्बे में ठगों ने एक सर्राफा व्यवसायी को अपना शिकार बनाया और लाखों रुपये के गहने लेकर चंपत हो गए। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को अखिलेश केशरवानी अपनी दुकान पे बैठे थे। दोपहर बाद लगभग एक बजे एक अधेड़ व्यक्ति दुकान पर पहुंचा चांदी के चार गिलास दिखाने को बोला। जब अखिलेश ने दिखाया तो वह पसन्द कराने के लिए अपने परिचित शोएब के पास ले जाने को कहा। गिलास देखने के बाद चांदी के पांच जोड़ी पायल भी उसी दुकान पर ले गए थोड़ी देर में पायल वापस कर सोने की अंगूठी, चेन आदि दिखाने को कहा। उसने सोने की चेन, अंगूठी, आदि सामान डिब्बे में रखकर अपने सेल्समैन राम किशोर पाल के साथ भेजा। सेल्समैन को झांसे में लेते हुए ठगों ने दो अंगूठी पसंद करने की बात कहकर उसकी तौल करा कीमत पूछकर आने को कहा और बाकी जेवरात अपने पास रख लिए। सर्राफा सेल्समैन के जाते ही आरोपी अपने पास रखे जेवर लेकर फरार हो गए। पीड़ित अखिलेश केसरवानी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही मामले की गहनता से छानबीन कर रही है। इंस्पेक्टर अवन कुमार दीक्षित ने कहा कि रिपोर्ट दर्ज कर टीम गठित की गई है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा होगा और आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।

हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले की कुण्डा कोतवाली थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास और मारपीट के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार हथिगवां थाना इलाके के कदमपुर (बेती) निवासी शनि सरोज ने कुण्डा थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया था कि वह सोमवार शाम को अपने दोस्तों के साथ कुण्डा थाना अंतर्गत नई बाजार में शराब ठेके के पीछे खड़ा था तभी थाना इलाके के दिलेरगंज गांव निवासी नितिन मौर्य वहां पहुंचकर शराब के नशे में गाली गलौज करने के साथ ही उसके साथ मारपीट की। विरोध करने पर नितिन ने जान से मारने की नियत से चाकू से वार कर उसे गम्भीर रुप से घायल कर दिया। शनि की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस उसे तलाश रही थी। चेकिंग के दौरान एसआई धर्मेन्द्र कुमार वर्मा व उनकी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त नितिन मौर्या कुण्डा थाना इलाके के मोती का पुरवा तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से घटना में प्रयोग की गई चाकू को भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि घटना में प्रयुक्त चाकू को नई बाजार ठेके के पीछे बाग में छुपा कर रख दिया था और भाग गया था। बरामद चाकू के बारे में बताया कि इसी चाकू से मैने घायल के ऊपर जान से मारने की नियत से वार किया था तथा लड़ाई के बाद भागकर यही पर आकर बाग में छुपा दिया था। पुलिस ने बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

फाजिलनगर में आज निकाली जाएगी पदयात्रा, तैयारियों पर की चर्चा

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

फाजिलनगर नगर पंचायत कार्यालय में मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें बुधवार को आयोजित होने वाली एकता पदयात्रा की तैयारियों पर चर्चा की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश कुमार राय ने कहा कि सरदार पटेल ने पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। उनके याद में होने वाला यह पदयात्रा राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए है। बैठक को कार्यक्रम प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्ष जगदंबा सिंह, कार्यक्रम संयोजक डॉ. कन्हैया, जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी, पशुपतिनाथ जायसवाल, रामबृक्ष गिरी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अजय राय, सुरेंद्र सिंह आदि ने संबोधित किया।

डीएम ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था पुख़्ता रखने के निर्देश

कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा तैनाती, सीसीटीवी, विद्युत व्यवस्था और रिकॉर्डिंग सिस्टम की गहन समीक्षा

जन एक्सप्रेस | महराजगंज

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित वीवीपैट स्ट्रांग रूम के वेयरहाउस/गोदाम का निरीक्षण कर सुरक्षा और रखरखाव व्यवस्था का जायज़ा लिया। उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट के सुरक्षित भंडारण को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए तैनात सुरक्षा गार्डों, सीसीटीवी कंट्रोल रूम तथा विद्युत सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ईवीएम/वीवीपैट का रखरखाव भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्ट्रांग रूम में प्रवेश केवल नियमानुसार अधिकृत व्यक्तियों को ही दिया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी श्री शर्मा ने सीसीटीवी कैमरों की 24म7 क्रियाशीलता सुनिश्चित करने पर विशेष बल देते हुए सभी कैमरों की नियमित मॉनिटरिंग और रिकॉर्डिंग के सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही गार्ड तैनाती, विद्युत इंतज़ाम और रोस्टरवार कार्मिकों की ड्यूटी को निर्धारित मानकों के अनुसार लागू करने को कहा। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा लोकतांत्रिक प्रक्रिया की विश्वसनीयता का अहम हिस्सा है, इसलिए सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी सतर्कता के साथ करें।

कप्तान अभिनंदन के ईमानदार छवि के भरोसे जनता गाज़ा माफियाओं का बड़ा ऑपरेशन कब?

- कप्तान साहब, आपका एक्शन ही युवाओं को बचा सकता है—नशा तस्कर बेकाबू

जन एक्सप्रेस। बस्ती

बस्ती जिले में नशे का बढ़ता साम्राज्य अब कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती और समाज के लिए एक स्थायी खतरा बन चुका है। छावनी, हर्रैया, पुरानी बस्ती और वाल्टरगंज थाना क्षेत्रों में गांजा तस्करों का नेटवर्क इतनी मजबूती से जड़ें जमा चुका है कि पुलिस की सख्ती और कप्तान अभिनंदन के कड़े निर्देश भी इनके हौसलों को कमजोर नहीं कर पा रहे। स्थिति का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि कई कुख्यात तस्कर, जिनके खिलाफ पहले से मुकदमे दर्ज हैं, वे आज भी खुलेआम सप्लाई चेन चलाते दिखाई देते हैं। इससे साफ झलकता है कि थानास्तर पर या तो गंभीर लापरवाही हो रही है या कहीं न कहीं अनदेखी और समझौता मौजूद है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नशे का यह काला कारोबार अब गांवों तक फैल गया है और युवा पीढ़ी इसके सबसे बड़े निशाने पर है।

वाल्टरगंज थाना - कई शिकायतें, कार्रवाई सीमित

वाल्टरगंज क्षेत्र भी इस अवैध व्यापार से अछूता नहीं है। लोगों का कहना है कि शिकायतों के बाद भी छापेमारी का स्तर बेहद कमजोर है।

सबसे बड़ा असर युवाओं पर

गांजा की आसान उपलब्धता ने जिले की युवा पीढ़ी को सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। छात्र वर्ग तेजी से इसकी चपेट में आ रहा है, जिससे अपराध और मानसिक गिरावट दोनों का खतरा बढ़ रहा है।

स्कूल-कॉलेजों, बाजारों, पुलों और सुनसान जगहों पर नशा उपलब्ध होना अपने आप में पुलिस की कार्रवाई को संदेह के घेरे में खड़ा करता है। चारों थानों की कार्यशैली को लेकर गहरा असंतोष है और लोगों का सवाल है कि जब आम जनता यह सब देख रही है तो पुलिस तक यह जानकारी क्यों नहीं पहुंच रही? या फिर पहुँचकर भी कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही? जिले में स्थिति ऐसी बन चुकी है कि अब जनता सिर्फ छिटपुट कार्रवाई नहीं, बल्कि बड़े तस्करों के तंत्र को तोड़ने वाली निर्णायक कार्रवाई की मांग कर रही है।

कप्तान अभिनंदन की प्रतिष्ठा दांव पर—नशा माफिया को सबक कब मिलेगा?

बस्ती जिले में तेजी से फैलता नशा कारोबार अब सीधा-सीधा पुलिस की कार्यशैली और कप्तान अभिनंदन की सख्त छवि पर सवाल खड़े कर रहा है। कप्तान साहब अपनी ईमानदारी, तेज कार्यशैली और अपराध पर कड़े रुख के लिए जाने जाते हैं, लेकिन इसके बावजूद छावनी, हर्रैया, पुरानी बस्ती और वाल्टरगंज में गांजा माफियाओं के बढ़ते हौसले लोगों को हैरान कर रहे हैं। जनता का कहना है कि कप्तान की नीयत और नेतृत्व पर किसी को संदेह नहीं, परंतु थानास्तर पर लापरवाही या प्रभावहीन कार्रवाई नशा माफियाओं के लिए सुरक्षा कवच का काम कर रही है।

जिस तरह से दुर्गेश, दीपक और कई अन्य कथित तस्कर बिना डर खुलेआम सप्लाई चेन चला रहे हैं, उससे साफ है कि नेटवर्क बेहद मजबूत है। युवा तेजी से नशे की गिरफ्त में जा रहे हैं और परिवारों की चिंता बढ़ती जा रही है। अब जनता कप्तान साहब की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है कि वे जल्द ही जिले में एक बड़े ऑपरेशन का नेतृत्व करेंगे और इन माफियाओं को कड़ा सबक सिखाएंगे। बस्ती की साख और कप्तान साहब की प्रतिष्ठा दोनों इस निर्णायक कदम पर टिकी हैं, क्योंकि अब केवल कार्रवाई नहीं—बड़ी, तेज और असरदार कार्रवाई की आवश्यकता है।

गांजा माफियाओं का बोलबाला, पुलिस की भूमिका सवालों में

जिले के चार प्रमुख थाना क्षेत्रों—छावनी, हर्रैया, पुरानी बस्ती और वाल्टरगंज—में गांजा तस्करी पिछले कुछ महीनों में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुकी है। कप्तान अभिनंदन द्वारा बार-बार निर्देश जारी किए जाने के बावजूद थानास्तर पर कार्रवाई का अभाव गहरी चिंता का विषय बना हुआ है।

छावनी क्षेत्र- दुर्गेश का मजबूत नेटवर्क, कार्रवाई शून्य

छावनी क्षेत्र में दुर्गेश नामक युवक का गांजा नेटवर्क बेहद मजबूत बताया जा रहा है। क्षेत्रीय लोगों के मुताबिक उसकी सप्लाई चेन लंबे समय से चल रही है, लेकिन किसी बड़ी कार्रवाई का अभाव कई सवाल खड़े कर रहा है। जनार्दन प्रसाद की संदिग्ध चुप्पी भी चर्चा का विषय बनी हुई है।

हर्रैया- दीपक का साम्राज्य कई जिलों तक फैला

हर्रैया में दीपक का नाम नशा तस्करी की दुनिया में पुराना है। उसके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज होने के बावजूद उसने अपनी सप्लाई चेन गोंडा, अयोध्या और संतकबीरनगर तक फैला दी है। लगातार जारी यह तस्करी पुलिस की कमजोरी या उपेक्षा का स्पष्ट संकेत देती है।

पुरानी बस्ती- नहरिया पुल बना हॉटस्पॉट

पुरानी बस्ती में नहरिया पुल, रेलवे लाइन किनारे और कई जगहों पर खुलेआम गांजा बेचे जाने की शिकायतें मिल रहीं हैं। नए थानाध्यक्ष जयदीप दुबे के सामने यह एक बड़ी चुनौती है कि इस खुलेआम चल रहे व्यापार को कैसे रोका जाए।

शिक्षक संघ का अधिवेशन संपन्न

राजकुमार सिंह अध्यक्ष, विनोद कुमार यादव बने मंत्री

जन एक्सप्रेस। बस्ती

बुधवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का अधिवेशन गौर विकास खण्ड कार्यालय पर सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में शिक्षक समस्याओं, टेट की अनिवार्यता, ऑन लाइन हाजिरी आदि मुद्दों पर विचार करने के साथ ही दूसरे सत्र में चुनाव अधिकारी जिला उपाध्यक्ष आनन्द दूबे, पर्यवेक्षक वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार की देख रेख में चुनाव सम्पन्न कराया गया। सर्व सम्मत से राजकुमार सिंह अध्यक्ष, गंगा प्रसाद कनौजिया, गिरजा शंकर चौधरी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, हनुमान प्रसाद यादव, संजय चौहान, अनिल सिंह, ज्ञानदास चौधरी, श्रीमती संध्या, जनार्दन प्रसाद शुक्ला, राम यज्ञ, रामकृपाल, चंद्रेश प्रताप सिंह, किरण गौतम, बृजेश चौधरी, विवेक शुक्ला, करण सिंह उपाध्यक्ष, विनोद कुमार यादव मंत्री, कल्पनाथ कोषाध्यक्ष, अशोक कुमार पाण्डेय संयुक्त मंत्री, अरुण पाण्डेय, लालजी पाल ओमकार उपाध्याय मंत्री, देवी, राजेश कुमार, धर्मराज, धीरेंद्र कुमार चौधरी, नीलम यादव, राजेश कुमार, रंजू गुप्ता, संजय संगठन मंत्री, सिराज अहमद, संजय यादव, महेंद्र वर्मा, नरसिंह यादव, मनोज कुमार जायसवाल, आशुतोष प्रचार मंत्री, प्रीतेश यादव अकाउन्टेंट, अनिल अग्रहरि, ऑडिटर महेन्द्रनाथ पाठक मीडिया प्रभारी निर्वाचित हुए।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाया। कहा कि शिक्षक अपने समय के सबसे चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है। एकजुटता से ही लक्ष्य हासिल होंगे। कहा कि 20 नवम्बर को रुधौली 21 नवम्बर को हर्रैया का अधिवेशन संपन्न कराया जाएगा। श्री शुक्ल ने कहा कि जब तक प्रदेश शासन द्वारा गठित कमेटी का निर्णय नहीं आता तब तक ऑनलाइनउपस्थिति शिक्षक नहीं कराएंगे यदि अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही किया गया तो संगठन चुप नही रहेगा।

अधिवेशन का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जटाशंकर शुक्ला और विनोद सिंह अध्यक्ष गन्ना समिति बभनान के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। अधिवेशन को जिला मंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, अभिषेक उपाध्याय, सम्राट देवेन्द्र वर्मा आदि संबोधित करते हुये शिक्षक समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये एकजुटता पर जोर दिया। कार्यक्रम में ओंकार उपाध्याय, शैलेष अग्रहरि, बजरंगी राजभर, अर्चना दीपमाला, अनुराधा, अंजली, साधना गुप्ता, उमा पाण्डेय, चंद्रावती, सुरेशचंद्र, विकास चंद्र मिश्रा, आलोक शुक्ला, अजय पाण्डेय, शरीफउल्लाह, रामनाथ, इन्दू सिंह, राम किशोर निषाद, सुभाष सिंह, उमाशंकर मणि त्रिपाठी विवेक गौतम के साथ ही जिला पंचायत सदस्य शंकर यादव के साथ ही अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

एक के बाद एक लगातार तीन बेटियां पैदा होने से पिता ने आपा खोया, मासूम बेटी को नदी में फेंका

- शव बरामद करने में जुटी पुलिस, देर शाम तक नहीं मिला मासूम का शव

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर केराकत लगातार एक के बाद एक बेटी पैदा होने से दुःखी एक पिता ने डेढ़ साल की अपनी तीसरी बेटी को गोमती नदी में फेंक दिया। घटना की जानकारी होते ही क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। थानागद्दी पुलिस ने पिता को गिरफ्तार कर लिया है। मछुआरो की मदद से नदी में बेटी की तलाश की जा रही है। खबर लिखे जाने तक शव को बरामद नहीं किया जा सका था।

दिल दहला देने वाली घटना केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र के खर्गसेनपुर गांव की है। गांव का अशोक कुमार विश्वकर्मा बुधवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे अपनी डेढ़ साल की बेटी रूबी को टहलाते घुमाते पड़ोसी गांव टड़वा के गोमती नदी के किनारे ले गया और उसे नदी में फेंक दिया। घटना को नदी उस पार बैठे कुछ मल्लाहों ने देखा और चिल्लाकर अन्य लोगों को बताते हुए बेटी को बचाने के लिए नदी में कूद गए। लेकिन घटना स्थल की दूरी अधिक होने के चलते वे कुछ नहीं कर पाए और नदी के तेज बहाव में मासूम बेटी लापता हो गई। घटना की सूचना गांव में आग की तरह फ़ैल गई। मौके पर पहुंची थानागद्दी पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया। बाद में सीओ अजीत रजक और कोतवाल दिपेन्द्र सिंह भी मौके पर पहुंच गए। अशोक की पत्नी संजू ने पुलिस बताया कि तीसरी बेटी के पैदा के बाद से अशोक अक्सर घर झगड़ा करता था। संजू ने बताया कि अशोक लड़का चाहता था लेकिन लड़की पैदा हो गई 45 वर्षीय अशोक जीविकोपार्जन के लिए मुंबई रहता है। उसकी पत्नी और बेटियां खर्गसेनपुर गांव में रहती हैं। उसके दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी आकांक्षा 18 साल की है जबकि दूसरी बेटी सृष्टि 13 साल की। घटना से पूरे गांव आश्चर्य चकित है। कोतवाल दिपेन्द्र सिंह ने बताया कि कानूनी कार्रवाई की जा रही है

हिस्ट्रीशीटर मुन्ने रज़ा उर्फ इमरान पुलिस हिरासत में

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर थाना कोतवाली पुलिस ने टॉप-10 और हिस्ट्रीशीटर अपराधियों पर की जा रही कार्रवाई के क्रम में बुधवार को मुन्ने रज़ा उर्फ इमरान को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व में की गई।

बुधवार को उपनिरीक्षक राहुल रंजन अपनी टीम के साथ हिस्ट्रीशीटर अपराधियों के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान एचएस नंबर-132 मुन्ने रज़ा उर्फ इमरान उम्र 49 वर्ष, निवासी गुलरघाट, थाना कोतवाली को उसके घर से हिरासत में लिया गया।

पुलिस के अनुसार उक्त हिस्ट्रीशीटर अपने आसपास के लोगों को डराने-धमकाने का कार्य कर रहा था। उसके पुराने आपराधिक इतिहास के चलते आमजन में भय और रोष व्याप्त था, तथा कोई भी व्यक्ति उसके विरुद्ध खुलकर सामने आने का साहस नहीं कर पा रहा था। शांति व्यवस्था बनाए रखने और उसके आतंक पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने उसे धारा 170/126/135 क्षृहस के अंतर्गत हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की

जौनपुर में लौह पुरुष सरदार पटेल जी की जयंती पर एकता यात्रा का आयोजन

- जौनपुर प्रभारी मंत्री श्री ए.के. शर्मा जी की अगुवाई में नौपेड़वा से मोहम्मदपुर तक उमड़ा जनसैलाब
- राष्ट्रीय एकीकरण में सरदार पटेल जी की भूमिका को मा0 प्रभारी मंत्री जी ने बताया अतुलनीय
- सभी को देश निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने का किया आह्वान
- स्थानीय जनता ने उत्साहपूर्वक किया स्वागत, पूरे मार्ग में छाया देशभक्ति का माहौल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

उत्तर प्रदेश के मा0 मंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग तथा जनपद जौनपुर के प्रभारी मंत्री श्री ए.के. शर्मा जी ने सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर जिले में आयोजित एकता यात्रा में सहभागिता की। यह यात्रा मल्हनी विधानसभा अंतर्गत नौपेड़वा से मोहम्मदपुर तक उत्साह, देशभक्ति और सामाजिक एकजुटता के संदेश के साथ निकली। बड़ी संख्या में नागरिकों, युवाओं, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने यात्रा में शामिल होकर इसे विशाल जनसमूह का रूप दिया। अपने संबोधन में मा0 मंत्री श्री ए.के. शर्मा जी ने कहा कि भारत के राष्ट्रीय एकीकरण में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का योगदान सदैव याद रखा जाएगा। 562 रियासतों को एक धागे में पिरोकर उन्होंने एक मजबूत, संगठित और सशक्त भारत का निर्माण किया। उनका जीवन देशभक्ति, अनुशासन और दृढ़ इच्छाशक्ति का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल जी के सिद्धांत और विचार आज भी देश की एकता और अखंडता की आधारशिला हैं। मा.प्रभारी मंत्री जी ने आगे कहा कि नए भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। युवाओं को सरदार पटेल की कार्यशैली, समर्पण और राष्ट्रप्रथम की भावना से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र के विकास में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति तभी संभव है जब समाज में एकता, सदभाव और आपसी सम्मान की भावना बढ़े। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि वे सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को बढ़ाने के लिए अपने-अपने स्तर पर सकारात्मक प्रयास करें। मा0 प्रभारी मंत्री जी ने कहा कि सरदार पटेल जी ने राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोकर वह कार्य किया, जिसे करने की हिम्मत और दृष्टि बहुत कम लोगों में होती है। यदि सरदार पटेल न होते तो अखंड भारत का निर्माण मुश्किल था। उन्होंने केवल रियासतों को ही नहीं जोड़ा बल्कि देश की विविधताओं को एक शक्तिशाली पहचान दी। आज हम जिस सशक्त भारत पर गर्व करते हैं उसका मूल आधार सरदार वल्लभभाई पटेल जी की दूरदर्शिता और कार्यशैली है।

इस अवसर पर माननीय सांसद राज्यसभा श्रीमती सीमा द्विवेदी जी, मा0 राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, खेल एवं युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश श्री गिरीश चंद्र यादव, मा0 सदस्य विधान परिषद श्री बृजेश सिंह ''प्रिंशू'', मा0 विधायक बदलापुर श्री रमेश चंद्र मिश्र, पूर्व गृह राज्यमंत्री श्री कृपा शंकर सिंह, जिलाध्यक्ष श्री पुष्पराज सिंह, जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, डीसीएफ चेयरमैन धनंजय सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

पद्मश्री लोकगीत गायिका उर्मिला श्रीवास्तव ने बाँधा समां, कजरी और देवी गीतों से मंत्रमुग्ध हुआ टीडी कालेज

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

पद्मश्री (2024) सम्मानित लोकगीत एवं कजरी गायिका श्रीमती उर्मिला श्रीवास्तव का बुधवार को नगर के टीडी कालेज में आगमन हुआ, जहां उनके आगमन पर पूरे परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल दिखाई दिया। विद्यालय परिवार की ओर से प्रधानाचार्य डॉ. सत्य प्रकाश सिंह ने उन्हें अंगवस्त्र एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही उर्मिला श्रीवास्तव की मधुर प्रस्तुतियाँ, जिन्होंने अपने प्रसिद्ध लोकगीत ÷रेलिया बैरन पिया को लिए जाए रे, मनभावन देवी भजन, तथा स्वरमयी कजरी गीतों से हॉल में ऐसा रस घोला कि उपस्थित सभी श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। हर प्रस्तुति पर तालियों की गड़गड़ाहट लंबे समय तक गूंजती रही।

उर्मिला जी के साथ श्रेष्ठ शुक्ला, प्रदेश सचिव स्क्ब्रूष्ट स्ब्र्ष्टड्ड, तथा उनकी पूरी टीम उपस्थित रही, जिनके सहयोग से कार्यक्रम और भी भव्य बना।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रोफेसर मनोज कुमार सिंह, अजय सिंह (प्रबंधक, पंचशील इंटर कॉलेज), प्रोफेसर नरेंद्र देव पाठक (जिला उपाध्यक्ष, संस्कार भारती), तथा सत्य प्रकाश सिंह, मनोज सिंह, सुनील सिंह, दिनेश सिंह, संजय सिंह, अभिषेक सिंह (संगीत), अमरेश राय, प्रीति उपाध्याय, रीता सिंह, गीता मिश्रा, नरेंद्र सिंह, राजीव सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य डॉ. सत्य प्रकाश सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया। उन्होंने विशेष आग्रह करते हुए कहा कि उर्मिला जी, आप पुनः विद्यालय में कार्यशाला आयोजित कर हमारे बच्चों को अपने अनुभव और कला से लाभान्वित करें। लोकगीत और कजरी गायन की सुमधुर परंपरा को जीवंत करने वाला यह आयोजन लंबे समय तक स्मरणीय रहेगा।

इंडेन गैस से भरी ट्रक का हुआ एक्सीडेंट

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जलालपुर थानाक्षेत्र के रेहटी गांव के पास गैस सिलेंडर से भरे ट्रक संख्या क्ष65 चञ 7947 चालक चन्द्रजीत यादव द्वारा बावतपुर से आजमगढ़ के लिए जा रहा था अचानक हाइवे पर रेहटी गेट के पास एक्सीडेंट हो गया है तत्काल ड्राइवर ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी सूचना मिलते ही फायर अधिकारी नागेंद्र प्रसाद द्विवेदी अपनी पूरी यूनिट के साथ मौके पर पहुच गये सभी सिलेंडर को एकत्र कराकर लीकेज को ठीक कराया तथा ट्रक खराब होने के कारण गाड़ी मालिक से बात कर दूसरी ट्रक भेजकर अनलोडिंग कराने को बताया तथा फायर रिस्क को दृष्टिगत रखते हुए फायर टैंकर मय यूनिट के सहित घटनास्थल पर ही अनलोडिंग तक रुकने हेतु निर्देशफायर अधिकारी ने दिया।

सौ व दो सौ मीटर की दौड़ में सोनभद्र के संदीप प्रथम

जन एक्सप्रेस। मिर्ज़ापुर

रैली में सौ व दो सौ मीटर की दौड़ में सोनभद्र के संदीप प्रथम रहे। सौ मीटर दौड़ में मिर्जापुर के सुजीत द्वितीय व भदोही के शुभम कुमार रैया तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में संदीप कुमार सोनभद्र प्रथम, शशिकांत घोरावल सोनभद्र द्वितीय, कमलेश रैया भदोही ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को मुख्य अतिथि ने मेडल और शील्ड प्रदान किया। मुख्य अतिथि समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक आरके सिंह, विशिष्ट अतिथि मंजुला सिंह अपर आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी मिर्जापुर रामविलास रहे। आयोजक जयप्रकाश सर्वोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार दुबे रहे। कार्यक्रम में विंध्याचल मंडल के तीनों जिलों के प्रधानाचार्य, व्यायाम शिक्षक, फार्मासिस्ट, कंप्यूटर ऑपरेटर व विद्यालय के अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

अचानक बाइक पर लगी आग एक बुरी तरह झुलसा एक घायल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पे बक्सा थाना क्षेत्र के शंभूगंज में आज बुधवार की दोपहर लगभग 1:30 बजे हिमांशु सोनी 18 वर्ष पुत्र महेंद्र सोनी घायल अभिषेक प्रजापति 15 वर्ष पुत्र शेषनाथ प्रजापति निवासी उपाध्यापुर सरपतहा आज यह दोनों दोस्त बाइक से जौनपुर किसी के काम आ रहे थे जैसे ही शंभूगंज पहुंचें अचानक उनकी बाइक में आग लग गई

जिसमें हिमांशु सोनी बुरी झूलस गया और दोस्त अभिषेक प्रजापति को हल्की फुल्की चोट आई

और बाइक बुरी तरह से जल के राख हो गई स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस को फोन किया जहां पर दोनों को जिला

अस्पताल जौनपुर लाया गया जहां पर हिमांशु सोनी की हालत गंभीर बताई जा रही है

बाल क्रीड़ा महोत्सव: दौड़ में सौरभ-ललिता अव्वल, कबड्डी में खम्हरिया का दबदबा

जन एक्सप्रेस। बस्ती

हर्रैया ब्लॉक के मझौवा बाबू न्याय पंचायत की बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरिवंशपुर के प्रांगण में उत्साहपूर्वक किया गया। एआरपी और शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

प्राथमिक स्तर की 50 मीटर बालिका दौड़ में मझौवा बाबू की ललिता प्रथम, त्रिलोकपुर की अनन्या द्वितीय और परसौडा की अंकिता तृतीय रहीं। वहीं बालक वर्ग में खम्हरिया गंगाराम के सौरभ ने प्रथम स्थान हासिल किया, परसौडा के सूरज दूसरे और हरिवंशपुर के शिवा तीसरे स्थान पर रहे।

प्राथमिक स्तर की 100 मीटर बालिका दौड़ में मझौवा बाबू की पार्वती अव्वल रहीं।

त्रिलोकपुर की अनन्या ने दूसरा और खम्हरिया गंगाराम की आंचल ने तीसरा स्थान पाया।

बालक वर्ग में हरिवंशपुर के शिवा ने प्रथम, तेनुआ के प्रीतम ने द्वितीय और त्रिलोकपुर के यश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कबड्डी प्रतियोगिताओं में खम्हरिया गंगाराम की टीम ने शानदार खेल कौशल दिखाते हुए प्राथमिक स्तर के बालक और बालिका दोनों वर्गों में विजय हासिल की, जबकि मझौवा बाबू उपविजेता रहा।

उच्च प्राथमिक स्तर में बालिका वर्ग में हरिवंशपुर विजेता और खम्हरिया उपविजेता रहा।

बालक वर्ग में खम्हरिया गंगाराम विजेता तथा हरिवंशपुर उपविजेता बना।

विजेता खिलाड़ियों को एआरपी रवीश कुमार मिश्र और सेवानिवृत्त शिक्षक राम नयन शर्मा ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में न्याय पंचायत प्रभारी हरी जी मिश्र, खेल प्रभारी राजकुमार, पवन मिश्र, दीपक सिंह, राहुल द्विवेदी, धनंजय, सोनिया सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम में एआरपी संतोष कुमार शुक्ल, शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामसागर वर्मा, मंत्री राम प्यारे कनौजिया सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक और बच्चे मौजूद रहे।

जौनपुर पुलिस लाइन में साइबर जागरूकता कार्यशाला सम्पन्न

डीजीपी व एडीजी ने वर्चुअली किया संबोधित

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर रिज़र्व पुलिस लाइन के बहुउद्देशीय हॉल में आज साइबर जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक जौनपुर ने की। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों और आम नागरिकों को बढ़ते साइबर अपराधों तथा साइबर धोखाधड़ी के तरीकों से आगाह कर उन्हें बचाव के उपायों से अवगत कराना था। कार्यक्रम के दौरान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, लखनऊ तथा अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी जोन ने वर्चुअल माध्यम से कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने साइबर सुरक्षा के महत्व, साइबर अपराधों की चुनौतियों और प्रदेश स्तर पर पुलिस द्वारा किए जा रहे तकनीकी प्रयासों पर प्रकाश डाला। साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी देने के लिए साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ राहुल मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने साइबर फ्रॉड की नवीनतम तकनीकों, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार तथा बचाव के व्यावहारिक उपायों पर उपयोगी प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में जिला जज, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक नगर व ग्रामीण, सहायक पुलिस अधीक्षक (नगर/लाइन्स) सहित अनेक वरिष्ठ प्रशासनिक व न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा मिशन शक्ति की श्रीमती आदर्श वर्मा तथा सेव लाइफ फाउंडेशन (रोड सेफ्टी) के पदाधिकारी भी मौजूद रहे और सामाजिक सुरक्षा तथा जागरूकता के विभिन्न आयामों पर अपने विचार साझा किए। अपने अध्यक्षीय संबोधन में पुलिस अधीक्षक जौनपुर ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर जागरूकता ही सबसे प्रभावी सुरक्षा कवच है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी को नज़रअंदाज़ न करें और तत्काल पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य जौनपुर को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने हेतु पुलिस और जनता के बीच एक मजबूत सुरक्षा तंत्र स्थापित करना है।

जिले के बेसिक स्कूलों में बच्चो को मिल रहा पोषक मध्यान्ह भोजन

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में जनपद के सभी विद्यालयों में पी.एम. पोषण (मध्यान्ह भोजन) योजना अत्यंत सुचारू एवं पारदर्शी ढंग से संचालित की जा रही है। बच्चों को पौष्टिक, स्वच्छ और संतुलित भोजन उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक स्तर पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि विद्यालयों में अध्ययनरत नन्हें-मुन्नों का स्वास्थ्य निरंतर बेहतर होता रहे।

उन्होंने बताया कि जनपद के 1006 परिषदीय प्राथमिक विद्यालय, 250 उच्च प्राथमिक विद्यालय, 194 कम्पोजिट विद्यालय, 30 अशासकीय सहायता प्राप्त उच्च प्राथमिक विद्यालय, 13 सहायता प्राप्त मदरसे, 04 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय विद्यालय, 01 अनुदानित संस्कृत विद्यालय एवं 60 इंटर कॉलेज, इस प्रकार कुल 1576 विद्यालयों में बच्चों को मानक एवं मेन्यू के अनुसार मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने हेतु जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के अनुमोदन के पश्चात प्राथमिक स्तर पर 6.78 तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर 10.17 प्रति छात्र की निर्धारित दर से कुल 5,35,94,172/- (रु. पाँच करोड़, पैंतीस लाख, चौरानवे हजार, एक सौ बहत्तर मात्र) की धनराशि सभी विद्यालयों के मध्यान्ह भोजन निधि खातों में स्थानांतरित कर दी गई है। यह व्यवस्था इस बात को सुनिश्चित करती है कि बच्चों के पोषण में किसी प्रकार की बाधा न आए और योजना का लाभ नियमित रूप से उन तक पहुँचता रहे।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आगे बताया कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, विकास और ऊर्जा स्तर को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक बुधवार को पी.एम. पोषण योजना के अंतर्गत अतिरिक्त पोषण दिवस मनाया जाता है। इस दिन मौसमी सब्जियों एवं सोयाबीन बड़ी से तैयार विशेष तहरी के साथ प्राथमिक स्तर के बच्चों को 150 मि.ली. दूध व उच्च प्राथमिक स्तर के बच्चों को 200 मि.ली. दूध वितरित किया जाता है। इसी क्रम में आज जनपद के सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों को ताजा दूध वितरित किया गया, जिससे बच्चों के चेहरों पर खास उत्साह और प्रसन्नता देखने को मिली।

उन्होंने कहा कि बुधवार को दूध उपलब्ध कराने की यह व्यवस्था बच्चों के पोषण स्तर को सुदृढ़ करने, उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा उन्हें अधिक सक्रिय, आत्मविश्वासी और ऊर्जावान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जनपद के सभी विद्यालयों में इस व्यवस्था का अनुशासनपूर्वक और शत-प्रतिशत पालन कराया जा रहा है।

कॉफी मशीन के ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस। शाहजहांपुर।

जलालाबाद। मदनापुर थाना क्षेत्र के पेहना गांव में सोमवार रात शादी समारोह में कॉफी मशीन फटने से 30 वर्षीय कारीगर सुनील की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी नीलम की ओर से ठेकेदार अशोक कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मृतक की पत्नी नीलम का आरोप है कि ठेकेदार ने रुपयों के लालच में खराब व पुरानी कॉफी मशीन शादी के कार्यक्रम मे भेज दी, जो चालू करते ही फट गई। रात करीब 12 बजे उसे सूचना मिली कि कॉफी मशीन फटने से पति समेत दो लोग घायल हुए हैं। बाद में अस्पताल में उसके पति को मृत घोषित कर दिया गया। आरोप लगाया कि ठेकेदार की लापरवाही की वजह से पति की मौत हुई है। बता दें कि 17 नवंबर को पेहना गांव में अंकित दीक्षित की बहन अनुष्का की शादी थी। रात करीब नौ बजे सुनील ने कॉफी बनाने के लिए मशीन को चालू किया। इस दौरान वह फट गई और उसके टुकड़े सुनील के अलावा पास में ही खड़े जलालाबाद क्षेत्र के गांव कोठा मंझा निवासी सचिन के लगे। मदनापुर थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

एसआईआर का दो जगहों से फॉर्म भरा तो एक साल की सजा होगी

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) में मतदाता दो-दो स्थानों से गणना प्रपत्र न परें। अगर ऐसा किया तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा-31 के तहत एक वर्ष तक की सजा दी जा सकती है या जुर्माना लगाया जा सकता है। ऐसे में गांव या शहर और दो-दो राज्यों की मतदाता सूची में नाम है तो भी सिर्फ एक जगह से ही गणना प्रपत्र भरकर जमा करें। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने बताया कि चुनाव आयोग दो-दो जगह से गणना प्रपत्र भर जमा करने वालों को आसानी से पकड़ लेगा। डिजिटल माध्यम से इसकी फूलपुफ व्यवस्था की गई है। आप पुश्तैनी गांव में मतदाता बुनकर वोट डालना चाहते हैंतो वहां से फॉर्म भरकर जमाकरें। या शहर में रहना चाहते है तो वहां से फार्म भरें।

यूपी में चुनाव आयोग ऐसे मतदाताओं को आसानी से पकड़ लेगा

बीते 27 अक्तूबर को मतदाता सूची फ्रीज की गई है। वर्तमान में इस सूची में जहां नाम है, वहीं से फॉर्म भरें। यूपी का जिसका रहने वाला कोई दूसरे राज्य मुंबई, दिल्ली या फिर अन्य राज्य में रह रहा है और वहां वोटर है तो फिर यहां गणना प्रपत्र न भरे। क्योंकि एसआईआर मतदाता सूची से मृत व्यक्तियों के नाम बाहर करने व जिन मतदाताओं के दो-दो जगह नाम हैं, उनके नाम एक जगह से हटनि इत्यादि के लिए किया जा रहा है।

फर्जी और मृत वोटरों का एआई से पता लगाएगा निर्वाचन आयोग

एसआईआर के दौरान चुनाव आयोग ने फर्जी या मृत मतदाताओं को शामिल होने से रोकने के लिए एआई आधारित सत्यापन प्रणाली शुरू करने का फैसला किया है। एआई प्रणाली मतदाता डाटाबेस में तस्वीरों में चेहरे का विश्लेषण कर कई स्थानों पर पंजीकृत व्यक्तियों की पहचान में मदद करेगी। अधिकारी ने बताया, मतदाताओं की तस्वीरों के दुरुपयोग के संबंध में शिकायतें बढ़ी हैं। कई स्थानों पर एक ही मतदाता की तस्वीर पाए जाने की घटनाओं का पता लगाने के लिए एआई फेशियल मैचिंग तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इसी बीच कन्नौज के जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की ओर से एक पम्पलेट भी वितरित कराया जा रहा है इसका शीर्षक है।

समस्त मतदाताओं एवं बूथ लेविल अधिकारियों हेतु आवश्यक सूचना

1-लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा-31 के अन्तर्गत
किसी निर्वाचक नामावली की तैयारी, पुनरीक्षण या शुद्धि के, अथवा किसी प्रविष्टि के किसी निर्वाचक नामावली में सम्मिलित या उसमें अपवर्जित किए जाने के संबंध में, ऐसा कथन या ऐसी घोषणा लिखित रुप में करेगा जो मिथ्या है और जिसके मिथ्या होने का या तो उसे ज्ञान है या विश्वास है या जिसके सत्य होने का उसे होने का विश्वास नहीं है. तो वह ऐसे कारावास से, जिसकी अवधि एक वर्ष तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, या दोनों से, दंडनीय होगा।
लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा-32 के अन्तर्गत
यदि कोई निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण ऑफिसर, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण ऑफिसर या अन्य व्यक्ति जो किसी निर्वाचक नामावली की तैयारी, पुनरीक्षण या शुध्दि से संसक्त या किसी प्रविष्टी को उस निर्वाचक नामावली में सम्मिलित करने या उससे अपवर्जित करने से संसक्त किसी पदीय कर्तव्य के पालन के लिए इस अधिनियम के द्वारा या अधीन अपेक्षित है, ऐसे पदीय कर्तव्य के भंग में किसी कार्य या कार्यलोप का दोषी युक्तियुक्त हेतुक के बिना होगा, तो वह कारावास से, जिसकी अवधि तीन मास से कम की नहीं होगी, किंतु दो वर्ष तक की हो सकेगी, और जुर्माने से दंडनीय होगा।

बीएलओ एप्प पर हर बीएलओ प्रतिदिन एक सौ गणना प्रपत्र फीड करे : डीएम

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने आज विकास खण्ड कन्नौज एवं विकास खण्ड तिर्वा में संचालित ईएफ सब मिशन सेंटरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष रूप से केंद्रों की व्यवस्थाओं, कार्य की गति तथा की जा रही प्रविष्टियों की गुणवत्ता का गहन परीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईआरओ, खंड विकास अधिकारी तथा खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचक नामावलियों से संबंधित गणना प्रपत्रों का कार्य प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक बिना किसी विलंब के पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रों में शुद्ध पेयजल, सुचारू विद्युत आपूर्ति तथा उच्च गति इंटरनेट की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित रहे तथा प्रत्येक कार्य बीएलओ ऐप के माध्यम से ही किया जाए। विकास खण्ड तिर्वा के ईएफ सब मिशन सेंटर में विद्युत व्यवस्था ठीक न पाए जाने पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने उप जिलाधिकारी तिर्वा को तत्काल प्रभाव से जनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी केंद्र पर किसी प्रकार की समस्या नहीं रहनी चाहिए, जिससे कार्य प्रभावित हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सुपरवाइजरों एवं मास्टर ट्रेनरों को भी निर्देशित किया कि वे बीएलओ का पूर्ण सहयोग करें तथा उन्हें कार्य के प्रति प्रोत्साहित करें। प्रत्येक बीएलओ द्वारा प्रतिदिन कम से कम 100 प्रपत्र गुणवत्तापूर्ण रूप से भरे जाने चाहिए। यह विशेष ध्यान रखा जाए कि किसी भी प्रपत्र में त्रुटि न हो तथा किसी व्यक्ति का फॉर्म दो बार न भरा जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन बीएलओ द्वारा अभी तक अपेक्षित कार्य नहीं किया गया है, उन्हें चिन्हित कर उनका मार्गदर्शन एवं सहयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि समग्र प्रगति में सुधार लाया जा सके। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

चोरों ने ताला तोडकर जरुरी कागज और 10 रेगूलेटर और चांदी का सिक्का चोरी कर ले गये

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज। कस्बे के राजमार्ग स्थित भईया जी गैस एजेन्सी में मंगलवार की रात को अज्ञात चोरों ने ताला तोडकर जरुरी कागज और 10 रेगूलेटर और चांदी का सिक्का चोरी कर ले गये। सुबह एजेंसी मालिक को शटर का ताला टूटा मिला तो पुलिस को सूचना दी। भईया जी गैस एजेन्सी के प्रबंधक रुचिर शुक्ला ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह जब बुधवार की सुबह एजेंसी पर पहुंचे तो दुकान के शटर का ताला टूटा पड़ा है और सामान बिखरा हुआ है। दुकान से 10 रेगूलेटर एक चांदी का सिक्का, जरुरी कागज के साथ सीसीटीवी का डीवीआर गायब था। कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया की प्रार्थना पत्र मिला है घटना संदिग्ध लग रही है जांच की जा रही है।

कागज चेक करने के लिए वाहन न रोकें पुलिसकर्मी

मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद डीजीपी के निर्देश, हेलमेट व सीट बेल्ट न लगाने वालों का केवल डीएल करें चेक, आदेश नहीं मानने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ की जाएगी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

वाहन चेकिंग के दौरान वसूली की बढ़ती शिकायतों के बाद आखिरकार डीजीपी राजीव कृष्ण को पुलिसकर्मियों की हदें तय करनी पड़ीं। डीजीपी ने निर्देश दिया है कि पुलिसकर्मी कागज चेक करने के लिए वाहन नहीं रोकेंगे। पुलिसकर्मी हेलमेट व सीट बेल्ट न लगाने वाले तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के सिर्फ डीएल चेक करेंगे। डीजीपी ने सभी एसएसपी/एसपी को इन निर्देशों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो दिन पूर्व संभी एडीजी जोन के साथ हुई बैठक में कानून-व्यवस्था को लेकर गहन चर्चा की थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने चेकिंग के नाम पर लोगों को रोककर उनका उत्पीड़न किए जाने की बढ़ती शिकायतों पर कड़ी नाराजगी जताई थी। ऐसा करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश भी दिये थे। दरअसल, वाहन चेकिंग के दौरान प्रदूषण, आरसी (पंजीकरण प्रमाणपत्र) व बीमा जैसे कागज चेक करने के नाम पर पुलिसकर्मियों द्वारा वसूली की।

एक्ट में जुर्माने की राशि बढ़ाए जाने के बाद पुलिसकर्मियों के भारी जुर्माने का हवाला देकर वाहन चालकों का उत्पीड़न करने के कई मामले भी सामने आये। ऐसी बढ़ती शिकायतों पर डीजीपी ने अधीनस्थों के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं।

एम-परिवहन एप पर मौजूद दस्तावेज भी मान्य

डीजीपी ने कहा है कि पुलिसकर्मी चेकिंग के दौरान डिजिटल लॉकर अथवा एम-परिवहन एप पर उपलब्ध वाहनों के अभिलेखों को वैध मानें। यह भी निर्देश दिया है कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ समान, निष्पक्ष व पारदर्शी कार्रवाई की जाये। वसूली या उत्पीड़न की शिकायत मिलने पर दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कन्नौज में यूनिटी मार्च आज

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

कल सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिले में भव्य यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण होंगे वही कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया सहित पार्टी हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे ।यूनिटी मार्च का शुभारंभ निर्माणाधीन रोमा स्मारक से10-30 बजे होगा, जो शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों से होते हुए बोर्डिंग ग्राउंड में समापन होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने नगर के नागरिकों से बड़ी संख्या में इस मार्च में भाग लेने की अपील की है।

दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में आवेदन की तारीख बढ़ी

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-2025 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत कक्षा 11 व 12 को छोड़कर वंचित सभी वर्गों के छात्रों के लिये संशोधित समय सारिणी निर्गत की गई हैं

उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा मास्टर डाटा लॉक करने की तिथि 20 से 26 नवम्बर 2025 तक, विश्वविद्यालय/ एफिलिएटिंग एजेन्सी द्वारा फीस आदि का सत्यापन करने की तिथि 01 दिसम्बर 2025 तक, जिला समाज कल्या अधिकारी द्वारा फीस आदि का सत्यापन 04 दिसम्बर तक किया जायेगा। छात्र/ छात्राओं द्वारा पंजीकरण एवं ऑनलाइन आवेदन की तिथि 20 से 26 नवम्बर 2025 तक, छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन का फाइनल प्रिन्ट संस्थान में जमा करने की तिथि 29 नवम्बर 2025 तक, शिक्षण संस्थान में आवेदन पत्र को ऑनलाइन को सत्यापन करने की तिथि 03 दिसम्बर 2025 तक, विश्वविद्यालय/ एफिलिएटिंग एजेन्सी द्वारा वास्तविक छात्रों का सत्यापन तथा अपात्र छात्रां, पाठ्यक्रम व संस्था को ब्लाक करने की तिथि 04 से 09 दिसम्बर 2025 तक, त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों को छात्र/छात्राओं द्वारा सही करने की तिथि 11 से 18 दिसम्बर 2025 तक, छात्र/ छात्राओं द्वारा सही आवेदन पत्र को जमा करना तथा संस्थान द्वारा पुनः सत्यापित करने की तिथि 16 से 20 दिसम्बर 2025 तक, जनपदीय समिति द्वारा डाटा लॉक किया जाना 16 दिसम्बर 2025 से 05 जनवरी 2026 तक, छात्र/छात्राओं के खातों में पी0एम0एफ0एस0 के माध्यम से धनराशि अन्तरण किये जाने की तिथि 12 जनवरी 2026 तक किया जायेगा।

कौमी एकता सप्ताह आयोजन और किसान सम्मान निधि वितरण समारोह सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

विकास भवन स्थित हर्ष वर्धन सभागार में आज कौमी एकता दिवस (19 नवम्बर से 25 नवम्बर तक राष्ट्रीय अखंडता सप्ताह) एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किश्त के हस्तांतरण कार्यक्रम का शुभारम्भ उत्साहपूर्ण एवं गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्व सांसद भाजपा सुब्रत पाठक, विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत तथा जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की विशिष्ट उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान कोयम्बटूर, तमिलनाडु से प्रधानमंत्री द्वारा पी.एम. किसान योजना की 21वीं किश्त के राष्ट्रीय स्तर पर किए गए हस्तांतरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा और सुना गया। इस अवसर पर सरसों मिनीकिट के लिए चयनित 12 कृषकों को निःशुल्क मिनीकिट एवं 06 कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण भी किया गया। सभी अतिथियों ने राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द तथा किसान कल्याण पर अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि कौमी एकता दिवस देश की अखंडता, भाईचारे और पारस्परिक सम्मान का संदेश देने वाला प्रेरणादायी अवसर है। उन्होंने पीएम किसान योजना को किसानों को आर्थिक सशक्तिकरण प्रदान करने वाली ऐतिहासिक पहल बताया। विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत ने विविधता में एकता की भारतीय भावना को राष्ट्रीय अखंडता सप्ताह का मूल आधार बताते हुए कहा कि किसान हितैषी योजनाएँ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने सभी को कौमी एकता दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह सप्ताह सामाजिक समरसता, सहयोग और सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि जनपद के पात्र किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त का भुगतान पूर्ण पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया गया है। उप कृषि निदेशक संतोष कुमार ने अवगत कराया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त के अंतर्गत जनपद कन्नौज के 2,17,570 कृषकों के बैंक खातों में कुल 43 करोड़ 51 लाख 40 हजार रुपये की धनराशि हस्तांतरित की गई है। कार्यक्रम में पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, पूर्व पार्टी जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, जिला कृषि अधिकारी सन्तलाल गुप्ता, भूमि संरक्षण अधिकारी आर.के. वर्मा, जिला उद्यान अधिकारी सी.पी. अवस्थी सहित लगभग 150 किसानों एवं स्वयं सहायता समूह की सखियों ने प्रतिभाग किया।

हिंदू जागरण मंच द्वारा आरआर सिनेमा में 'द ताज स्टोरी' फिल्म का किया गया निशुल्क प्रसारण

जन एक्सप्रेस। हाथरस

हिंदू जागरण मंच द्वारा जनता के लिए आरआर सिनेमा माया टॉकिज में 'द ताज स्टोरी' फिल्म का कराया निशुल्क प्रसारण। हिंदू समाज के दावे को ऐतिहासिक तथ्यों के साथ बल प्रदान करने वाली फिल्म द ताज स्टोरी का आज दोपहर का शो आरआर सिनेमा हाथरस में हिंदू जागरण मंच द्वारा जनता के लिए निःशुल्क आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद अनूप प्रधान भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी विशिष्ट अतिथि द्वारा किया गया। हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं द्वारा अतिथियों का फूल माला दुपट्टा पहनाकर स्वागत व सम्मान किया गया। शो को देखने के लिए नगर के सैकड़ों की संख्या में गणमान्य नागरिक, व्यापारी, युवा, महिलाएं उत्साह के साथ द ताज स्टोरी फिल्म को देखने आये लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। दर्शकों में सभी को यह जानने की उत्सुकता थी कि ताजमहल का सत्य क्या है चूकिं इस फिल्म में बताया गया कि ताजमहल का निर्माण शाहजहां के शासनकाल से कई सौ वर्ष पहले हो चुका था। यदि ताजमहल की कार्बन डेटिंग की जाए तो शाहजहां के शासनकाल और ताजमहल के निर्माण के समय में सैकड़ो वर्ष का अंतर निकलेगा ताजमहल का सत्य अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे इस उद्देश्य से हिंदू जागरण हाथरस द्वारा द ताज स्टोरी फ़िल्म को जनता को निःशुल्क दिखाने का निर्णय लिया गया। हिंदू जागरण मंच के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख अभिषेक रंजन आर्य ने आरोप लगाया कि हमारे इतिहास के साथ वामपंथी इतिहासकारों और पहले पांच मुस्लिम शिक्षा मंत्रियों ने छेड़छाड़ की है भारत के गौरवशाली इतिहास को बदलने का कार्य किया है। हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक संदीप शर्मा ने कहा की हिंदू जागरण मंच आगे भी भारत के गौरवशाली इतिहास पर बनी फिल्मों को जागरूकता के उद्देश्य से जनता को निःशुल्क दिखाने का कार्य करेगा। द ताज स्टोरी शो के दौरान जनता ने भारत माता की जय वंदे मातरम के गगनभेदी नारे लगाए। इस अवसर पर रमन बिहारी शर्मा, शिवम शर्मा, मदन गोपाल वार्ष्णेय, सचिन अग्रवाल, संध्या आर्य, अभिषेक अग्रवाल, राजू पाथरे, यवन चौहान, लोकेश अग्रवाल, रवि वार्ष्णेय, मोरमुकुट वर्मा, दुर्गेश वार्ष्णेय, मीनाक्षी निषाद, डॉ रेखा आर्य, धर्मेंद्र सिंह, भीकम सिंह चौहान, योगेश वार्ष्णेय, रूपकिशोर जीके, विशाल पाथरे, सुनील चौहान, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

एक्सप्रेस खबरें...

मरम्मतीकरण के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज। अजगैन विद्युत उपकेंद्र के दो फीडरों की 11000 लाइन की मरम्मत के चलते गुरुवार को सप्लाई बाधित रहेगी। मरम्मतीकरण कार्य सुबह 10-00 बजे से शाम 5-00 बजे तक प्रस्तावित है। अजगैन विद्युत उपखंड अधिकारी रुद्र प्रताप ने बताया की उपकेंद्र के दो फीडर रायपुर खड़ी और नवई की लाइनों पर गुरुवार को मरमतीकरण कार्य प्रस्तावित है। जिसके चलते रायपुर गढ़ी और नवई फीडर की सुबह 10-00 बजे से शाम शाम 5-00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से आकस्मिक कार्य के लिए व्यवस्था करने की अपील की है।

खेल-खेल में बच्चे ने पिया तारपीन का तेल, उपचार जारी

जन एक्सप्रेस। हाथरस। खेल -खेल बच्चे ने पिया तारपीन का तेल। शादी विवाह के हसीं खुशी के माहौल में कब कोई परेशानी खड़ी हो जाए मालूम नहीं पड़ता। आज एक हादसा हुआ जब सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अय्यापुर में उदयवीर अपनी पत्नी और बच्चों के साथ शादी के चलते एक रिश्तेदारी में आए हुए थे। परिवार में शादी की तैयारियां चल रही थीं और घर की पुताई का काम भी हो रहा था। इसी दौरान उदयवीर के तीन वर्षीय बेटे अनुज ने खेलते-खेलते वहां रखी एक बोतल से तारपीन का तेल पी लिया। तेल पीने के तुरंत बाद बच्चे को तेज उल्टियां होने लगीं और वह बेहोशी छाने लगी। बच्चे की बिगड़ती हालत देखकर परिवार के लोग घबरा गए और आनन-फानन में परिजन बच्चे को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने बच्चे को भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया। यह घटना डॉक्टरों के अनुसार,बच्चे की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। डॉक्टरों द्वारा बच्चे को जल्द स्वास्थ्य लाभ देने का प्रयास जारी है।

100 ग्राम स्मैक के साथ दो आरोपी दबोचे

जन एक्सप्रेस। शाहजहांपुर

जैतीपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सिउरा मोड़ तिराहा पर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर पीछे मुड़कर भागे कटरा के मोहल्ला मुगलान निवासी इरशाद और सोहेल को पकड़ा। तलाशी लेने पर दोनों के पास से 100 ग्राम स्मैक बरामद की गई। सोहेल के पास से 70 और इरशाद के पास से 30 ग्राम स्मैक मिली है। पुलिस की पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि वे लोग स्मैक अपने मोहल्ले के रहने वाले अकील से लेकर आए थे। उन्हें थोड़ा-थोड़ा कर माल को दूसरी जगह पहुंचाने का रुपया मिलता था। उप-निरीक्षक इतेश तोमर ने बताया कि जल्द ही अकील भी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

सहायक अनुभाग अधिकारियों ने ग्रामीण विकास का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। केन्द्रीय सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान द्वारा 6 दिवसीय विलेज अटैचमेंट कार्यक्रम 17 से 22 नवंबर 2025 तक चलाया जा रहा है।

जिसके अंतर्गत बुधवार को 70 सहायक अनुभाग अधिकारी नवाबगंज विकासखंड पहुंचे। जहां उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर चल रही विभिन्न योजनाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

लखनऊ के दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में सत्र प्रभारी डॉ. राजकिशोर यादव के नेतृत्व में सहायक अनुभाग अधिकारियों की टीम ने नवाबगंज सीएचसी का निरीक्षण किया।

जहां अधीक्षक डॉ राजेश कुमार ने स्वास्थ्य केंद्र की स्त्रीरोग, प्रसूति, टीकाकरण, बाल रोग, पैथोलॉजी और आकस्मिक सेवाओं आदि की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने ओपीडी, महिला वार्ड, लेबर रूम और आपातकालीन आदि विभागों का गहन अवलोकन किया।

इसके बाद टीम मलांव ग्रामसभा पहुँची, जहाँ उन्होंने स्थानीय ओपन जिम, मॉडल तालाब, पौधरोपण और प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया।

स्कूल के बच्चों को फल और बिस्किट वितरित किए गए। सत्र प्रभारी ने कहा कि इस भ्रमण का उद्देश्य अधिकारियों को ग्रामीण इलाकों की वास्तविक समस्याओं, विकास कार्यों और योजनाओं की प्रभावशीलता से परिचित कराना था।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी

जन एक्सप्रेस। हाथरस

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी किए जाने का संजीव प्रसारण जिलाधिकारी कार्यालय में बने कलेक्ट्रेट सभागार में आज जनपद के दर्जनों किसानों को दिखाया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र सहित अन्य अधिकारी आदि उपस्थित रहे। लाइव प्रसारण के कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, जारी की गई । वहीं 21वीं किस्त तथा इसके लाभों के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी पी0एन0 दीक्षित ने किसानों को सौर ऊर्जा अपनाने, जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा मोटे अनाज (मिलेट्स) की खेती करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के कम उपयोग एवं जैविक कृषि पद्धतियों को अपनाने पर विशेष बल दिया साथ ही फैमिली आईडी बनाने तथा इसके विभिन्न लाभों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में उप कृषि निदेशक ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कृषकों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल समापन की घोषणा की।

'लोकतंत्र के लिए खतरा'

राहुल गांधी और कांग्रेस पर बरसे देश के पूर्व जज-नौकरशाह, ईसी की छवि खराब करने का आरोप

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश के 272 प्रतिष्ठित नागरिक, जिसमें 16 पूर्व जज, 123 रिटायर्ड नौकरशाह (14 पूर्व राजदूत समेत) और 133 सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी शामिल हैं, ने एक खुला पत्र जारी करके विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया है। इन हस्तियों ने कहा कि भारत का लोकतंत्र किसी हथियार से नहीं, बल्कि जहरीली बयानबाजी से हमला झेल रहा है।

'राहुल गांधी ने एक दुर्भावनापूर्ण अभियान चलाया'

इस मामले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद ने कहा, हम अपने देशवासियों को यह बताना चाहते हैं कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने भारतीय सेना और फिर सर्वोच्च न्यायालय की निष्पक्षता पर भी हमला किया। अगर चुनाव आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए एसआईआर कर रहा है, तो वह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए है। जिन लोगों ने धोखाधड़ी से वोटिंग कार्ड का दुरुपयोग किया है, उन्हें भारत में चुनाव में वोट देने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। एक बांग्लादेशी या रोहिंग्या को भारत में चुनाव में वोट क्यों देना चाहिए? राहुल गांधी ने चुनाव आयोग को निशाना बनाकर एक दुर्भावनापूर्ण अभियान चलाया। उन्हें एक रचनात्मक भूमिका निभानी चाहिए। जब आप (कांग्रेस) 60 साल तक सत्ता में थे, तब बूथ कैप्चरिंग और पुनर्मतदान होता था... राहुल गांधी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने वाले चुनाव आयोग के बारे में क्यों रो रहे हैं? उन्हें अपना अतीत देखना चाहिए।

बेबुनियाद हमले कर रहे हैं राहुल गांधी: ढींगरा

वहीं इस मामले में पूर्व न्यायमूर्ति एसएन ढींगरा ने कहा, पिछले कुछ समय से, विपक्ष के नेता (लोकसभा सांसद राहुल गांधी) नियमित रूप से भारत के चुनाव आयोग पर बेबुनियाद हमले कर रहे हैं। वह एसआईआर के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। केवल एक नासमझ व्यक्ति ही एसआईआर के खिलाफ विरोध कर सकता है। केवल आतंकवादी ही ऐसी भाषा का इस्तेमाल करते हैं जिसमें वे बम जैसे शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। हमें संवैधानिक पदों पर आसीन लोगों के ऐसे व्यवहार को न तो माफ करना चाहिए और न ही बर्दाश्त करना चाहिए।

अपने आरोपों में संयम बरतें: विक्रम सिंह

उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह ने इस मामले में कहा, मैं हाइड्रोजन बम और परमाणु बम निर्यात करने की बात कहने पर कड़ी आपत्ति जताता हूं। हमें अपनी न्यायपालिका, चुनाव आयोग और कार्यपालिका पर पूरा भरोसा है। चुनाव आयोग की ईमानदारी पर सवाल उठाना और यह कहना कि सेवानिवृत्ति के बाद भी उन पर कार्रवाई की जाएगी, बेहद गलत है और विपक्ष के नेता को ऐसी बातें कहने का कोई अधिकार नहीं है। न केवल देश, बल्कि हम सभी एकजुट हैं, हमने इस पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। कृपया अपने आरोपों में संयम बरतें क्योंकि उनमें कोई दम या तथ्य नहीं है।

ईसीआई पर हमले को बताया 'षड्यंत्रकारी'

इस पत्र में आरोप लगाया गया है कि सैन्य बलों, न्यायपालिका और संसद पर सवाल उठाने के बाद अब चुनाव आयोग को निशाना बनाया जा रहा है। वरिष्ठ नागरिकों ने लिखा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बार-बार चुनाव आयोग पर वोट चोरी में शामिल होने का आरोप लगाया, परमाणु बम जैसी भाषा इस्तेमाल की और यहां तक कहा कि आयोग देशद्रोह कर रहा है।

'चुनावी हार की हताशा से उपजा क्रोध'

बिना सबूत के लगाए जाने वाले आरोप एक क्रोध का रूप हैं, ऐसा गुस्सा जो बार-बार चुनावी हार और जनता से दूरी के कारण पैदा हुआ है। पत्र में आगे कहा गया है कि कुछ राजनीतिक दल विश्लेषण की जगह नाटकीयता को चुन रहे हैं और सार्वजनिक सेवा की जगह राजनीतिक तमाशा कर रहे हैं।

आरोपों में 'चुनिंदा गुस्सा', जब जीत मिले तो चुप्पी

देश की इन हस्तियों ने लिखा कि जब किसी विपक्ष शासित राज्य में चुनाव आयोग के परिणाम विपक्ष के अनुकूल होते हैं, तब उसकी आलोचना गायब हो जाती है। लेकिन जब परिणाम उनके खिलाफ आते हैं, तब आयोग को हर कहानी का खलनायक बना दिया जाता है।

संस्थाओं की परंपरा और उनकी विरासत

इस खुले पत्र में टीएन शेषन और एन गोपालस्वामी जैसे पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों का उल्लेख करते हुए कहा गया कि उन्होंने लोकप्रियता या सुर्खियों के बजाय निष्पक्षता और कड़ाई से नियमों का पालन कराया। वरिष्ठ नागरिकों का कहना है कि भारत की संस्थाओं को राजनीतिक हमलों का निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए, यही परंपरा देश को मजबूत बनाती है।

चुनाव आयोग से पारदर्शिता जारी रखने की अपील

वरिष्ठ नागरिकों ने चुनाव आयोग से कहा कि वह पारदर्शिता बनाए रखे, सभी आंकड़े सार्वजनिक करे और आवश्यक होने पर कानूनी तरीकों से अपना बचाव करे। इसके साथ ही राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे बिना सबूत वाले आरोपों की जगह नीतिगत विकल्प और देश के लिए ठोस दृष्टि पेश करें।

'लोकतंत्र मजबूत है, लोग समझदार हैं'

वहीं इस पत्र के आखिरी में देश की वरिष्ठ हस्तियों ने भारतीय सेना, न्यायपालिका, कार्यपालिका और विशेष रूप से चुनाव आयोग पर अपना अटूट विश्वास जताया। उन्होंने यह भी कहा कि भारत का लोकतंत्र मजबूत है और अब समय आ गया है कि राजनीति नाटकीयता नहीं, बल्कि सत्य, विचार और सेवा के आधार पर आगे बढ़े।

पुट्टपर्थी में सत्य साईं के शताब्दी समारोह में शामिल हुए पीएम, नायडू ने किया सम्मान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंध्र प्रदेश के दौरे पर हैं, जहां पुट्टपर्थी में सीएम चंद्रबाबू नायडू और डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने उनका स्वागत किया है। वहीं पीएम मोदी का एयरपोर्ट पर स्वागत करते हुए सीएम चंद्रबाबू नायडू ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का पुट्टपर्थी में भगवान श्री सत्य साईं बाबा के शताब्दी समारोह में शामिल होने पर स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। मैं इस पवित्र स्थान की दिव्यता में डूबने और इस क्षेत्र व मानवता के लिए भगवान के अपार योगदान को याद करने के लिए उत्सुक हूं। बता दें कि, पीएम मोदी ने इसके बाद पुट्टपर्थी में श्री सत्य साईं बाबा के पवित्र मंदिर और महासमाधि पर पूजा-अर्चना की।

जन्म शताब्दी समारोह में शामिल हुए प्रधानमंत्री

पुट्टपर्थी में श्री सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी समारोह में भाग लेने के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने अभिनंदन किया। इस दौरान पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन, केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु और जी किशन रेड्डी भी मौजूद थे।

आंध्र प्रदेश में सुकन्या समृद्धि योजना लॉन्च

आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी में पीएम नरेंद्र मोदी ने सुकन्या समृद्धि योजना लॉन्च की। बता दें कि पीएम मोदी यहां पर सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी समारोह में शिरकत करने के लिए पहुंचे हैं, इस दौरान सीएम एन चंद्रबाबू नायडू भी उनके साथ मौजूद रहे। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा- भारत सरकार ने 10 साल पहले बेटियों की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए, उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि योजना शुरू की थी। ये देश की उन योजनाओं में से एक है, जिसमें 8.2 प्रतिशत का सबसे ज्यादा ब्याज हमारी बेटियों को मिलता है। अब तक देश की 4 करोड़ से ज्यादा बेटियों के खाते सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत खोले जा चुके हैं। अब तक इन बैंक खातों में सवा 3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि जमा कराई जा चुकी है।

'सत्य साई बाबा की सेवा भावना करोड़ों लोगों को कर रही मार्गदर्शन'

वहीं इस दौरान समारोह को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा- श्री सत्य साई बाबा का यह जन्मशताब्दी वर्ष हमारी पीढ़ी के लिए सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि एक दिव्य वरदान है। आज भले ही वें हमारे बीच दैहिक स्वरूप में नहीं हैं, लेकिन उनकी शिक्षा, उनका प्रेम, उनकी सेवा भावना आज भी करोड़ों लोगों का मार्गदर्शन कर रही हैं। श्री सत्य साईं बाबा का संदेश केवल पुस्तकों, प्रवचनों और आश्रमों की सीमाओं में नहीं रहा है। उनकी शिक्षा का प्रभाव लोगों के बीच दिखता है। आज भारत के शहरों से लेकर छोटे गांवों तक, स्कूलों से लेकर आदिवासी बस्तियों तक, संस्कृति, शिक्षा और चिकित्सा सेवा का एक अद्भुत प्रवाह दिखाई देता है। बाबा के करोड़ों अनुयायी बिना किसी स्वार्थ के इस काम में लगे हैं। मानवसेवा ही माधव सेवा है, ये बाबा के अनुयायियों के सबसे बड़ा आदर्श है।

स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी

इस अवसर पर, पीएम मोदी ने सत्य साईं बाबा के जीवन, शिक्षाओं और चिरस्थायी विरासत को सम्मानित करते हुए एक स्मारक सिक्का और डाक टिकटों का एक सेट भी जारी किया।

अनमोल बिश्नोई को एनआईए ने गिरफ्तार किया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई और उसके करीबी अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से लौटने के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि अनमोल को अमेरिका ने मंगलवार को भारत डिपोर्ट कर दिया था। इसके बाद दिल्ली पहुंचते ही एनआईए ने उसे पकड़ लिया। अनमोल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में आरोपी है। उसके खिलाफ कई राज्यों में गंभीर अपराध के मामले दर्ज हैं। एनआईए द्वारा इस मामले की जांच के बाद, जिसमें यह स्थापित हुआ कि अनमोल ने 2020-2023 की अवधि के दौरान देश में विभिन्न आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने में नामित आतंकवादी गोल्डी बरार और लॉरेंस बिश्नोई की सक्रिय रूप से सहायता की थी, मार्च 2023 में एनआईए ने अनमोल के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। बिश्नोई गिरोह के विभिन्न सहयोगियों के साथ मिलकर काम करते हुए अनमोल ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के लिए अमेरिका से आतंकवादी सिंडिकेट चलाना और आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देना जारी रखा। इसके लिए उसने जमीनी स्तर पर उसके गुर्गों का इस्तेमाल किया। जांच से पता चला है कि अनमोल बिश्नोई ने गिरोह के शूटरों और जमीनी गुर्गों को आश्रय और रसद सहायता प्रदान की थी। वह अन्य गैंगस्टरों की मदद से विदेशी धरती से भारत में जबरन वसूली में भी शामिल था। एनआईए, आतंकवादियों, गैंगस्टरों और हथियार तस्करों के बीच गठजोड़, जिसमें उनका बुनियादी ढांचा और धन स्रोत शामिल हैं, को नष्ट करने के अपने प्रयासों के तहत, आरसी 39/2022/एनआईए/डीएलआई (लॉरेंस बिश्नोई के नेतृत्व में आतंकवादी-गैंगस्टर षड्यंत्र मामला) मामले की जांच जारी रखे हुए है।

जीशान सिद्दीकी को भी भेजा गया मेल

मृतक नेता बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी को भी अमेरिकी अधिकारियों की ओर से ईमेल मिला है। ईमेल में उन्हें बताया गया कि अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से डिपोर्ट कर दिया गया है। जीशान ने कहा कि वह यह नहीं जानते कि इसे किस अर्थ में लिया जाए, लेकिन यह स्पष्ट है कि अनमोल को अब भारत भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि उनका ईमेल पीड़ित परिवार होने के नाते अमेरिकी अधिकारियों के पास पंजीकृत है, ताकि उन्हें हर अपडेट दिया जा सके।

इस दिन हुई थी हत्या

नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के नेता बाबा सिद्दीकी की 12 अक्तूबर 2024 को मुंबई के बांद्रा स्थित कार्यालय के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मुंबई पुलिस इस मामले में अब तक 26 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। चार्जशीट में अनमोल को 'मुख्य साजिशकर्ता' बताया गया है और उसे वांछित आरोपियों की सूची में रखा गया है। पुलिस के अनुसार कई गिरफ्तार आरोपियों के फोन से मिले वॉइस क्लिप्स की जांच करने पर उनकी आवाज अनमोल की रिकॉर्डिंग से मेल खाती पाई गई थी।

अनमोल ने विदेश में रहते हुए हत्या की योजना को दिशा दी

जांच में यह सामने आया था कि अनमोल ने विदेश में रहते हुए हत्या की योजना को दिशा दी। बरामद ऑडियो क्लिप्स में वह कथित तौर पर अपने सहयोगियों को हत्या करने के निर्देश देता सुना गया है। जांच एजेंसियों का मानना है कि उसने विदेश से ही घटनाक्रम को नियंत्रित किया और पूरी साजिश को अंजाम दिलाया। इन प्रमाणों को पुलिस ने चार्जशीट में शामिल किया है।

प्रदूषण के बीच निर्माण कार्य रुकने से बेरोजगार हुए मजदूरों को मिले गुजारा भत्ता, सुप्रीम कोर्ट का आदेश

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत के कई राज्यों में वायु प्रदूषण के बढ़ते प्रकोप के चलते राज्य सरकारों ने इसे रोकने के लिए कई तरह के प्रतिबंधों का एलान किया है। इनमें एक प्रतिबंध ग्रेडेड एक्शन रिस्पॉन्स प्रोटोकॉल (ग्रैप) के लेवल 3 के तहत लगाया गया है। इसके चलते खराब वायु गुणवत्ता झेल रहे राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में निर्माण कार्यों पर भी रोक लगी है। इस स्थिति में लाखों की संख्या में मजदूरों से उनका रोजगार छिन गया है। अब सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दखल देते हुए ग्रैप-4 लागू करने वाली राज्य सरकारों को निर्देश दिया है कि ऐसे मजदूरों को गुजारा भत्ता दिलाया जाए। सुप्रीम कोर्ट की चीफ जस्टिस बीआर गवई के नेतृत्व वाली बेंच ने कहा कि दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में ग्रैप-3 लागू है और इन सरकारों को मजदूरों को निर्वाह भत्ता देने के लिए कहा गया है। साथ ही इन्हें वायु प्रदूषण कम करने के लिए कदम उठाने और इन कदमों की लगातार समीक्षा करने का भी आदेश दिया गया है।

एसआईआर अभियानों के बीच अवैध बांग्लादेशियों का सीमा पार कर लौटना जारी, बीएसएफ का दावा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

भारत की सीमाओं की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने कहा है दक्षिण बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पार करने की कोशिश कर रहे अवैध बांग्लादेशी नागरिकों की संख्या हाल ही के हफ्तों में तेजी से बढ़ी है। बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, यह बढ़ोतरी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान से जुड़ा दिख रहा है। बीएसएफ अधिकारियों के मुताबिक, उत्तर 24 परगना और मालदा जिले के बिना बाड़ वाले इलाकों से अपने देश लौटने की कोशिश कर रहे बिना दस्तावेज वाले बांग्लादेशी नागरिकों का लौटना पिछले दो वर्षों की तुलना में कई गुना बढ़ता दिखा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया कि पहले ऐसे मामलों की गिनती रोजाना दहाई आंकड़ों तक भी मुश्किल से पहुंचती थी। हालांकि, अब रोज के आंकड़े लगातार तीन अंकों में हैं उन्होंने बताया कि कुछ रिपोर्ट्स में लगभग 500 रोजाना ऐसे मामलों की बात कही गई है, लेकिन वास्तविक तौर पर यह थोड़ी कम है। लगभग 100, 150 या उससे कुछ ज्यादा। उन्होंने कहा, कहा जा सकता है कि आंकड़ा तीन अंकों में है।

बीएसएफ पर बढ़ा दबाव

अवैध बांग्लादेशियों के अचानक सीमा पार कर लौटने की घटनाएं सामने आने की वजह से बीएसएफ और राज्य पुलिस पर दबाव बढ़ गया है। दरअसल, हर पकड़े गए व्यक्ति की बायोमेट्रिक जांच, पूछताछ और दोनों देशों के रिकॉर्ड के आधार पर आपराधिक पृष्ठभूमि की जांच करनी होती है। अधिकारी ने कहा, ÷हम यह नहीं मान सकते कि अवैध रूप से पार करने वाला हर व्यक्ति केवल मजदूर है। वह यहां अपराध करके भाग रहा हो सकता है या कोई कट्टरपंथी या आतंकी तत्व भी हो सकता है। बता दें कि बायोमेट्रिक विवरण डेटा रिपॉजिटरी से मिलाए जाते हैं और किसी भी रेड फ्लैग पर पुलिस को दखल देना होता है। एक और अधिकारी ने बताया, अगर कोई आपराधिक पहलू सामने आता है तो उन्हें राज्य पुलिस को सौंप दिया जाता है। लेकिन अगर वे केवल बिना दस्तावेज के रहने वाले नागरिक हैं जो अब वापस लौटना चाहते हैं, तो हम बीजीबी (बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश) से संपर्क कर प्रक्रिया पूरी करते हैं। बीजीबी सहमत होती है तो उन्हें औपचारिक रूप से वापस भेजा जाता है, वर्ना अलग प्रक्रिया अपनाई जाती है।

एसआईआर के बाद से दिखने लगी बढ़ी संख्या

उन्होंने बताया कि भारी संख्या के कारण व्यावहारिक चुनौतियां पैदा हो रही हैं। हजारों लोगों को लंबे समय तक रोक कर रखना मुमकिन नहीं है। अगर जांच में कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिलता, तो बीजीबी के साथ समन्वय कर उन्हें वापस भेजना ही सबसे ठीक विकल्प है। इसे लेकर ज्यादा अनुमान बताने वाली मीडिया रिपोर्ट्स पर उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर के आकलन अक्सर अनौपचारिक सूचनाओं पर आधारित होते हैं और बढ़ा-चढ़ाकर बताए जाते हैं। उन्होंने कहा, संख्या बड़ी है, लेकिन 500 जितनी नहीं। हां, तीन अंकों में स्थिर है।

दूसरे दिन भी सुरक्षाबलों की कार्रवाई जारी, सात माओवादी मारे गए, 50 से ज्यादा गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अमरावती

आंध्र प्रदेश में खूंखार माओवादी माड़वी हिड़मा के मारे जाने के एक दिन बार भी सुरक्षाबलों की कार्रवाई जी है। बताया गया है कि राज्य के मारेदुमिल्ली इलाके में हुई मुठभेड़ में सात माओवादी मार गिराए गए। आंध्र प्रदेश खुफिया विभाग के एडीजी महेश चंद्र लड्ढा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि जिन माओवादियों की जान गई है, उनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। सभी की पहचान की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, मारा गया एक माओवादी मेतुरी जोखा राव उर्फ टेक शंकर था। वह श्रीकाकुलम का रहने वाला था और आंध्र-ओडिशा बॉर्डर के लिए जिम्मेदारी देख रहा था। वह तकनीकी मामलों का जानकार था। साथ ही हथियारों, संचार से जुड़ी चीजों पर भी उसकी अच्छी पकड़ थी।

आज मणिपुर पहुंचेंगे आरएसएस प्रमुख भागवत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंफाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत आज मणिपुर पहुंचने वाले हैं। 2023 में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से यह उनका पहला राज्य दौरा है। संगठन के एक पदाधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। आरएसएस के राज्य महासचिव तरुण कुमार शर्मा ने पीटीआई को बताया, भागवत अपनी तीन दिन की यात्रा के दौरान नागरिकों, उद्यमियों और जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे। शर्मा ने कहा, हमारे सरसंघचालक की यह यात्रा आरएसएस की शताब्दी समारोह से जुड़ी हुई है। वह 20 नवंबर को गुवाहाटी से आएंगे और 22 नवंबर को रवाना होंगे। एक अन्य संघ पदाधिकारी ने कहा कि दो साल पहले हिंसा भड़कने के बाद यह भागवत की पहली यात्रा होगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने आखिरी बार 2022 में मणिपुर का दौरा किया था। शर्मा ने बताया कि यात्रा के दौरान प्रमुख नागरिकों, जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों और युवा नेताओं के साथ अलग-अलग बातचीत के सत्र आयोजित किए जाएंगे। शर्मा ने कहा, आगमन के दिन वह इंफाल के कोन्जेंग लाइकाई में उद्यमियों और अन्य प्रमुख लोगों से मुलाकात करेंगे। 21 नवंबर को भागवत मणिपुर की पहाड़ियों के जनजातीय नेताओं से मुलाकात और बातचीत करेंगे। जब पूछा गया कि क्या आरएसएस प्रमुख उन राहत शिविरों का दौरा करेंगे, जहां पिछले दो साल से विस्थापित लोग रह रहे हैं, तो शर्मा ने कहा, अभी तक यह कार्यक्रम में शामिल नहीं है। यह यात्रा मुख्य रूप से संगठन के अंदरूनी कार्यक्रम का हिस्सा है। मई 2023 से मणिपुर में मेतेई और कुकी-जो समूहों के बीच जातीय हिंसा में 260 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और हजारों लोग बेघर हुए हैं। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफा देने के बाद केंद्र ने मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया था। राज्य विधानसभा को निलंबित कर दिया गया है, जिसकी अवधि 2027 तक थी।

मधुबन बापूधाम योजना में सौ करोड़ की लागत से होगा व्यापक विकास

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने मधुबन बापूधाम योजना को नया आयाम देने का फैसला किया है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल की अध्यक्षता में योजना के प्रस्तावित विकास कार्यों का अंतिम प्लान तैयार कर लिया गया है। उपाध्यक्ष के निर्देशानुसार प्राधिकरण सचिव राजेश कुमार सिंह तथा अभियंत्रण अनुभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने योजना क्षेत्र का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया और विकास कार्यों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया। लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से इस योजना में व्यापक अधोसंरचना विकास किया जाएगा। इसमें चौड़ी सड़कें, आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम, पेयजल लाइनें, स्ट्रीट लाइटिंग, पार्क एवं सामुदायिक सुविधाओं का निर्माण शामिल है। ये सभी कार्य शीघ्र ही शुरू कर दिए जाएंगे, जिससे योजना क्षेत्र पूरी तरह आवासीय एवं व्यावसायिक उपयोग के लिए तैयार हो जाएगा। लगभग 800 एकड़ में फैली इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत अब तक की सबसे बड़ी बाधा दूर हो गई है। विकास कार्यों के पूरा होने के साथ ही किसानों को उनके हक का मुआवजा स्वरूप कुल 647 भूखंड आवंटित करने का रास्ता साफ हो गया है। प्राधिकरण ने भूखंड आवंटन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाते हुए लॉटरी ड्रॉ की तिथियां भी घोषित कर दी हैं। लॉटरी पूरी तरह कंप्यूटरीकृत एवं पारदर्शी प्रणाली से आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी पात्र किसानों एवं आवंटियों को समान अवसर मिलेगा। उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने कहा है कि मधुबन बापूधाम योजना गाजियाबाद के नियोजित शहरी विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। सौ करोड़ के विकास कार्यों से न केवल क्षेत्र का कायाकल्प होगा, बल्कि दशकों से प्रतीक्षा कर रहे किसानों को भी न्याय मिलेगा। मधुबन बापूधाम योजना के हजारों आवंटियों और प्रभावित किसानों के लिए यह घोषणा किसी दिवाली गिफ्ट से कम नहीं है। लंबे समय से रुके पड़े इस प्रोजेक्ट में अब तेजी आने की पूरी संभावना है और अगले कुछ महीनों में क्षेत्र में क्रेन एवं बुलडोजर की गूंज सुनाई देने लगेगी।

विशेष मतदाता पुनरीक्षण में जबरदस्त उदासीनता बीएलओ की लापरवाही से नागरिक त्रस्त

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

- सोसायटियों और बहुमंजली इमारतों में रहने वाले निवासियों की शिकायतें बढ़ी
- राजनीतिक दलों अथवा निजी लोगों को फॉर्म सुपुर्द कर कोरम हो रहा पूरा

प्रदेश स्तर पर विशेष मतदाता पुनरीक्षण का कार्यक्रम जमकर चलाने हेतु प्रशासनिक कवायद जारी है। लगातार बैठक और सख्त हिदायत जारी किया जा रहा है । पुनरीक्षण कार्यक्रम में लापरवाही करने वालों के खिलाफ एफआईआर तक करने निर्देश जारी हो रहे हैं।उसके बाद भी गाजियाबाद जनपद के ट्रांस हिंडन परिक्षेत्र में जनता की शिकायत लगातार बढ़ती जा रही है। बहुमंजिला इमारतोनौर सोसायटियों में बीएलओ की पहुंच कम होती जा रही है।एक ही परिवार में अलग अलग बीएलओ को फॉर्म मिले हैं । कोई विवाह शादी के नाम पर छुट्टियों के मिलने की बात कह रहा तो कोई अपने परिचित के माध्यम से फॉर्म भेजकर उन्हें देने की बात कह रहा है । ऐसा ही एक मामला सरस्वती कुंज सोसायटी के नागरिकों के साथ हो रहा है। अमेटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 1 वसुंधरा के मतदाताओं को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। बीएलओ से बात तो हो रही है लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ परिणाम नज़र नहीं आ रहा है । निजी लोगों को जिम्मेदारी देकर बीएलओ समाधान करने का दावा कर रहे हैं।

जिलाधिकारी के सख्त निर्देश लापरवाही अक्षम्य

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मादंड़ ने विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान में लापरवाही के खिलाफ कड़े निर्देश दे रखे हैं। जिसके असर भौतिक रूप से जमीन पर कम देखने को मिल रहा है । प्रशासनिक कवायद और मीटिंग तो लगातार हो रही हैं । उसका फायदा जनता को नहीं मिल रहा है। जिसके कारण विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान पर सवालिया निशान खड़ा होने लगा है। निजी लोगों और राजनीतिक दल के नेताओं द्वारा फॉर्म वितरण में शामिल होने से एक बार फिर उसकी सुचिता पर असर डाल सकता है। जिसके लिए प्रशासन को कड़े और प्रभावी कदम उठाने पड़ेंगे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने की जनता से अपील, एसआईआर में करें बीएलओ का सहयोग

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद। सौरभ भट्ट, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी गाजियाबाद ने अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गणना अवधि में बी.एल.ओ. द्वारा घर-घर भ्रमण कर निर्वाचकों को गणना प्रपत्र वितरित किये जा रहे हैं। भरे हुए गणना प्रपत्र निर्वाचकों से प्राप्त किये जा रहे हैं, जिसमें समस्त निर्वाचकों की भागीदारी एवं सहभागित अपेक्षित है। अत: जनपद गाजियाबाद के समस्त निर्वाचकों से अपेक्षा की जाती है कि घर-घर भ्रमण के दौरान भरे हुए गणना प्राप्त करने हेतु आने वाले बी.एल.ओ. को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराते हुए उक्त गणना प्रपत्र की पावती प्राप्त करना सुनिश्चित करें। भरे हुए गणना प्रपत्र के साथ किसी भी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है।